हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com भोपाल, मंगलवार 15 जुलाई 2025

## विशेष गहन पुनरीक्षण 2025

# क्या आप बिहार के मतदाता हैं?

## क्या आप अस्थाई रूप से राज्य से बाहर हैं?

भारत निर्वाचन आयोग Election Commission of India

**अगर आपके पास अभी मोबाइल फोन है, तो आप गणना प्रपत्र तुरंत भर सकते हैं।**




**ऑनलाइन गणना प्रपत्र आसानी से भरें।**

1. "Fill Enumeration Form Online" बटन पर क्लिक करें।
2. मोबाइल नंबर या ईपिक के माध्यम से OTP का प्रयोग कर लॉगिन करें।
3. स्क्रीन पर दिखाई देने वाले फॉर्म में अपनी विवरणी जैसे नाम, जन्मतिथि एवं अन्य जानकारी भरें।
4. एक सादे सफेद कागज़ पर अपने हस्ताक्षर या बाएं हाथ के अंगूठे का निशान बनाएं एवं मोबाइल से उसकी स्पष्ट फोटो खींचकर अपलोड करें।
5. घोषणा (Declaration) पढ़ें और बॉक्स में टिक करें।
6. Preview में सभी जानकारी जांच लें, फिर "Submit Enumeration Form......" बटन पर क्लिक करें।
7. गणना प्रपत्र सफलतापूर्वक जमा होने की सूचना SMS के माध्यम से मिल जाएगी।
8. उसके बाद, अपनी फोटो और दस्तावेज़ जमा करने के लिए दिए गए लिंक पर क्लिक करें।
9. आवश्यक दस्तावेजों की मोबाइल से फोटो लें और अपलोड करें।
10. आपकी फोटो और दस्तावेज़ भी सफलतापूर्वक जमा हो जाएंगे।

**कृपया QR Code Scan करें।**

https://voters.eci.gov.in/

### ऑफलाइन माध्यम

अस्थायी रूप से स्थानांतरित (माइग्रेटेड) मौजूदा मतदाता वेबसाइट https://voters.eci.gov.in से पूर्व-भरा हुआ गणना प्रपत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

ऐसे मतदाता गणना प्रपत्र को प्रिंट कर हस्ताक्षरित कर सकते हैं और 25 जुलाई 2025 से पहले अपने बीएलओ तक, अपने पारिवारिक सदस्यों के माध्यम से या किसी भी ऑनलाइन माध्यम (जैसे व्हाट्सऐप आदि) द्वारा भेज सकते हैं, ताकि उनका नाम प्रारूप वोटर लिस्ट में सम्मिलित किया जा सके।

CBC 52101/13/0003/2526

- यदि आप आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध करा देते हैं तो निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (ERO) को आवेदन को प्रोसेस करने में आसानी रहेगी।
- यदि आप आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा पाते हैं तो निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी(ERO) द्वारा स्थानीय जाँच या अन्य दस्तावेज के साक्ष्य के आधार पर निर्णय लिया जा सकेगा।
- 2003 की मतदाता सूची दिए गए लिंक https://voters.eci.gov.in/bh_2003_eroll पर उपलब्ध है।

अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 1950 पर कॉल करें

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार**

https://ceoelection.bihar.gov.in | Follow us on: BiharCEO CEOBihar Bihar_CEO | https://voters.eci.gov.in

# सावन के पहले सोमवार पर निकाली ओंकारेश्वर-ममलेश्वर ज्योतिर्लिंगों की भव्य सवारी यात्रा

मनोज त्रिवेदी ▶▶ ओंकारेश्वर

पवित्र श्रावण मास के प्रथम सोमवार को ओंकारेश्वर तीर्थ क्षेत्र में अद्वितीय आध्यात्मिक उत्सव देखने को मिला। यहां नर्मदा के दोनों तटों पर स्थित दो प्राचीन मंदिरों ओंकारेश्वर (उत्तर तट) और ममलेश्वर (दक्षिण तट) के ज्योतिर्लिंगों की परंपरागत सवारी यात्रा निकाली गई, जिसने हजारों श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक आनंद से भर दिया। धार्मिक मान्यता के अनुसार, ओंकारेश्वर और ममलेश्वर दोनों का एक साथ दर्शन करने से ही एक ज्योतिर्लिंग का पूर्ण पुण्य प्राप्त होता है। यही कारण है कि श्रावण सोमवार पर इन दोनों शिवधामों की विशेष शोभायात्रा निकाली जाती है।

**खास बातें**

- भक्तिमय वातावरण में डूबा ओंकारेश्वर
- नर्मदा के दोनों तटों पर हुआ पूजन-अभिषेक
- नौकाविहार के बाद नगर भ्रमण की परंपरा निभाई



## नाव में सवार होकर दर्शन देने निकले ज्योतिर्लिंग स्वरूप



सुबह दोनों मंदिरों में विशेष श्रृंगार एवं पूजा-अर्चना के साथ रथ तैयार किए गए। इसके बाद दोनों ज्योतिर्लिंगों को पालकी में विराजित कर नर्मदा के उत्तर और दक्षिण तटों पर विधिपूर्वक पूजन-अभिषेक किया गया। फिर दोनों ज्योतिर्लिंग स्वरूप नावों में सवार होकर पवित्र नर्मदा में एक साथ भ्रमण करते हुए गौमुख घाट पर पहुंचे। गौमुख घाट से शुरू हुई नगर भ्रमण यात्रा में दोनों ज्योतिर्लिंग नगरवासियों को प्रत्यक्ष आशीर्वाद देने निकले। ढोल-नगाड़ों, शंख-डमरू, भजन मंडलियों और भक्तों के उत्साह ने इस यात्रा को भक्ति का उत्सव बना दिया। रास्ते भर गुलाल, पुष्पवर्षा और घंटा-घड़ियाल की ध्वनि से वातावरण गूंजता रहा। श्रद्धालु पंक्तिबद्ध खड़े होकर दर्शन करते रहे। बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं में इस दौरान विशेष उत्साह देखने को मिला।

### प्राचीन काल से चली आ रही परंपराः सिंह

आयोजन के संदर्भ में मंदिर समिति के राव जंगबहादुर सिंह ने बताया कि यह परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है, जिसमें न केवल आध्यात्मिकता, बल्कि समाजिक समरसता का भी दर्शन होता है। सावन मास में यह यात्रा लोगों के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और भक्ति का संचार करती है। भक्तों ने रात तक मंदिर परिसर में रुककर शयन आरती और शिव स्तुति में भाग लिया।

शिव चालीसा एवं शिव स्त्रोत का पाठ किया गया, मंदिरों में पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण कर किया गया स्थापित

# मंदिरों में गूंजे भोलेनाथ के जयकारे, इंद्र देव भी हुए प्रसन्न





बिड़ला मंदिर में दर्शन-पूजन करते श्रद्धालु।

## गुफा मंदिर में शिवजी का हुआ रुद्राभिषेक

सावन माह के पहले सोमवार को गुफा मंदिर में प्रातः ब्रह्म मुहूर्त में गुफा मंदिर के मंहत रामप्रवेश दास महाराज ने पंडित लेखराज शर्मा के आचार्यत्व वैदिक ब्राह्मणों द्वारा भगवान गुफेश्वर का पंचामृत सहित विविध सामग्री से स्नान कराकर षोडशोपचार पूजन कर अभिषेक किया। इस मौके पर भगवान भोलेनाथ ने जगत कल्याण की कामना की।



## शिवालयों में भक्तों का लगा तांता, दिखा आस्था का सैलाब, भक्तों ने शुरू किए व्रत और अनुष्ठान



भोपाल। सावन के प्रथम सोमवार को शहर के सभी शिवालयों में बाबा भोलेनाथ का भव्य श्रृंगार कर उनका अभिषेक किया गया। राजधानी के सभी शिव मंदिरों के पट खुलते ही शहर के शिवालय हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठे। सुबह से ही शिव भक्तों द्वारा मंदिरों में हर-हर महादेव के जयघोष के साथ पूजा-अर्चना शुरू हुई। सोमवार को शिव भक्तों द्वारा जहां मंदिरों में पहुंचकर शिव चालीसा एवं शिव स्त्रोत का पाठ किया गया। वहीं शिव के कई भक्तों ने महामृत्युंजय के मंत्रों का जाप कर स्वास्थ्य एवं सुखी जीवन की कामना की। कई मंदिरों में मिट्टी के शिवलिंगों का निर्माण कर स्थापित किया गया। मां चामुंडा दरबार के पुजारी पं. रामजीवन दुबे गुरुजी ने बताया कि सावन को साल का सबसे पवित्र महीना माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस माह का प्रत्येक दिन किसी भी देवी-देवता की आराधना करने के लिए सबसे उपयुक्त होता है, विशेष तौर पर इस माह में भगवान शिव, माता पार्वती और श्रीकृष्ण की आराधना की जाती है।



## मुक्तेश्वर महाकाल मंदिर से निकाली शाही सवारी

सावन के पहला सोमवार मुक्तेश्वर महाकाल मंदिर में बाबा की शाही सवारी निकाली गई। शाही सवारी छोला विश्राम घाट स्थित मंदिर से शुरू होकर,पुराने शहर के नादरा बस स्टैंड छोला सहित शहर के अधिकांश हिस्से से होते हुए वापिस मंदिर पहुंची। जहां पर बाबा का अर्धनारेश्वर स्वरूप में श्रंगार किया गया। इस मौके पर मंदिर में विशेष पूजा और अनुष्ठान भी किए गए।

## बड़वाले महादेव मंदिर में भक्तों का तांता



श्री बड़वाले महादेव मंदिर सेवा समिति द्वारा श्रावण माह के प्रथम सोमवार पर बाबा बटेश्वर का कर्पूर गौरम स्वरूप में दिव्य श्रृंगार किया गया। समिति के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया प्रातः काल महारुद्राभिषेक, दर्शन, आरती एवं सांयकाल बाबा बटेश्वर का केसर एवं कपूर से चेहरा बनाकर सवा कुंटल फूलों से दिव्य श्रृंगार कर रात्रि 9 बजे डमरू मंजीरे के साथ महाआरती की गई। भगवान भोलेनाथ का यह गौरवपूर्ण स्वरूप था। इस अवसर पर अभिषेक लाला आकाश अग्रवाल मोनू राठौर शिशिर मित्तल प्रकाश मालवीय सहित बड़ी संख्या में भक्तजन मौजूद थे।

## सेमरा में सावन मास महोत्सव का आयोजन



सेमरा स्थित पुरुषोत्तम नगर वार्ड नंबर 38 में सावन मास महोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर उपस्थित गोरी नितिन पाठक पार्षद नितिन पाठक स्टेशन मंडल अध्यक्ष संतोष कटारे मंदिर पुजारी के नेतृत्व के कलश यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें कैबिनेट मंत्री विश्वास कैलाश सारंग की उपस्थिति में शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष नितिन पाठक ने बताया कि यह 12 शिव मंदिरों में जल अभिषेक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मंत्री सारंग धर्म कार्य के लिए हमेशा क्षेत्र में होते रहते हैं। इस मौके पर दीपक ठाकुर, अरविंद सिंह चौहान ,कोमल सिंह ,जीतू मलोटिया , स्वामी निरंजन ,पवन मुखरैया लालचंद भरके की भी आज यात्रा में उपस्थित की गई

## सलैया में बनाए 700 शिवलिंग



सावन महीने के पहले सोमवार के साथ ही पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक किया जा रहा है। आयोजक प्रताप सिंह यादव ने बताया कि मंशापूर्ण महादेव मंदिर धाम शिवा रायल पार्क फेस-दो गेट के पास सलैया में प्रथम सोमवार लगभग 7 हजार शिवलिंग निर्माण और रुद्राभिषेक किया गया।

## सावन के पहले दिन 11 जुलाई को 351 श्रद्धालुओं ने किए बाबा अमरनाथ के दर्शन



ओम शिव शक्ति सेवा मंडल भोपाल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि मंडल द्वारा बालटाल में स्थाई कंट्रोल रूम बनाया गया है। जिन यात्रियों के भोपाल में रजिस्ट्रेशन नहीं हुए थे। उनको रजिस्ट्रेशन करने में सहयोग किया जा रहा है। तो वहीं सावन के पहले सोमवार को 209 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। यह भोपाल का सबसे बड़ा जत्था बाबा बफार्नी के दर्शन को गया था। 209 यात्रियों ने पवित्र सावन के पहले सोमवार को बाबा बर्फानी के दर्शन कर लिए हैं।

आयुष्मान आरोग्य शिविरों का हुआ आयोजन

# पांच से 30 मिनट की दूरी पर मिल रहीं स्वास्थ्य सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी समेत प्रदेश के नागरिकों को उनके निवास के निकट स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराएं जाने के उद्देश्य से विकसित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर सोमवार को आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजन किया गया। पहले नागरिकों को ब्लड प्रेशर हो या ब्लड शुगर जैसी जांचों के लिए भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा जिला अस्पताल तक जाना पड़ता था। वही अब यह सुविधाएं



नागरिको के पांच से 30 मिनट की दूरी पर उपलब्ध हैं। सोमवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों शहरी एवं ग्रामीण, संजीवनी क्लीनिक्स एवं उपस्वास्थ्य केंद्र में आयुष्मान आरोग्य शिविर लगाए गए।

### रेफरल की सुविधाएं भी

शिविरो में विभिन्न रोगों की जांच, उपचार एवं आवश्यकता पड़ने पर अन्य संस्थाओ में रेफरल की सुविधाएं भी उपलब्ध थी। इनमें ब्लड प्रेशर की जांच, ब्लड शुगर की जांच, गर्भवती महिलाओं की जांच, शिशुओं, किशोरियों, वृद्धजनों की जांच, जिनमें दस्त रोग, निमोनिया, नेत्र विकार, मुख/दंत विकारो की जांच, मानसिक स्वास्थ्य, नाक कान गले के विकारो की जांच, क्षय रोग की जांच तथा अन्य पैथोलॉजिकल जांचे, उपचार तथा आवश्यकतानुसार रेफरल की सुविधाएं उपलब्ध होगी। इसके साथ ही इन शिविरों में परिवार कल्याण से संबंधित सुविधाएं भी उपलब्ध रही।

# कुशीनगर की पैंट्री कार में छापेमारी, 18 कार्टन अनाधिकृत पानी की बोतलें जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पश्चिम मध्य रेल के भोपाल मंडल ने यात्रियों को स्वास्थकर पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के क्रम में महत्वपूर्ण कदम उठाया। गाड़ी संख्या 22538 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर कुशीनगर एक्सप्रेस की पैंट्री कार में भोपाल स्टेशन पर छापेमारी के दौरान 18 कार्टन अनाधिकृत ब्रांड की पानी की बोतलें जब्त की गईं।

जानकारी के अनुसार कुशीनगर एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 22538) में अनअप्रूव्ड ब्रांड की पानी की बोतलें बड़ी मात्रा में लाकर यात्रियों को बेची जा रही हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए तुरंत एक विशेष संयुक्त टीम का गठन किया गया, जिसमें स्टेशन मास्टर कॉमर्शियल एके खरे, मंडल मुख्य टिकट निरीक्षक सुनील वर्गीस, मंडल वाणिज्य निरीक्षक विनोद वर्मा तथा कैटरिंग इंस्पेक्टर/भोपाल मेघा नागदेव को शामिल किया गया। भोपाल स्टेशन पर टीम ने अचानक ट्रेन में चढ़कर छापामार कार्रवाई की। जांच के दौरान पैंट्री क्षेत्र के समीप एवं वेंडिंग पॉइंट्स के आसपास तलाशी ली गई, जिसमें कुल 18 क्रेट अनअप्रूव्ड ब्रांड की पानी की बोतलें बरामद की गईं।

पांच साल में दोगुना पैसा करने का लालच देकर लोगों को ठगा

# चिटफंड कंपनी ने की 12 लाख की धोखाधड़ी, 13 साल से कंपनी की प्रॉपर्टी को नीलामी का इंतजार

## पीड़ितों ने लगाई कलेक्टर से मदद की गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पांच साल में दोगुना पैसा करने का लालच देकर फ्यूचर गोल्ड इंफ्राबिल्ड कंपनी ने कई लोगों के साथ ठगी की है। पीड़ितों ने जब इसकी शिकायत तत्कालीन कलेक्टर निशांत वरवड़े को दर्ज कराई तो उन्होंने अगस्त-2014 में कंपनी के डायरेक्टर दिनेश सिंह की प्रॉपर्टी कुर्क कर नीलामी करने और एफआईआर दर्ज कराने का आदेश जारी किया। आदेश में टीटी नगर तहसीलदार को कुर्क प्रॉपर्टी मूल्यांकन कर नीलाम करने के आदेश दिए गए, लेकिन 11 साल गुजर जाने के बाद भी अब तक राशि नहीं मिली है। अभी शिकायत दर्ज नहीं हुई है।

टिकरिया नरसिंहगढ़ जिला राजगढ़ निवासी गोविंद प्रसाद ने बताया कि फ्यूचर गोल्ड कंपनी में सेमिनार आयोजित कर मुझसे डेढ़ लाख रुपए की एफडी कराई गई थी।

### प्रॉपर्टी नीलामी के बाद मिलेगी राशि

तत्कालीन कलेक्टर ने अपने आदेश में कपनी का बैंक खाता सीज करते हुए संचालकों की बाबड़िया कलां और लक्की प्लाजा मालवीय नगर की प्रॉपर्टी को कुर्क किया गया था। जिला अल्प बचत अधिकारी को सूचित किया जाना था। जिसके बाद प्रॉपर्टी की नीलामी कर पीड़ितों को राशि दी जानी थी, लेकिन ऐसा नहीं किया गया।

# यूजी में प्रवेश के लिए कल से 31 जुलाई तक अतिरिक्त सीएलसी राउंड

- एनसीटीई पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए भी अतिरिक्त चरण का टाइम टेबल जारी, आज से 18 जुलाई तक होंगे रजिस्ट्रेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर के सरकारी और अनुदान प्राप्त अशासकीय एवं निजी अशासकीय महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिए यह अतिरिक्त सीएलसी चरण 16 से 31 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा। विद्यार्थियों के लिए 16 जुलाई से प्रवेश पोर्टल पर हर कॉलेज में खाली सीटों को दर्शाया जाएगा। विद्यार्थी इन रिक्त सीटों पर सीधे महाविद्यालय में पहुंचकर एडमिशन ले सकते हैं।

### एनसीटीई कोर्सेस में प्रवेश में लिए भी अतिरिक्त चरण

उच्च शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिये एनसीटीई पाठ्यक्रम (बीएड, एमएड, बीपीएड, एमपीएड, बीएड एमएड एवं बीएलएड तथा बीएड संचालित करने वाले शासकीय अथवा अशासकीय महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए भी अतिरिक्त चरण की समय सारणी जारी की गई है। पंजीकृत आवेदनों के दस्तावेजों का सत्यापन 15 से 19 जुलाई तक होगा। मेरिट सूची का प्रकाशन 21 जुलाई को होगा। 23 जुलाई को सीट आवंटित की जाएगी। शुल्क का भुगतान 26 जुलाई तक विद्यार्थियों को आवंटित हेल्प सेंटर पर मूल दस्तावेजों, टीसी माइग्रेशन के साथ भौतिक सत्यापन के लिए उपस्थित होकर 23 से 25 जुलाई तक लिंक इनिशिएट कराना होगा।

ज्यादातर सरकारी अस्पतालों में एंटी स्नेक बाइट इंजेक्शन्स की कमी

# सांप के काटने के 25 से अधिक मामले पहुंचे अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बरसात का मौसम में स्केन बाइट के मामले बढ़ गए हैं। शहर के सरकारी अस्पतालों में आठ दिन में स्नेक बाइट के 25 से अधिक मामले दर्ज हुए हैं। हमीदिया में करीब 18 सर्पदंश पीड़ित पहुंचे। जेपी अस्पताल, एम्स भोपाल समेत अन्य अस्पतालों में भी सात से 10 मामले आए। वहीं ज्यादातर सरकारी अस्पतालों में एंटी स्नेक बाइट इंजेक्शन का स्टॉक नहीं हैं। ग्रामीण इलाकों में बेहतर इलाज की व्यवस्था तक नहीं है। ग्रामीण अस्पतालों में एंटी स्नेक बाइट इंजेक्शन नहीं होने से मरीजों को जेपी और हमीदिया अस्पताल में रैफर करना पड़ रहा है।

**खास बातें**

- एंटी स्नेक बाइट इंजेक्शन का पर्याप्त स्टॉक नहीं हैं
- निजी अस्पतालों की तरफ करना पड़ रहा रुख
- विभिन्न अस्पतालों में सामने आए बाइट के केस

## खतरनाक वाइपर, क्रेट और कोबरा



सांप पकड़ने वाले खलील मियां ने बताया कि इन दिनों सांप पकड़ने के रोजाना 100 फोन आते हैं। राजधानी के घरों में जो सांप निकलते हैं उनमें 40 फीसदी जहरीले सांप होते हैं। ज्यादा खतरनाक वाइपर, क्रेट और कोबरा होते हैं।

### एम्स में साढ़े तीन लाख तरह के जहर का इलाज

एम्स के निदेशक डॉ. अजय सिंह ने बताया कि पॉइजनिंग इंफॉर्मेशन सेंटर (पीआइसी) 2020 में शुरू हुआ था। जिसमें साढ़े तीन लाख तरह के जहर का इलाज मौजूद है। कोई भी डॉक्टर फोन के जरिए इलाज पता कर सकता है।

### ग्रामीण अस्पतालों में गिनती के इंजेक्शन

जिला अस्पताल और प्रमुख सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को छोड़कर बाकी ग्रामीण क्षेत्र में संचालित होने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और उप स्वास्थ्य केंद्रों में एंटी स्नेक वेनम का अभाव है। इसके चलते ग्रामीण क्षेत्र में होने वाली सर्पदंश की घटनाओं में अगर मरीजों को अस्पताल ले जाते हैं तो वहां सांप काटने का इंजेक्शन नहीं मिलती। ऐसे में मरीजों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया जाता है।

### डिमांड करें, उपलब्ध कराए जाएंगे...

एंटी स्नेक बाइट इंजेक्शन सीएचसी पीएचसी दोनों ही जगह उपलब्ध होने चाहिए, जहां उपलब्ध नहीं है हमारे से डिमांड करें उनको इंजेक्शन उपलब्ध करवाए जाएंगे।

डॉ. मनीष शर्मा, सीएमएचओ

### सांप डंसे तो क्या करें

- पीड़ित व्यक्ति को शांत रखने का प्रयास करें ताकि उसका रक्तचाप न बढ़े।
- मरीज के शरीर से घड़ी अंगूठी चेन आदि गहने उतार लें।
- पीड़ित व्यक्ति को किसी भी तरह से जगाए रखें, बेहोश न होने दें।
- सीधा लेटाकर रखें ताकि शरीर में हलचल न हो, इससे जहर फैलता है।
- हाथ में दंश हो तो लटकाकर रखें, नहीं तो जहर दिल तक तेजी से पहुंचता है।

भोपाल

मंगलवार, 15 जुलाई 2025

श्रावण मास कृष्ण पक्ष–05

वर्ष : 12, अंक : 105

पृष्ठ : 14+8=22 मूल्य : 4.00 **


**मौसम**

अधि. 26

न्यून. 23


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





## आज दोपहर 3 बजे अंतरिक्ष से धरती पर उतरेगा भारत का 'लाल'

# 'शुभ मंगल' की बेला में आज शुभांशु का 'शुभागमन'

एजेंसी ▶▶ फ्लोरिडा

आज भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लिए 'शुभ मंगल' होने वाला है। भारत का लाल शुभांशु शुक्ला अपनी अंतरिक्ष की 18 दिनी यात्रा पूरी करके मंगलवार को धरती पर लौट रहा है। उनके शुभागमन पर हर एक भारतीय में उत्साह है। जिन्होंने 18 दिन अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर बिताए, अब उनके धरती पर वापसी की यात्रा शुरू हो गई हैं। एक्सिओम-4 मिशन के तहत उनकी वापसी हो रही है। इस कड़ी में आईएसएस से उनका स्पेसक्राफ्ट अनडॉक हो चुका हुआ है। यह मिशन भारत समेत हंगरी और पोलैंड के लिए भी अंतरिक्ष में वापसी का प्रतीक है, क्योंकि इन देशों ने चार दशकों ▶▶ शेष पेज 4 पर

| धरती पर आने में लगने वाला समय | कितने बजे उतरेंगे | किस जगह पर उतरेंगे |
|---|---|---|
| 22 घंटे 25 मिनट | आज दोपहर 3.01 बजे | कैलिफोर्निया के तट पर |






### धरती पर लौटने के बाद होगा रिहैब फेज

स्पेस से लौटने के बाद शुक्ला और उनकी टीम को सात दिनों तक पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण में ढलने के लिए पुनर्वास (रिहैबिलेशन) प्रक्रिया से गुजरना होगा। वजनहीन वातावरण में रहने के बाद शरीर को फिर से सामान्य स्थिति ▶▶ शेष पेज 4 पर

## रेल मंत्रालय का बड़ा फैसला

# ट्रेन के सभी डिब्बे और इंजनों में लगेंगे सीसीटीवी कैमरे





एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रेलवे ने यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। रेलवे ने सभी यात्री कोचों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का फैसला लिया है। इसका ऐलान रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने किया है। उन्होंने कहा कि यात्री सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए भारतीय रेलवे के सभी 74,000 डिब्बों और 15,000 इंजनों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्देश दिया है। यह महत्वपूर्ण निर्णय शनिवार को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय रेल राज्य ▶▶ शेष पेज 4 पर

**उत्तर रेलवे में प्रायोगिक तौर पर सीसीटीवी कैमरों लगाए थे, समीक्षा के बाद फैसला**

### ट्रेन में सीसीटीवी लगाने के फायदे

बता दें कि भारतीय रेलवे दुनिया के सबसे बड़े रेल नेटवर्कों में से एक है। भारतीय रेलवे प्रतिदिन औसतन 13,000 से अधिक यात्री ट्रेनें संचालित करता है, जिसमें मेल/एक्सप्रेस, पैसेंजर और ▶▶ शेष पेज 4 पर


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

हरिभूमि सहेली आपकी हमसफर

आज के अंक के साथ


## खबर संक्षेप

### दो राज्यों में नए राज्यपाल लद्दाख में एलजी नियुक्त



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हरियाणा और गोवा में नए राज्यपाल की नियुक्ति की है। वहीं लद्दाख को अपना नया एलजी मिला। हरियाणा के नए राज्यपाल के रूप में असीम कुमार घोष, वहीं गोवा में अशोक गजपति और लद्दाख में कविंदर गुप्ता को एलजी नियुक्त किया है।

### एसीजे सचदेवा बने मप्र हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस



**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा को हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्त किया गया है। विधि व न्याय मंत्रालय, न्याय विभाग की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसके अनुसार भारत के संविधान में दी गई व्यवस्था के अंतर्गत राष्ट्रपति ने नियुक्ति आदेश जारी कर दिया है।

### सीजेआई गवई की तबीयत खराब, अस्पताल में भर्ती



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस बीआर गवई को दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सीजेआई को इन्फेक्शन की शिकायत हुई, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। सीजेआई की हालत में सुधार हो रहा है। एक-दो दिन में वह फिर से कार्यभार संभालने लगेंगे।

## मप्र विस में 7 विधानसभाओं के अध्यक्षों की बैठक

# विधानसभा के सुझावों पर लेना होगा एक्शन... बढ़ने जा रहे अधिकार



### लोकतांत्रिक प्रणाली में संसद एवं विधानसभाओं की महत्वपूर्ण भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा सचिवालय के सभागार में सोमवार को सात राज्यों के विधानसभा अध्यक्षों की बैठक हुई। बैठक में विधानसभा की विभिन्न समितियों की कार्य प्रणाली, नवाचार, आने वाली कठिनाइयों, सरकार के साथ तालमेल आदि मुद्दों पर गहन मंथन हुआ है। विधानसभा की समितियों द्वारा दिए जाने वाले सुझावों को सरकार हल्के में नहीं ले सकेगी। सरकार और उनके विभागों को समय सीमा में उस पर एक्शन लेना होगा। विधानसभा की समितियों को पहले के मुकाबले और उपयोगी बनाने के लिए मध्य प्रदेश सहित 7 विधानसभाओं के अध्यक्षों की बैठक की गई। बैठक में उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष और उनके अधिकारी शामिल हुए। बैठक में समितियों को कुशल बनाने के लिए सभी ने अपने-अपने सुझाव दिए। अब इसको ▶▶ शेष पेज 4 पर

### विधानसभाओं की समितियों की प्रणाली इस तरह से है

अध्यक्ष तोमर ने कहा कि विधानसभाओं में भी समितियों की प्रणाली है और वे ठीक प्रकार से कार्य भी कर रही हैं। मप्र में 4 वित्तीय समितियां हैं, जिनका निर्वाचन होता है। अनुसूचित जाति एवं जनजाति और पिछड़ा वर्ग के लिए भी दो समितियां हैं, शेष लगभग 16 समितियां ऐसी हैं, जिनमें पक्ष विपक्ष की सहमति से अध्यक्ष की ओर से नामांकित किए जाते हैं। ▶▶ पढ़ें पेज 02 भी

## दुबई के उद्योगपतियों ने दिखाई मध्य प्रदेश में कई क्षेत्रों में निवेश करने में रुचि

# दुबई को पसंद आए मप्र के जैविक उत्पाद, सीएम बोले हम देंगे गुणवत्तायुक्त 'स्वादिष्ट और सेहतभरीं' दालें

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव विदेश के दौरे पर हैं। अपनी यात्रा के दूसरे दिन उन्होंने एक महत्वपूर्ण बैठक के दौरान यूएई के विदेश व्यापार राज्य मंत्री डॉ. थानी बिन अहमद अल ज़ेयूदी के साथ भारत-यूएई समग्र आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) के तहत आर्थिक और औद्योगिक सहयोग को विस्तार देने पर गहन चर्चा की। इस मौके पर सीएम डॉ.यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विदेश दौरे के दूसरे दिन दुबई में एक महत्वपूर्ण बैठक के दौरान यूएई के विदेश व्यापार राज्य मंत्री डॉ. थानी बिन अहमद अल ज़ेयूदी के साथ भारत-यूएई समग्र आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) के तहत आर्थिक और औद्योगिक सहयोग को विस्तार देने पर गहन चर्चा की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश जैविक उत्पादों देश का अग्रणी राज्य है और जहां सोयाबीन और दालों का गुणवत्तायुक्त उत्पादन हो रहा है। इन उत्पादों को लेकर दुबई ने काफी रूचि दिखाई। आने वाले समय में ये उत्पाद दुबई भेजे जा सकते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश देश का अग्रणी सोयाबीन, दाल और जैविक उत्पादक राज्य है। उन्होंने खाद्य प्रसंस्करण और ▶▶ शेष पेज 4 पर

**समग्र आर्थिक साझेदारी समझौते से बढ़ेगा भारत-यूएई व्यापार: मुख्यमंत्री**




**»** ***मप्र निवेश के लिए नए द्वार खोलन के लिए तैयार, बना सहयोग का नया केंद्र***

**»** ***मुख्यमंत्री डॉ. यादव की यूएई के विदेश व्यापार राज्यमंत्री डॉ ज़ेयूदी से हुई चर्चा***

### उभरते निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित हुआ प्रदेश

डॉ. यादव ने कहा कि भारत-यूएई सीईपीए एक मजबूत आर्थिक आधार प्रदान करता है और मध्यप्रदेश इस साझेदारी का पूर्ण लाभ उठाकर निवेश, व्यापार, और तकनीकी सहयोग के नए द्वार खोलने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश की भौगोलिक स्थिति, उन्नत बुनियादी ढांचे और बेहतर उद्योग नीति समर्थन ने इसे लॉजिस्टिक्स, मैन्युफैक्चरिंग और खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में एक उभरते निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित किया है। डॉ. यादव ने विशेष रूप से ऑटोमोबाइल, फार्मा, टेक्सटाइल, ▶▶ शेष पेज 4 पर



### नवीन औद्योगिक नीति में किए कई अहम बदलाव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश में निवेश आकर्षित करने के लिए राज्य की नवीन औद्योगिक नीति 2025 में कई अहम बदलाव किए गए हैं। यूएई जैसे रणनीतिक साझेदारों के लिए रियायती भूमि, 100 फीसदी एसजीएसटी प्रतिपूर्ति और पूंजीगत अनुदान जैसे विशेष प्रावधान किए गए हैं जो मध्यप्रदेश के साथ निवेश ▶▶ शेष पेज 4 पर

### निवेशकों से अच्छी और सकारात्मक हुई बातचीत

सीएम डॉ. यादव ने दुबई में मीडिया से कहा कि मंगलवार सुबह से निवेशकों और उद्योगपतियों के साथ अलग-अलग चर्चाओं का दौर शुरू हुआ है। सबसे पहले हमारे महावाणिज्यदूत और एंबेसी के लोगों के साथ विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि एयर एंबुलेंस फ्लाइट सेक्टर में अच्छी संभानाएं है। मध्यप्रदेश एविएशन के काम में दुबई सहयोग करने के लिए तैयार है। हमारी सरकार विदेश में कैसे आसानी से व्यापार करे, सरकार किन-किन क्षेत्रों में व्यापार कर सकती है, उस पर गहन विचार-विमर्श हुआ। निवेशकों से अलग-अलग सेक्टर को लेकर चर्चा की। वन-टू-वन बैठक में भी निवेशकों से अच्छी और सकारात्मक बात की है। बैठकों के दौरान वेलनेस, हेल्थ, एनर्जी, सर्विस सेक्टर में अच्छे सुझाव मिले। डॉ. यादव ने कहा कि दुबई के निवेशकों ने मप्र में गोल्ड एवं डायमंड माइनिंग सहित कई सेक्टर में निवेश करने की रुचि दिखाई। ▶▶ पढ़ें पेज 02 भी

## जून में महंगाई के मोर्चे पर डबल खुशखबरी

# थोक बाजार में सस्ते हुए सामान, खुदरा दर भी 6 वर्ष के सबसे निचले स्तर पर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जून महीने में महंगाई के मोर्चे पर दोहरी खुशखबरी मिली है। एक तरफ थोक बाजार में सामान सस्ते हो गए तो वस्तुओं की खुदरा कीमतों में वृद्धि भी छह वर्ष के निचले स्तर पर आ गई। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों में ये पता चला है।

सब्जियों, दालों, मांस और दूध सहित खाद्य पदार्थों की कीमतों में नरमी से खुदरा महंगाई दर जून में घटकर छह साल से भी अधिक के निचले स्तर 2.1 प्रतिशत पर आ ▶▶ शेष पेज 4 पर

### » खुदरा महंगाई दर 2.1 प्रतिशत पर

### थोक बाजार में सस्ती हुई वस्तुएं

उधर, जून महीने में थोक बाजार में वस्तुएं महंगी होने के बजाय सस्ती हो गईं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बताया कि खाद्य वस्तुओं एवं ईंधन की कीमतों में गिरावट के साथ विनिर्मित उत्पादों की लागत में कमी आने से थोक मुद्रास्फीति 19 माह बाद शून्य से नीचे आ गई है। जून में यह -0.13 प्रतिशत रही है। थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति मई में 0.39 प्रतिशत और जून, 2024 में 3.43 प्रतिशत के स्तर पर रही थी।



## मवेशी बचाने के चक्कर में हादसा

# पेड़ से टकराई स्कार्पियों पिता-पुत्र समेत 4 की मौत

**नेशनल हाइवे 552 पर कालीतलाई गांव के पास हुआ हादसा**



**श्योपुर।** श्योपुर के देहात थाना क्षेत्र स्थित नेशनल हाइवे 552 पर रविवार-सोमवार की दरमियानी रात को कालीतलाई गांव के पास एक स्कार्पियो कार गाय को बचाने के फेर में अनियंत्रित होकर हाईवे से नीचे उतरने के बाद पेड़ से जा टकराई। जिससे स्कार्पियो में सवार सवार मुकेश यादव (26) तथा उसके पिता हरिराम यादव (60) ▶▶ शेष पेज 4 पर

## हेट स्पीच पर शीर्ष कोर्ट के निर्देश

# नफरत फैलाने वाले कंटेंट पर लगे लगाम

**लेकिन व्यक्ति की अभिव्यक्ति की आजादी बनी रहे**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोशल मीडिया पर फैल रहे हेट स्पीच (नफरती भाषणों) को लेकर चिंता जाहिर की है। कोर्ट ने कहा है कि इन दिनों 'अभिव्यक्ति की आजादी' के नाम पर सब कुछ जायज ठहराने की कोशिश कर रही है, ये बिल्कुल खतरनाक है। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज फ्रांसिस विस्वनाथन की बेंच के ▶▶ शेष पेज 4 पर

## एएआईबी की रिपोर्ट के बाद डीजीसीए का फैसला

# सभी बोइंग विमानों के फ्यूल कंट्रोल स्विच की जांच जरूरी

**सभी एयरलाइंस कंपनियों को आदेश**



**नई दिल्ली।** भारत के नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने देश में संचालित होने वाली सभी एयरलाइनों, विशेष रूप से बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमानों का उपयोग करने वाली कंपनियों को अपने फ्यूल कंट्रोल स्विच की लॉकिंग मैकेनिज्म की जांच करने का निर्देश देने की योजना बनाई है। यह कदम 12 जून, 2025 को अहमदाबाद में ▶▶ शेष पेज 4 पर

## प्रदेश में भारी बारिश का दौर जारी, मंडला, खरगोन, टीकमगढ़-उमरिया में तेज बारिश

# शिवपुरी के अटल सागर डैम के 6 गेट खोले गए, घरों में भरा पानी श्योपुर में क्वारी नदी उफान पर, श्योपुर-बारां हाईवे बंद, गांवों में अलर्ट

**दुकानों- घरों और अस्पताल में पानी भरा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में सोमवार को भारी बारिश का दौर जारी रहा। मंडला में 9 घंटे में 2 इंच बारिश हो गई। वहीं, खरगोन में डेढ़ इंच पानी गिरा। टीकमगढ़-उमरिया में आधा इंच बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने बुधवार को भी आधे से ज्यादा प्रदेश में बारिश का अनुमान जताया है।

शिवपुरी जिले में अटल सागर मड़ीखेड़ा बांध का जलस्तर तेजी से बढ़ा है। सुबह साढ़े 6 बजे अटल सागर मड़ीखेड़ा बांध के 6 गेट खोल दिए गए हैं। श्योपुर जिले के विजयपुर में क्वारी नदी का जलस्तर बढ़ने से आगरा जाने वाला रास्ता बंद है। वहीं, बड़ौदा में बाढ़ जैसे हालात हैं। दुकानों-मकानों के अलावा अस्पताल में भी पानी भर गया है। शिवपुरी ▶▶ शेष पेज 4 पर

**स्ट्रॉन्ग सिस्टम के चलते मप्र में 45%, निवाड़ी में कोटा फुल हो चुका है। यहां 102% पानी गिर चुका**



### खतरे के पार पहुंची पार्वती

**श्योपुर।** बीते 24 घंटे से हो रही झमाझम बारिश से जहां पूरा जिला तर बतर हो गया। वहीं मालवा में हुई बारिश का असर भी जिले में विपरीत रूप से पड़ा। उफान पर आई पार्वती नदी के खतरे के निशान के पार पहुंच जाने से जहां प्रशासन ने पार्वती नदी किनारे बसे एक दर्जन के करीब गांव में अलर्ट घोषित कर वहां के लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचने की मुनादी कराई। कुहांजापुर के पास पार्वती नदी पर बना पुल डूब जाने से श्योपुर का बारां राजस्थान से संपर्क ▶▶ शेष पेज 4 पर

### पिकनिक मनाने गए 5 डूबे, 4 के शव बरामद

**भोपाल।** बिलकिसगंज थाना क्षेत्र में कोलार डैम में भोपाल के चार युवक प्रिंस सिंह निवासी बिहार (22) एमपी नगर में किराए से रहता था। उज्जवल त्रिपाठी, निवासी छतरपुर अशोका गार्डन (20) किराए से रहता था। अपने दो साथियों शैलेंद्र धाकड़ और सत्यम पटेल के ▶▶ शेष पेज 4 पर



## सावन के पहले सोमवार को महाकाल नगरी में देश भर से पहुंचे श्रद्धालु

# प्रजा का हाल जानने चांदी की नई पालकी में बैठकर निकले महाकाल

**महाकाल को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

सावन के पहले सोमवार पर उज्जैन में भगवान महाकाल चांदी की नई पालकी में सवार होकर नगर भ्रमण निकले। मंदिर प्रशासन के अनुसार, करीब 10 साल बाद सवारी में नई पालकी को शामिल किया गया है।

नवंबर में छत्तीसगढ़ के एक भक्त ने गुप्तदान के रूप में मंदिर समिति को यह पालकी भेंट की थी। सभा मंडप में बाबा महाकाल का पूजन अर्चन मनमहेश स्वरूप में होने के बाद सवारी मंदिर के मुख्य द्वार पर ▶▶ शेष पेज 4 पर



### भूत-प्रेत और देवताओं की टोली

बाबा महाकाल की सवारी में भूत-प्रेत और देवताओं की टोली भी नजर आई। भक्त विभिन्न रूप में शामिल हुए। सीएम डॉ. मोहन यादव की मंशानुरूप प्रथम सवारी वैदिक उद्घोष थीम पर रही। सीएम ने एक्स पर बधाई देते हुए लिखा बाबा महाकाल के श्री चरणों में नमन एवं वंदन।

## प्रदेश में निवेश को लेकर दुबई के निवेशक उत्साहित, डॉ. यादव के साथ निवेश की संभावनाओं पर हुआ व्यापक और सकारात्मक संवाद

# मुख्यमंत्री ने की दुबई के निवेशकों से वन-टू-वन चर्चा निवेशकों को बताया, मध्यप्रदेश है निवेश के लिए श्रेष्ठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की दुबई निवेश यात्रा के दौरान सोमवार को अंतरराष्ट्रीय स्तर के निवेशकों और औद्योगिक समूहों से वन-टू-वन चर्चा हुई, जिसमें मध्यप्रदेश में बहु-क्षेत्रीय निवेश की संभावनाओं पर व्यापक और सकारात्मक संवाद हुआ। मुख्यमंत्री ने गल्फ इस्लामिक इन्वेस्टमेंट्स (जीआईआई) के सह-संस्थापक एवं सह-सीईओ पंकज गुप्ता से मुलाकात कर स्वास्थ्य सेवा, लॉजिस्टिक्स पार्क, औद्योगिक रियल एस्टेट, शिक्षा, खाद्य प्रसंस्करण एवं निर्माण क्षेत्र में संभावित निवेश पर चर्चा की। जीआईआई एक शरिया-संगत वैकल्पिक निवेश फर्म है जो वैश्विक स्तर पर विविध क्षेत्रों में निवेश करती है और अब मध्यप्रदेश में निवेश को लेकर गंभीरता से विचार कर रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने टाटा समूह के कॉरपोरेट अफेयर्स एवं ग्रोथ (एमईएनए रीजन) प्रमुख अंकुर गुप्ता से भी मुलाकात की। चर्चा में आईटी, ऊर्जा, स्टील, ऑटोमोबाइल, एयरलाइंस, उपभोक्ता उत्पाद और हॉस्पिटैलिटी जैसे क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं पर बात हुई। मुख्यमंत्री ने टाटा समूह को मप्र में रणनीतिक निवेश केंद्र स्थापित करने के लिए आमंत्रित करते हुए राज्य की उद्योग-अनुकूल नीतियों और त्वरित अनुमतियों की जानकारी दी।




### अंतरराष्ट्रीय बाजारों से जोड़ने, निर्यात बढ़ाने पर जोर

गल्फ महाराष्ट्र बिजनेस फोरम (जीएमबीएफ) के अध्यक्ष डॉ. सुनील मांजरेकर के साथ बैठक में जीएमबीएफ की ओर से मध्यप्रदेश को अंतरराष्ट्रीय बाजारों से जोड़ने, निर्यात बढ़ाने और व्यापारिक प्रतिनिधिमंडलों से सीधे संवाद के लिए मंच प्रदान करने सार्थक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने जीएमबीएफ की ग्लोबल कनेक्ट सीरीज़ के माध्यम से प्रदेश के उद्यमियों को वैश्विक मंच उपलब्ध कराने पर प्रसन्नता जताई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से बीडीओ एज के हेड ऑफ एडवायजरी शिवेंद्र झा ने भेंट कर भोपाल में 150-सीटर ग्लोबल केपेबिलिटी सेंटर की स्थापना और इंदौर में प्रस्तावित दूसरा डिजिटल सेंटर की जानकारी साझा की। यह केंद्र डिजिटल व परामर्श सेवाओं में रोजगार सृजन करेगा। साथ ही अगले तीन वर्षों में 800-1000 उच्च-कुशल नौकरियों के सृजन का लक्ष्य है।

### अनुबंधों के माध्यम से कृषि क्षेत्र को मजबूती देने की इच्छा जताई

शराफ डीजी ग्रुप के चेयरमैन इब्राहिम शराफ के साथ हुई बैठक में मध्यप्रदेश में 30-50 मिलियन अमेरिकी डॉलर की लागत से रेल साइडिंग लॉजिस्टिक्स पार्क की स्थापना का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, जिससे राज्य में 300 से 600 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एस्सार अल घुरैर इन्वेस्टमेंट के प्रतिनिधि योसेफ अल गुरैर से मुलाकात कर खाद्य प्रसंस्करण, खाद्य तेल शोधन इकाई और कोल्ड चेन वेयरहाउस परियोजनाओं पर विचार-विमर्श किया। समूह ने राज्य के किसानों से दीर्घकालिक अनुबंधों के माध्यम से कृषि क्षेत्र को मजबूती देने की इच्छा जताई।

### मप्र में स्टील प्लांट की स्थापना की योजना

कोनेरिस ग्रुप के सीईओ भरत भाटिया ने मध्यप्रदेश में यूएस डॉलर 75 मिलियन लागत से स्टील प्लांट की स्थापना की योजना मुख्यमंत्री डॉ. यादव के समक्ष रखी। कंपनी पहले से ही 26 देशों में स्टील उत्पाद भेजती है और भारत में अपनी उपस्थिति राज्य के माध्यम से बढ़ाना चाहती है। एतिसालात ग्रुप के सीईओ खालिद मुर्शिद से स्मार्ट सिटी, 5जी नेटवर्क, टेलीमेडिसिन, डिजिटल हेल्थ और डिजिटल स्किल डवलपमेंट के क्षेत्रों में निवेश प्रस्ताव रखें। कंपनी 16 से अधिक देशों में कार्यरत है और मध्यप्रदेश को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने में रुचि रखती है।

### ब्रावो ने फार्मा निर्माण और निर्यात को लेकर निवेश में रुचि दिखाई

ब्रावो फार्मास्युटिकल्स के निदेशक राकेश पांडेय ने फार्मा निर्माण और निर्यात को लेकर निवेश रुचि दिखाई, वहीं स्मार्ट स्टार्ट फंड के प्रशांत गुलाटी ने आईटी और वित्तीय सेवाओं से जुड़े स्टार्टअप्स को मध्यप्रदेश में प्रोत्साहित करने की बात कही। अनलाह वेंचर पार्टनर्स के हितेश धनकानी ने म्यूचुअल फंड, बीमा और इक्विटी सेवाओं में निवेश की योजना साझा की और स्पैन कम्युनिकेशन्स के सीईओ नरेश खेतरपाल ने राज्य में पर्यटन, नेचुरोपैथी रिसॉर्ट और क्रूज टूरिज्म को प्रोत्साहित करने के लिए 500 करोड़ रुपए निवेश के साथ 100-150 रोजगार सृजन की संभावना जताई। वहीं, ब्लूवर्स इंडिया के रुशांग शाह ने पर्यावरण-अनुकूल वाहन धुलाई तकनीक और जल संरक्षण आधारित समाधान लाने की योजना साझा की।

**सीएम डॉ. यादव ने किया आश्वस्त**

### सरकार निवेशकों को देगी हर संभव सहायता

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी निवेशकों को आश्वस्त किया कि मध्यप्रदेश सरकार उन्हें हर संभव सहायता, नीति समर्थन और त्वरित अनुमतियां प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य की औद्योगिक नीतियां, प्रशिक्षित कार्यबल, प्राकृतिक संसाधन और लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करते हैं। यह यात्रा मध्यप्रदेश को वैश्विक निवेश नक्शे पर और सशक्त रूप से स्थापित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित हो रही है।

## डॉ. यादव की लुलु समूह के निदेशक सलीम से कृषि निवेश पर हुई चर्चा

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की दुबई निवेश यात्रा के दूसरे दिन दौरान लुलु ग्रुप इंटरनेशनल के निदेशक सलीम एमए से वन-टू-वन मुलाकात हुई। उन्होंने लुलु समूह के वैश्विक अनुभव और नेटवर्क की सराहना करते हुए प्रदेश में अत्याधुनिक 'खाद्य एवं कृषि-प्रसंस्करण केंद्र' की स्थापना के लिए आमंत्रित किया, जिसमें फल, सब्जियां, मसाले और अनाज का वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ाव सुनिश्चित हो सके। बैठक में मध्यप्रदेश में खुदरा व्यापार, कृषि प्रसंस्करण और खाद्य उद्योग में निवेश की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। डॉ. यादव ने सलीम को भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर जैसे प्रथम और द्वितीय श्रेणी के शहरों में आधुनिक खुदरा विक्रय केंद्र तथा विशाल विपणन केंद्र (हाइपर मार्केट) की स्थापना के लिए आमंत्रित किया। बैठक में इंदौर-निमाड़ क्षेत्र में ताजे उद्यानिकी एवं कृषि उत्पाद एकत्रीकरण और वितरण केंद्र की संभावनाओं पर चर्चा हुई।

### लुलु समूह ने जताई निवेश की इच्छा

बैठक में मप्र औद्योगिक विकास निगम (एमपीआईडीसी) और एमपी एग्रो के सहयोग से लॉजिस्टिक्स और कोल्ड चेन इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में लुलु समूह की भागीदारी को लेकर चर्चा हुई, जिससे प्रदेश में रोजगार और निर्यात को प्रोत्साहन मिलेगा। डॉ. यादव ने कहा कि लुलु जैसे वैश्विक निवेशकों की भागीदारी से मध्यप्रदेश को खाद्य एवं कृषि क्षेत्र में वैश्विक बाजार से जोड़ने का मार्ग प्रशस्त होगा। वहीं लुलु समूह ने राज्य सरकार की नीतियों और दूरदर्शिता की सराहना करते हुए सहयोग और निवेश की प्रबल इच्छा जताई। बैठक में प्रदेश में खुदरा व्यापार, कृषि प्रसंस्करण में निवेश की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

---

## टेक्नोलॉजी और संयुक्त निवेश फोरम की संभावनाओं पर चर्चा

# मुख्यमंत्री ने जेआईटीओ समुदाय को किया औद्योगिक प्रगति का भागीदार बनने आमंत्रित

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

उज्जैन, मंदसौर, बसई में ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट्स में भागीदारी का न्यौता

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दुबई प्रवास के दूसरे दिन सोमवार को जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (जेआईटीओ) के प्रतिनिधियों के साथ निवेश और सहयोग को लेकर व्यापक चर्चा की। उन्होंने मध्यप्रदेश को वैश्विक निवेश, स्किलिंग और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के सरकार के विजन को साझा किया और जेआईटीओ समुदाय को प्रदेश की औद्योगिक प्रगति का भागीदार बनने के लिए आमंत्रित किया।

डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश आज अनुकूल औद्योगिक नीतियों के कारण निवेश के लिए देश का सर्वाधिक उपयुक्त राज्य बन चुका है। सरकार निवेशकों को न केवल आकर्षित कर रही है, बल्कि जमीन आवंटन से लेकर परियोजनाओं के क्रियान्वयन तक सक्रिय सहयोगी की भूमिका भी निभा रही है।



### एमपी-जेआईटीओ निवेश फोरम पर विचार

बैठक के दौरान मध्यप्रदेश और जेआईटीओ के बीच संभावित सहयोग के अनेक बिंदु पर चर्चा हुई, जिनमें दुबई में एक वार्षिक 'एमपी-जेआईटीओ निवेश फोरम' की स्थापना करने पर भी विचार किया गया। इस फोरम के माध्यम से मध्यप्रदेश की लॉजिस्टिक्स, औद्योगिक पार्क, इलेक्ट्रिक वाहन, फूड प्रोसेसिंग और सेमीकंडक्टर जैसी प्रमुख परियोजनाओं को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत किया जा सकेगा। डॉ. यादव ने इस अवसर पर जेआईटीओ प्रतिनिधियों को आगामी निवेश फोरम के आयोजन का आमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री ने जेआईटीओ से जुड़े टैक्सटाइल और फूड सेक्टर के कॉरपोरेट्स को उज्जैन, मंदसौर और बसई जैसे क्षेत्रों में ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट्स में भागीदारी के लिए आमंत्रित किया है।

### उद्यमियों के साथ समन्वय को प्राथमिकता

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सुझाव दिया कि दुबई स्थित कौशल विकास संस्थान मप्र के ग्लोबल स्किल पार्क के साथ मिलकर संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करे, जिससे उद्योगों को कुशल मानव संसाधन मिल सके। मुख्यमंत्री ने जेआईटीओ से जुड़ी क्लीनटेक कंपनियों को प्रदेश में पायलट प्रोजेक्ट्स शुरू करने के लिए आमंत्रित किया और बताया कि राज्य की नवकरणीय ऊर्जा नीति इन क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा देती है। बैठक में जेआईटीओ के पदाधिकारी, टेक्नोलॉजी विशेषज्ञ और प्रमुख उद्यमी उपस्थित रहे। उन्होंने मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया कि वे मध्यप्रदेश में स्किलिंग, टेक्नोलॉजी इनक्यूबेशन और सामाजिक परियोजनाओं में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

---

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया टेक्समास मुख्यालय का दौरा

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

दुबई दौरे के दूसरे दिन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने टैक्सटाइल मर्चेंट्स ग्रुप टेक्समास के मुख्यालय का भ्रमण किया और दुबई के प्रमुख कपड़ा व्यापारियों से मुलाकात कर उद्योग एवं निवेश से जुड़े अनेक विषयों पर चर्चा की। इस उच्च स्तरीय संवाद का उद्देश्य भारत-यूएई समग्र आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) के तहत कपड़ा क्षेत्र में व्यापार, नवाचार और निवेश के अवसरों को सशक्त बनाना है।

टेक्समास की स्थापना 1990 में दुबई चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के संरक्षण में हुई थी। यह दुबई के टैक्सटाइल री-एक्सपोर्ट हब के रूप में विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुका है। चेयरमैन नासिर अख्तून, वाइस चेयरमैन विनोद नागदा और अन्य भारतीय मूल के वरिष्ठ पदाधिकारियों की मौजूदगी में हुई बैठक में दोनों पक्षों ने सीईपीए के तहत द्विपक्षीय व्यापार को गति देने पर सहमति जताई।

## दुबई के प्रमुख कपड़ा व्यापारियों से मुलाकात कर चर्चा की

# वैश्विक टैक्सटाइल हब के रूप में मध्य प्रदेश को स्थापित करने की दिशा में अहम पहल



### डिजिटल टैक्सटाइल नवाचार में सहयोग

टेक्समास द्वारा अपनाए जा रहे ई-कॉमर्स आरएफआईडी इन्वेंट्री और डिजिटल लॉजिस्टिक्स समाधानों की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मप्र में स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग और इंडस्ट्री 4.0 को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने इस क्षेत्र में तकनीकी सहयोग के लिए यूएई कंपनियों को आमंत्रित किया। बैठक में टेक्समास के ईयू, यूएस मानकों के अनुरूप हरित वस्त्र उत्पादन और लॉजिस्टिक्स में ग्रीन इनिशिएटिव्स पर भी चर्चा हुई। डॉ. यादव ने बताया कि मप्र हरित टैक्सटाइल और जैविक कॉटन जैसे क्षेत्रों में तेजी से उभर रहा है।

### टेक्समास जैसी संस्थाओं को किया आमंत्रित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि मप्र इंडिया, इजराइल, यूएई, यूएसए के फोकस क्षेत्रों क्लीन टेक, फूड लॉजिस्टिक्स और औद्योगिक नवाचार में निवेश के लिए तैयार है। उन्होंने पायलट प्रोजेक्ट्स के लिए टेक्समास जैसी संस्थाओं को आमंत्रित किया। डॉ. यादव ने बताया कि राज्य सरकार नई पीढ़ी के टैक्सटाइल उद्यमियों को प्रशिक्षण, लाइसेंसिंग मार्गदर्शन और पूंजीगत समर्थन देने के लिए एक विशेष स्टार्टअप पॉलिसी लागू कर रही है। उन्होंने टेक्समास से युवा उद्यमियों के साथ जुड़ने और बी टू बी संवाद आयोजित करने का आग्रह किया। उल्लेखनीय है कि टेक्समास जैसे वैश्विक संगठनों से सहयोग प्राप्त कर मप्र को कपड़ा उद्योग में वैश्विक हब बनाने की राज्य सरकार की योजना अब वास्तविकता की ओर बढ़ रही है।

## दुबई के टैक्सटाइल व्यवसायियों ने प्रदेश से जुड़ने में जताई रुचि

**मध्यप्रदेश में श्रेष्ठ कॉटन, दुबई के उद्योगपति आएं: मुख्यमंत्री डॉ. यादव**

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि दुबई में टैक्सटॉइल सिटी पहुंच कर प्रवासी भारतीयों के बिजनेस मॉडल का अवलोकन एक महत्वपूर्ण अनुभव रहा। उन्होंने टैक्सटाइल सिटी के प्रमुख व्यवसायियों से चर्चा भी की और उन्हें पीएम मित्र पार्क की जानकारी दी। उद्यमियों ने टैक्सटॉइल के क्षेत्र में मध्यप्रदेश से जुड़ने में रुचि भी जताई है। डॉ. यादव ने कहा कि हमारा प्रयास है कि यहां के अधिकांश उद्यमी मध्यप्रदेश आएं। टैक्सटॉइल के क्षेत्र में मध्यप्रदेश बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। विश्व में सबसे शुद्ध कॉटन मध्यप्रदेश में मिलता है। हम टैक्सटाइल के क्षेत्र में निवेशकों को आमंत्रित करते हैं।

### दुबई में हुआ बहुत अच्छा प्रयोग

डॉ. यादव ने कहा कि यहां एक बहुत अच्छा प्रयोग हुआ है। यहां के व्यापारियों ने दुबई सरकार से जमीन लेकर तथा समिति बनाकर अपना एक मार्केट बनाया है। इस मार्केट की विशेषता है कि यहां तीन फ्लोर तक कार्य किया जाता है। आगे शोरूम भी है। रिटेल शॉप के साथ पीछे गोडाउन है। यह बहुत आदर्श व्यवस्था है। उन्होंने उद्यमियों से अपेक्षा की है कि आप भी यह संकल्प लें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़े और उनके साथ मध्यप्रदेश कदम से कदम मिलाकर चले और इसमें आपका पूरा सहयोग हो। दुबई के उद्यमियों को देश के सात राज्यों में पीएम मित्र पार्क (पीएम मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र) के विकास और मध्यप्रदेश में धार जिले में प्रारंभ प्रकल्प की जानकारी भी दी गई।

---

## कांग्रेसी नेता और उनके षड्यंत्र अब बेनकाब हो चुके : मंत्री राजपूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में भाजपा सरकार के विकास कार्यों को जनता एवं समाज पूर्ण विश्वास के साथ समर्थन दे रहा है। समाज पूरी तरह जागरूक है और किसी भी तरह के राजनीतिक बहकावे या अफवाह का शिकार नहीं होने वाला। जो लोग वर्षों से समाज को छलते रहे हैं, ऐसे कांग्रेसी नेता और उनके षड्यंत्र अब बेनकाब हो चुके हैं। यह बात प्रदेश शासन के मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कही। मंत्री राजपूत ने कहा कि समाज ऐसे झूठ और साजिशों का हिस्सा नहीं बनेगा। यदि समाज के युवाओं की कोई मांग है, तो सरकार उनसे संवाद भी करेगी और समाधान भी देगी। हम विश्वास के साथ कहना चाहते हैं कि भाजपा सरकार समाज के हर वर्ग के साथ है, सिर्फ़ घोषणा नहीं, धरातल पर काम कर रही है।

## मद्रास हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक कुमार मप्र हाईकोर्ट ट्रांसफर

**जबलपुर।** मद्रास हाईकोर्ट के पदस्थ न्यायमूर्ति विवेक कुमार सिंह को मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में न्यायाधीश के रूप में स्थानांतरित किया गया है। इस संबंध में भारत शासन, विधि व न्याय मंत्रालय, न्याय विभाग की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई है। जिसके अनुसार भारत के संविधान में दी गई व्यवस्था के अंतर्गत राष्ट्रपति ने नवीन पदस्थापना आदेश जारी कर दिया है। न्यायमूर्ति सिंह ने इलाहाबाद हाई कोर्ट से अपनी वकालत शुरू की थी। वे दीवानी और फौजदारी मामलों में वकालत करते थे। उन्हें 22 सितंबर, 2017 को इलाहाबाद हाईकोर्ट का अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त किया गया था। छह सितंबर, 2019 को वहीं स्थाई न्यायाधीश बने। 23 नवंबर, 2023 को उनका मद्रास हाई कोर्ट स्थानांतरण हुआ था। अब वे मप्र हाईकोर्ट आ रहे हैं।

## भारतीय दूतावास स्तर पर स्थाई संपर्क तंत्र विकसित करने पर सहमति बनी

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के तीन दिवसीय दुबई दौरे के दूसरे दिन की शुरुआत भारतीय कॉउन्सल जनरल सतीश कुमार सिवन की ओर से आयोजित ब्रेकफास्ट ब्रीफिंग से हुई। बैठक में भारतीय दूतावास स्तर पर एक स्थाई संपर्क तंत्र विकासित किए जाने पर सहमति बनी जिससे मप्र और यूएई के बीच संस्थागत संवाद के निरंतरता बने रहे। ताज बिजनेस बे स्थित बॉम्बे ब्रैसरी में इस मुलाकात में मुख्यमंत्री डॉ. यादव को यूएई में भारत की विभिन्न गतिविधियों और संभावित सहयोग क्षेत्रों की जानकारी दी गई। बैठक के दौरान जिन विषयों पर प्रमुखता से चर्चा हुई, उनमें मप्र प्रवासी व्यवसायियों को निवेश के लिए प्रेरित करने के विशेष प्रयास, दुबई-मप्र के बीच सांस्कृतिक एवं धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने की संभावनाएं और दुबई में एमपी डे आयोजित करने के लिए भारतीय मिशन की भागीदारी जैसे विषय शामिल रहे। मुख्यमंत्री ने औद्योगिक, अधोसंरचना, स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में संयुक्त प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में यह भी चर्चा हुई कि दुबई के प्रमुख औद्योगिक समूहों से मध्यप्रदेश उद्योग विभाग के सीधे संपर्क के लिए मिशन स्तर पर समन्वय किया जाएगा। साथ ही कृषि, टेक्सटाइल, ईवी, लॉजिस्टिक्स और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में कॉन्सुलेट की अगुवाई में सेक्टर-विशेष राउंडटेबल करने का प्रस्ताव रखा गया।

## प्रदेश में पुलिस का जन-जागरुकता अभियान 'नशे से दूरी है जरूरी' आज से होगा शुरू

**भोपाल।** प्रदेश को नशामुक्त बनाने की दिशा में पुलिस ने एक वृहद जन-जागरूकता अभियान नशे से दूरी है जरूरी की शुरूआत की है। यह अभियान 15 से 30 जुलाई तक पूरे राज्य में संचालित किया जाएगा।

पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा के मार्गदर्शन में यह अभियान पुलिस मुख्यालय की नारकोटिक्स विंग द्वारा चलाया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (नारकोटिक्स) केपी वेंकटेश्वर राव ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य मुख्यतः किशोरों और युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना, उन्हें इस लत से दूर रखना तथा जो लोग पहले से नशे की गिरफ्त में हैं, उन्हें उचित परामर्श और सहयोग प्रदान कर पुनर्वास की दिशा में मार्गदर्शन देना है। इस जन-जागरूकता अभियान में विभिन्न शासकीय विभाग, गैर-सरकारी संगठन, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि, और ग्राम एवं नगर सुरक्षा समितियां सक्रिय रूप से भाग लेंगी।

---

## प्रदेश प्रभारी डॉ. सिंह, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने भी किया कामकाजी बैठक को संबोधित

**मेरे परिवार से मैं अकेला व्यक्ति राजनीति में, भाजपा परिवार ही मेरा परिवार: हेमंत**

# हमें संवाद, समन्वय व संपर्क के माध्यम से भाजपा को और उंचाईयों पर लेकर जाना है: प्रदेशाध्यक्ष खंडेलवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हमें संवाद, समन्वय व संपर्क के माध्यम से पार्टी को और उंचाईयों पर ले जाना है। जिला एवं मंडल स्तर पर जो कार्य अपूर्ण है, उन्हें शीघ्र पूर्ण करना है। जिन जिलों में पार्टी का जिला कार्यालय नहीं है, वहां शीघ्र सर्वसुविधायुक्त भवन बनाने की दिशा में कार्य होगा। हमें संगठन द्वारा दिए गए कार्यक्रमों को समय सीमा में सुनिश्चित करना है।

जिला कोर कमेटी, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, बूथ अध्यक्ष एवं शक्ति केंद्र संयोजकों की अलग-अलग बैठकें महीने में एक बार अवश्य हो यह सुनिश्चित करें। यह बात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने सोमवार को भाजपा कार्यालय में आयोजित पार्टी की कामकाजी बैठक को संबोधित करते हुए कही। बैठक को प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने भी संबोधित किया।



### राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ जनता की सेवा ही एकमात्र लक्ष्य

खंडेलवाल ने कहा कि मेरे परिवार से मैं अकेला व्यक्ति राजनीति में हूं। भाजपा परिवार ही मेरा परिवार हैं, हम सब मिलकर संगठन को मजबूत करें। मैं भी आपकी तरह सामान्य कार्यकर्ता हूं, अध्यक्ष पद के दायित्व का निर्वहन कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि हम सब एक विचार के लिए कार्य करते हैं। हमारे लिए संगठन सर्वोपरि है। राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ जनता की सेवा ही हमारा एकमात्र लक्ष्य है। देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व एवं प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार की जनहितैषी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाकर उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है।

### करोड़ों कार्यकर्ताओं, 800 जिला अध्यक्षों में आप अलग होना चाहिए व्यक्तित्वः डॉ. महेंद्र

भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के देश में करोड़ों कार्यकर्ता और 800 जिला अध्यक्ष हैं, जिनमें आप शामिल हैं। आप सभी का व्यक्तित्व भी अलग होना चाहिए। भाजपा संगठन में जिला अध्यक्षों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। पार्टी के सभी कार्यकर्ता पूरी तैयारी के साथ हर समय अलर्ट रहें और समन्वय बनाकर संगठन के कार्यों को सुनिश्चित करें।

### सरकारें की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएं: हितानंद

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत के कारण पिछले विधानसभा और लोकसभा चुनावों में पार्टी को बड़ी सफलता हासिल हुई। हमारा यह सिलसिला आने वाले सालों में रुकना नहीं चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम में प्रदेश लगातार बेहतर प्रदर्शन के साथ आगे बढ़ रहा है। हमारा प्रयास हर बूथ पर 'मन की बात कार्यक्रम' का आयोजन कर ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने के साथ केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ उन्हें दिलाना है।

# जून में आधे केस पेंडिंग, रात में दफ्तर खोलकर निपटाएं केस

## तहसील दफ्तरों की शिकायतों पर भड़के कलेक्टर कौशलेंद्र, बोले-मुझे सुनना पड़ती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जून माह में नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा सहित अन्य 147 केस आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज किए गए, लेकिन उनके निपटारे का प्रतिशत 52 फीसदी है। एक महीने की इतनी बड़ी पेंडेंसी होने से तो पेंडेंसी की तादाद बढ़ती जाएगी। तहसील दफ्तरों की शिकायतें मेरे पास क्यों आ रही हैं। आप लोगों की लापरवाही की वजह से मुझे लोगों की सुनना पड़ रही है। इसलिए पेंडिंग केसों को निपटाया जाए, इसलिए रात में दफ्तर खोलकर काम करना पड़े, तो करें। यह बात सोमवार को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने टाइम लिमिट की बैठक में कही।

### खनिज अफसरों को निर्देश, फेंसिंग कराएं

कलेक्टर ने कहा कि कोलार, हुजूर, बैरसिया तहसील और वृत्त के सभी एसडीएम को निर्देश दिए हैं। वहीं बारिश को देखते हुए खदानों, तालाबों में डूबने से मौत के मामले भी सामने आ रहे हैं। इससे खनिज अधिकारी को निर्देश दिए कि वह जल्द से जल्द तार फेंसिंग करवाएं। बैठक में जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी, भूपेंद्र गोयल, अंकुर मेश्राम सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### धारणाधिकार के केस भी निपटाएं




जून 2025 में 147 प्रकरण आए, जिनमें से 52.65 प्रतिशत का निराकरण हो सका है। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में चिह्नित शिकायतों का संतोषजनक निराकरण किया जाए और समग्र ई-केवाईसी, फार्मर रजिस्ट्री, पीएम किसान योजना की ई-केवाईसी कार्यों को तेजी से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि धारणाधिकार के केस भी निपटाए जाएं।

### निराश्रित बच्चों के बनवाएं आधार

साथी अभियान के तहत निराश्रित बच्चों के आधार कार्ड बनाने कि प्रक्रिया में तेजी जाए और बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र बनवाते हुए शासकीय योजनाओं का प्राथमिकता से लाभ दिलाएं।

---

**शहर में अब तक सीजन में कुल 385 मिमी बारिश**

# राजस्थान की ओर बढ़ा सिस्टम कल से बारिश में आएगी गिरावट


स्थानः दानिश चौराहा
समयः शाम 6.10 बजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मंगलवार तक शहर में बादल, बारिश का दौर रहेगा। इसके बाद धीरेधीरे बारिश में कमी आएगी। प्रदेश में बना लो प्रेशर एरिया सोमवार को वेलमॉर्क लो प्रेशर एरिया में बदल कर पूर्वी राजस्थान की ओर बढ़ रहा है। इससे प्रदेश में पूर्वी और उत्तरी हिस्सों में बारिश जारी रहेगी, लेकिन भोपाल सहित मध्य भाग और पश्चिमी हिस्सों में बुधवार से कमी आएगी। शाम 5 बजे से अचानक काले घने का बादल घिरे और कुछ देर तेज बौछारें पड़ीं। इससे हवाओं में ठंडक घुल गई। दिन का पारा एक डिग्री गिरकर 28 डिग्री रहा।

### भोपाल सहित पश्चिमी हिस्से की बारिश में आएगी कमी

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार प्रदेश में बना लो प्रेशर एरिया अब वेलमार्क लो प्रेशर एरिया में बदल गया है। यह पूर्वी राजस्थान और पश्चिमी मध्य प्रदेश के ऊपर सक्रिय है। बुधवार तक यह राजस्थान से होते हुए पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर धीरे-धीरे आगे बढ़ेगा। वहीं, ट्रफ बीकानेर, पूर्वी राजस्थान और पश्चिमी मप्र के ऊपर से सीधी होते हुए गुजर रही है। इससे पश्चिमी मप्र में बारिश में कमी आएगी, लेकिन पूर्वी मप्र में अधिकांश जिलों में तेज से भारी और मध्यम बारिश होगी।

---

## चेयरमैन ने पीएस और सदस्य सचिव पर लगाए थे भ्रष्टाचार के आरोप

# सिया के चेयरमैन का चैंबर किया सील, सीएम ने दी समझाइश, तब चैंबर का खोला ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र स्टेट एनवायरनमेंट इम्पैक्ट असेसमेंट अथॉरिटी (सिया) में नियमों को दरकिनार कर 450 पर्यावरण अनुमतियों का मामला गहरा गया है। तीन आईएएस अधिकारियों पर सीधे तौर पर गंभीर आरोप लगे हैं। सोमवार को मामले में मोड़ आ गया। चेयरमैन के चैंबर में प्रमुख सचिव ने ताला जड़वा दिया। हालांकि इसकी जानकारी जब दुबई यात्रा पर गए सीएम डॉ. यादव को हुई तो उन्होंने अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। इसके तत्काल बाद चैंबर का ताला खोल दिया गया। इस मामले में बड़ी कार्रवाई की आशंका जताई जा रही है।

बताते हैं कि पर्यावरण विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी के निर्देश पर सिया चेयरमैन का चैंबर सील क कर दिया गया था। सिया के चेयरमैन शिवनारायण सिंह चौहान ने पर्यावरण विभाग के प्रमुख सचिव और सदस्य सचिव पर 450 अनुमतियों के मामले में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर इसकी शिकायत की थी। सोमवार को जब सिया के चेयरमैन चौहान जब अपने कार्यालय पहुंचे तो उन्हें कार्यालय सील होने की जानकारी मिली। बाद में मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप पर उनके चैंबर का ताला खोला गया था।



### सिया के चेयरमैन के आरोप

सिया के चेयरमैन चौहान ने आरोप लगाते हुए कहा कि मैंने परमिशन जारी करने में हुए भ्रष्टाचार को उजागर किया था, इसलिए यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि पिछले लगभग दो माह से सिया की कोई बैठक नहीं हुई है। जबकि नियमानुसार सिया के खातों, आवेदनों का निराकरण 45 दिनों के भीतर करना अनिवार्य है। इसी कारण जब मैं पत्र तैयार कराने के लिए सिया कार्यालय गया, तो कार्यालय बंद मिला। मुझे बताया गया कि प्रमुख सचिव नवनीत कोठारी ने निर्देश दिए कि अध्यक्ष को कार्यालय के कक्ष में नहीं बैठने दिया जाए।

### यह है पूरा मामला

*पिछले सप्ताह सिया के चेयरमैन चौहान ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर प्रमुख सचिव पर्यावरण डॉ. कोठारी और एप्को डायरेक्टर उमा आर माहेश्वरी पर आपराधिक केस दर्ज कराने के लिए कहा था। यह पूरा मामला 450 प्रकरणों में पर्यावरणीय अनुमति दिए जाने से जुड़ा है। चेयरमैन का कहना है कि परमिशन देने का अधिकार डायरेक्टर या प्रमुख सचिव को है ही नहीं, इसके बाद भी ऐसा करना अपराध की श्रेणी में आता है। सिया के नियमों में साफ लिखा है कि सिया की कमेटी के अलावा कोई परमिशन जारी नहीं कर सकता है। अगर कोई ऐसा करता है तो उसे 5 साल की सजा का प्रावधान है।*

### सिंहस्थ से जुड़े कई अहम प्रोजेक्ट लटकाकर रखे

*चौहान ने यह भी कहा कि सिंहस्थ से जुड़े कई अहम प्रोजेक्ट को लटकाकर रखे गए हैं। जबकि खनिज, उद्योग और बड़े निर्माण प्रोजेक्ट को पर्यावरणीय मंजूरी जारी कर दी गई। 23 मई को यह मामला उस समय सामने आया जब सिया की मंजूरी के बिना एप्को के प्रभारी सदस्य सचिव श्रीमन शुक्ला ने प्रमुख सचिव के अनुमोदन से 450 मामलों में डीम्ड पर्यावरणीय मंजूरी जारी कर दी है। जिसमें 200 से अधिक मामले खनिज विभाग से संबंधित रहे। उन्होने डीम्ड परमिशन जारी किए जाने किए जाने की शिकायत केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से भी की थी। साथ ही डायरेक्टर की कार्यप्रणाली और अनियमितताओं को लेकर 50 से अधिक पत्र मैं लिख चुका हूं। पर्यावरण विभाग में फैली अराजकता को दूर करने के लिए इस कदाचरण पर सख्त कार्रवाई करना जरूरी है ताकि कानून का राज स्थापित हो सके।*

### नियम विरुद्ध पर्यावरणीय अनुमतियों को जारी करने का लगाया आरोप

सिया के चेयरमेन ने बताया कि पर्यावरण क्लीयरेंस जारी करने का अधिकार भारत सरकार और स्टेट एनवायरनमेंट इम्पैक्ट असेसमेंट अथॉरिटी को है। इनके अलावा कोई भी संस्था यानी इनवायरनमेंट क्लीयरेंस जारी नहीं कर सकती। पर्यावरण विभाग के प्रमुख सचिव ने 237 मामलों में अनुमति जारी कर दी। उन्होंने आरोप लगाया कि यह गंभीर अनियमितता है, जिसमें 5 साल तक की सजा का प्रावधान है।

---

# आज से आठ घंटे पहले बनेगा रेलवे का आरक्षण चार्ट, नए निर्देश जारी

## इमरजेंसी कोटे के आवेदन एक दिन पहले स्वीकार होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रेलवे की ओर से आरक्षण चार्ट तैयार करने के संबंध में नए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, जिसके तहत आरक्षण चार्ट की तैयारी प्राथमिकता के आधार पर कम से कम आठ घंटे पहले की जाएगी। यह नियम 15-16 जुलाई की रात से लागू होगा। इसके बाद इमरजेंसी कोटे के आवेदन एक दिन पूर्व स्वीकार किए जा सकेंगे।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि पूर्व में यह चार्टिंग प्रक्रिया ट्रेन प्रस्थान से 04 घंटे पूर्व तैयार की जाती थी जो कि अब 08 घंटे पूर्व तैयार किया जाएगा, जिससे प्रतीक्षा सूची और आरएसी यात्रियों को अपनी बर्थ की स्थिति 08 घंटे पहले मालूम चल सकेगी। श्री कटारिया ने आगे बताया कि इस निर्णय का उद्देश्य यात्रा की योजना में सुधार लाना है ताकि यात्री टिकट कन्फर्मेशन की स्थिति समय रहते जान सकें। यह नवाचार यात्रियों की संतुष्टि में वृद्धि करेगा।



### अब चार्ट तैयार होने की यह रहेगी टाइमिंग

- जिन ट्रेनों का प्रस्थान सुबह 05:00 बजे से दोपहर 14:00 बजे के बीच है, उनका पहला चार्ट पूर्ववर्ती दिन रात्रि 21:00 बजे तक तैयार किया जाएगा।
- जिन ट्रेनों का प्रस्थान दोपहर 14:00 बजे से रात्रि 23:59 बजे के बीच या मध्य रात्रि 00:00 बजे से सुबह 05:00 बजे के बीच है, उनका पहला चार्ट अब 08 घंटे पूर्व तैयार किया जाएगा।
- दूसरे आरक्षण चार्ट तैयार करने के संबंध में मौजूदा प्रावधानों में कोई बदलाव नहीं होगा।
- यह नई व्यवस्था रिमोट लोकेशन (दूरस्थ स्टेशनों) पर चार्ट प्रक्रिया के लिए भी अनिवार्य रूप से लागू होगी।

## पौने सात घंटे की देरी से आईं भोपाल आने वाली ट्रेनें

देशभर में हो रही बारिश के चलते ट्रेनों की रफ्तार रोक दी है। इसके चलते भोपाल आने वाली कई ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। ट्रेन्स अपने निर्धारित समय से 25 मिनट से करीब पौने सात घंटे देर से आईं। पंजाब, दिल्ली व मुंबई रूट से आने वाली ट्रेनें सबसे अधिक प्रभावित हो रही हैं। सोमवार को जहां अधिकांश ट्रेनें देरी से पहुंची। इसमें जहां सचखंड एक्सप्रेस करीब पौने सात, बलिया-दादर स्पेशल ट्रेन करीब 3 घंटे तो वहीं शताब्दी एक्सप्रेस में करीब 26 मिनट की देरी सहित करीब एक दर्जन ट्रेनें ट्रेनें देरी से आईं।

### यह ट्रेनें आईं देरी से

- *12716 सचखंड एक्सप्रेस 6.41 घंटे*
- *12410 गोंडवाना एक्सप्रेस 1:03 घंटे*
- *01026 बलिया - दादर स्पेशल 2:50 घंटे*
- *22537 कुशीनगर सुपरफास्ट एक्सप्रेस 0.45 मिनट*
- *11058 अमृतसर पठानकोर्ट 0.40 मिनट*
- *18238 छतीसगढ़ एक्सप्रेस 0 37 मिनट*
- *12138 पंजाब मेल 0.30 मिनट*
- *12156 भोपाल एक्सप्रेस 0 27 मिनट देरी से आई*
- *12002 शताब्दी एक्सप्रेस 0.26 मिनट देरी से आई आदि*

---

# मलेरिया से बचाव के लिए दिया प्रेजेंटेशन फील्ड पर उतरेंगे जिम्मेदार अधिकारी

## जिला मलेरिया कार्यालय-ननि की समन्वय बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिला मलेरिया के नोडल अधिकारी, निगम के जोनल अधिकारी (जेडओ) और सुपरवाइजर मच्छरों की उत्पत्ति वाले हॉट स्पॉट्स को चिह्नित करेंगे। मच्छरों के प्रजनन को रोकने के लिए आयल बाल्स के इस्तेमाल, कीटनाशकों का छिड़काव, लार्वा मिलने पर उसे नष्ट करने के निगमायुक्त हरेंद्र नारायन ने निर्देश दिए।

सोमवार को माता मंदिर स्थित निगम कार्यालय में डेंगू और मलेरिया की रोकथाम के लिए जिला मलेरिया कार्यालय और नगर निगम की समन्वय बैठक आयोजित की गई। जिला मलेरिया अधिकारी स्मिता नामदेव ने मच्छरों की उत्पत्ति के कारणों, प्रजनन, लार्वा के कारणों और उससे बचाव के संबंध में प्रेजेंटेशन दिया। नामदेव ने मलेरिया विभाग के नोडल जोन प्रभारी व सुपरवाईजरों को निगम अधिकारियों के साथ टीम बनाकर काम करने के निर्देश दिए।




### पानी नहीं होने दें जमा

*सीमेंट की टंकियों, ड्रम, पुराने टायरों, कूलर, गमले में पानी जमा न होने देने, अपने आसपास सफाई रखने, मच्छरदानी का उपयोग करने, पानी की निकासी के उचित प्रबंध करने के संबंध में नागरिकों को जानकारी उपलब्ध कराने और निरंतर निरीक्षण करने को कहा।*

### आज से 12 दिन तक सीएम हाउस से वन विहार गेट तक वाहनों के प्रवेश पर रहेगी रोक

**भोपाल।** वायुसेना अग्निवीर योजना के तहत मंगलवार से भोपाल में भर्ती प्रक्रिया शुरू हो रही है। इसके चलते 12 दिनों तक सीएम हाउस से वन विहार गेट तक वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी। यातायात पुलिस के अनुसार 15 से 26 जुलाई तक वायुसेना अग्निवीर योजना के तहत भर्ती का आयोजन बोट क्लब पर किया जा रहा है। इस के चलते फिजिकल एक्टीविटी के दौरान मुख्यमंत्री निवास गेट-1 से वन विहार गेट तक सुबह 5 बजे से 9 बजे तक इस मार्ग पर वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। वन विहार जाने वाले गेट नम्बर-02 का प्रयोग करे।

# सड़क किनारे खड़े 25 वाहन किए जब्त, कोलार से हटाया अतिक्रमण

## जब्तशुदा वाहनों को पहुंचाया टीटी नगर दशहरा मैदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निगम के दस्ते ने सोमवार को एमपी नगर जोन-एक और जोन-दो में नो पार्किंग जोन, सरकारी जमीन सहित अन्य स्थानों पर अवैध रूप से खड़े 15 दो पहिया वाहन और 10 चार पहिया वाहन जब्त किए। जब्तशुदा वाहनों को टीटी नगर दशहरा मैदान पहुंचाया गया।

इसके अलावा निगम के अमले ने कोलार रोड गिरधर परिसर स्थित सड़क पर अवैध रूप से रखी भवन निर्माण सामग्री हटवाई, साथ ही नीलबड़ क्षेत्र में दो अवैध चबूतरे, पंचशील नगर क्षेत्र में सड़क पर अवैध रूप से लगाया गया लोहे का जीना, अशोका गार्डन थाने के पीछे नाली पर अवैध रूप से रखी फर्शियां हटवाई और भानपुर शिव नगर क्षेत्र में अवैध रूप से बना एक शेड भी तोड़ा। निगम अमले ने अन्य स्थानों से विभिन्न प्रकार का अतिक्रतण हटाते हुए 10 ठेले, दो फोल्डिंग टेबिल, दो स्टैंड, छह लकड़ी के पटिये, तीन स्टूल, सात बोर्ड, एक लोहे का जीना सहित अन्य प्रकार का छह ट्रक सामान जब्त किया।



# बड़े तालाब किनारे तान लिए 35 मकान, कब्जे हटाने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बड़े तालाब के फुल टैंक लेबल से पचास मीटर दायरे में अवैध कब्जे बढ़ रहे हैं। वर्तमान में टीटी नगर क्षेत्र के भदभदा इलाके में अब तक एफटीएल के दायरे में 35 मकान और फार्म हाउस चिन्हित किए गए हैं, जिन्हें हटाया जाएगा। सोमवार को कलेक्ट्रेट में जिला भोज वेटलैंड अथॉरिटी की बैठक रखी गई, लेकिन इसमें इक्का-दुक्का अफसर ही पहुंचे, जिससे नाराज कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने पांच मिनट में ही बैठक खत्म कर दी। बैठक शुरू होते ही पीसीबी और एप्को के अफसरों ने बताया कि भोज वेटलैंड एरिया में अतिक्रमण की तादाद बढ़ रही है। जिसके लिए तालाब के एफटीएल से 50 मीटर दायरे में आने वाले निर्माणों को हटाया जाए। जिस पर कलेक्टर ने बताया कि सर्वे का काम चल रहा है। टीटी नगर क्षेत्र में 35 अतिक्रमण भी चिन्हित किए गए हैं।

---

## आंबेडकर मैदान में जुटे यूनियन पदाधिकारी, किया धरना-प्रदर्शन का आयोजन

# भोपाल में टैक्सी यूनियन की हड़ताल का मिला-जुला असरः 700 टैक्सी रहीं बंद, लोग हुए परेशान, ई-रिक्शा-ऑटो चालकों ने वसूला मनमाना किराया



आईएसबीटी के बाहर परिवहन साधन के लिए परेशान होते लोग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में टैक्सी यूनियन की हड़ताल का मिला-जुला असर देखने को मिला है। यूनियन ने भले ही 2500 टैक्सियों के पहिए थमने का दावा किया था, लेकिन 70 फीसदी टैक्सी संचालित होती रहीं। इस हड़ताल में करीब 700 टैक्सियां यानी 30 फीसदी टैक्सी संचालक ही हड़ताल में शामिल हुए। एयरपोर्ट से लेकर बस स्टैंड व रेलवे स्टेशनों पर आम दिनों की तरह कई ओला-उबर टैक्सी संचालित होती नजर आई।

**2500 टैक्सियों के पहिए थमने का किया गया था दावा | आम दिनों की तरह कई टैक्सी संचालित होती नजर आई**

### आंबेडकर पार्क में किया विरोध प्रदर्शन



आंबेडकर जयंती पार्क में हड़ताल के समर्थन में टैक्सी चालकों और यूनियन पदाधिकारी एकत्रित हुए। यहां पर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। इस मौके पर यूनियन के राष्ट्रीय सचिव ने नफीस उद्दीन ने बताया परिवहन विभाग और ओला-ऊबर से नाराजगी है। हम हमारी मांग है कि परिवहन विभाग इसमें हस्तक्षेप करे और हमारी बात सुने। जब ओला-ऊबर सर्विस शुरू हुई थी तब वह हमें इंसेंटिव देता था जो कि अब बंद हो गया है। इसके अलावा ओला-ऊबर ने प्रतिदिन का 150 रुपए सब्सक्रिब्शन चार्ज जोड़ दिया है।



### 80 रुपए किराया वसूला

*इस हड़ताल के चलते कुछ रूटों पर यात्रियों को टैक्सी नहीं मिली, उन्होंने ई-रिक्शा और कुछेक खुले ऑटो का सहारा लिया, लेकिन इन चालकों ने मौके का फायदा उठाते हुए 2 से 3 गुना ज्यादा किराया वसूला। भोपाल रेलवे स्टेशन पर यात्री मोहम्मद जावेद ने बताया कि वह जुमराती बाजार से स्टेशन पहुंचे हैं और उनसे 80 रुपए किराया वसूला गया है। जबकि आम दिनों में यह सफर 35 से 40 रुपए लिए जाते हैं।*

SBI
भारतीय स्टेट बैंक
केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, मुंबई
फोन: 022-22820427
आवेदन के लिए क्यूआर स्कैन करें

**नियमित/संविदा आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की भर्ती**

नियमित/संविदा आधार पर निम्नलिखित पद के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2025-26/05

| क्र.सं. | पद का नाम | रिक्ति | प्रकार |
|---|---|---|---|
| 1 | महाप्रबंधक (आईएस ऑडिट) | 01 | संविदा |
| 2 | एवीपी (आईएस ऑडिट) | 14 | संविदा |
| 3 | उप प्रबंधक (आईएस ऑडिट) | 18 | नियमित |

पात्रता मानदंड (आयु, अनुभव, जॉब प्रोफाइल आदि), रिक्ति विवरण, आवश्यक शुल्क एवं अन्य विवरण के लिए बैंक की वेबसाइट https://bank.sbi/web/careers/current-openings पर लॉग ऑन करें और ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करें तथा आवेदन शुल्क ऑनलाइन जमा करें. आवेदन करने और शुल्क जमा करने से पहले अपनी पात्रता एवं अन्य विवरण सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत विज्ञापन पढ़ें. कोई अन्य जानकारी के लिए कृपया "CONTACT US"→ "Post Your Query" लिंक के माध्यम से हमें लिखें, जो कि बैंक की अधिकृत वेबसाइट (https://bank.sbi/web/careers/post-your-query) पर उपलब्ध है.

- **आवेदन ऑनलाइन जमा करने और शुल्क का भुगतान करने की तिथि : 11.07.2025 से 31.07.2025 तक.**

स्थान: मुंबई
दिनांक: 11.07.2025
महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)

BARKATULLAH UNIVERSITY
BHOPAL-462026
DEPARTMENT OF MICROBIOLOGY
No. 03/MPCST Project /Micro//2025 Bhopal, Dated 14.07.2025

APPLICATION FOR THE POST OF JUNIOR RESEARCH FELLOW (JRF)

Applications are invited for one post of Junior Research Fellow (JRF) for the MPCST-sponsored research project for the duration of 2 years at a stipend of Rs. 20,000/- (Twenty Thousand Only) per month. Candidates with M.Sc. in Microbiology/Biotechnology/Life Sciences (minimum 60% marks) may submit their application in prescribed format which is available on university website with photocopy of supporting documents, testimonials and research publications to Dr. Preetibala Solanki, Project Investigator (MPCST Project) Department of Microbiology, Barkatullah University, Bhopal-462026 (M.P.) by post within 15 Days from publication of this Advertisement. For details, please go through the website **www.bubhopal.ac.in**

M.P. Madhyam/121074/2025 REGISTRAR



इण्डियन ओवरसीज़ बैंक
Indian Overseas Bank
(भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking)
आपकी प्रगति का सच्चा साथी Good people to grow with
www.iob.in

एम.पी. नगर शाखा : 12 एस.बी.आई. कालोनी, जोन-2, एम.पी. नगर, भोपाल
फोन : 0755-2578842/2558983
Email:iob1115@iob.in

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु ई-नीलामी सूचना**

प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले को, जमानतदार को और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का **कब्जा इण्डियन ओवरसीज़ बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जहां है, जैसा है, ''जो है जैसा है'' और जो कुछ भी है'' के आधार पर **ऋणी-मेसर्स माय व्हील्स प्रा. लि. पंजीकृत कार्यालय स्थित -6,7, मालवीय नगर, भोपाल (म.प्र.) 462001 एवं आउटलेट स्थित 50, निशांत कालोनी, लिंक रोड, भोपाल (म.प्र.) 462003 एवं उनके जमानतदार- (1) श्रीमती मंजू गर्ग पत्नि स्व. श्री सौरभ गर्ग (2) श्री ऋषभ गर्ग पुत्र स्व. श्री सौरभ गर्ग (3) सुश्री पंखुड़ी गर्ग पुत्री स्व. श्री सौरभ गर्ग (सभी क्र. 1 से 3 मेसर्स माय व्हील्स प्रा. लि. के डायरेक्टर एवं जमानतदार है तथा सभी स्व. श्री सौरभ गर्ग (बंधककर्ता) के कानूनी उत्तराधिकारी है तथा सभी निवासी : ई-7/88, एसबीआई कालोनी, सांई बोर्ड के पास, अरेरा कालोनी, हुजूर, आर.एस. नगर, भोपाल (म.प्र.) 462016)** से **इण्डियन ओवरसीज़ बैंक (सुरक्षित लेनदार)** की ₹ **25,42,11,404/-** (रु. पच्चीस करोड़ बयालीस लाख ग्यारह हजार चार सौ चार मात्र) (दिनांक **11.07.2025** को) की बकाया राशि एवं उस पर अप्रभारित ब्याज / संविदात्मक दर से देय ब्याज एवं अन्य खर्चे तथा अन्य वैधानिक /विधिक खर्च की वसूली हेतु दिनांक **30 जुलाई 2025** को बेचा जाएगा।

**आरक्षित मूल्य एवं धरोहर राशि नीचे वर्णित व्यक्तिगत अनुसूचित संपत्ति के लिए नीचे दी गई है।**

**2 व्यावसायिक प्लाट्स (सी-1 एवं सी-16 स्थित खसरा नंबर 281/2/2, 281/1/2, 281/2/1, 282/1/1, 291, 292, 311, 376, 377, 378, 373, 374, 305, 306, 307 और 309 के भाग स्थित 'माय सिटी' गांव - कालापानी, पी.एच. नंबर 08, कोलार रोड, तहसील- हुजूर, जिला- भोपाल (म.प्र.), जिसका कुल प्लॉट क्षेत्रफल 286.72 वर्गमीटर है। संपत्ति मालिक - स्वर्गीय सौरभ गर्ग (कानूनी उत्तराधिकारियों द्वारा प्रतिनिधित्व) का है, जैसा कि नीचे दी गई अनुसूची के अनुसार है:**

**अनुसूची-1: प्लॉट संख्या सी-1 (कार्नर व्यावसायिक प्लॉट)**

| चर्तुसीमाएं एवं क्षेत्रफल | आरक्षित मूल्य, धरोहर राशि एवं बिड वृद्धि राशि |
|---|---|
| पूर्वः प्लॉट नं. सी-88, सी-89 एवं सी-90<br>पश्चिमः सड़क, उत्तरः सड़क<br>दक्षिणः प्लॉट नं. सी-2<br>क्षेत्रफल- 149.35 वर्गमीटर | आरक्षित मूल्यः रु. 27,15,000/-<br>धरोहर राशिः रु. 2,71,500/-<br>बिड वृद्धि राशि : रु. 10,000/- |

**अनुसूची-2: प्लॉट संख्या सी-16 (कार्नर व्यावसायिक प्लॉट)**

| चर्तुसीमाएं एवं क्षेत्रफल | आरक्षित मूल्य, धरोहर राशि एवं बिड वृद्धि राशि |
|---|---|
| पूर्वः प्लॉट नं. सी-71 एवं रोड<br>पश्चिमः सड़क, उत्तरः प्लॉट नं. सी-15<br>दक्षिणः सड़क<br>क्षेत्रफल- 137.37 वर्गमीटर | आरक्षित मूल्यः रु. 24,95,000/-<br>धरोहर राशिः रु. 2,49,500/-<br>बिड वृद्धि राशि : रु. 10,000/- |

**ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : दिनांक 30-07-2025 को सुबह 11.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक**

**नोटः टीडीएस लागू *पचास लाख और उससे अधिक की अचल संपत्ति की बिक्री/हस्तांतरण के मामले में, ट्रांसफरी को लागू आयकर के रूप में प्रतिफल के 1% के बराबर राशि का भुगतान करना होगा।**

**विक्रय की विस्तृत नियम एवं शर्ते हेतु निम्नवर्णित वेबसाइट / वेबपेज पोर्टल की लिंक देखें : https://baanknet.com (2) www.iob.in**

नोट - यह नोटिस प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6)/ नियम 9 (1) के अन्तर्गत ई-नीलामी आयोजित करने हेतु उक्त ऋणी / उधारकर्ता / जमानतदारों को सूचना भी है।

**स्थान : भोपाल** **प्राधिकृत अधिकारी**
**प्रकाशन दिनांक : 11.07.2025** **इण्डियन ओवरसीज़ बैंक**



मध्यप्रदेश पाठ्यपुस्तक निगम
"पुस्तक भवन" अरेरा हिल्स, भोपाल-462011
दूरभाष : 0755-2550727, 2551565
ई-मेल : info.mptbc@mp.gov.in, वेबसाइट : mptbc.mp.gov.in
क्रमांक/5698/पापुनि/मुद्रण/2025 भोपाल, दिनांक : 14.07.2025

**शिक्षा सत्र 2025-2026 के लिए पाठ्य सामग्री के मुद्रण हेतु ई-निविदा आमंत्रण की सूचना**

**(निविदा क्रमांक-PTG-09-/2025-2026)**

शिक्षा सत्र 2025-2026 के लिये पाठ्य सामग्री के मुद्रण हेतु शीटफैड ऑफसेट मशीन पर मुद्रणालयों से **दिनांक 22.07.2025 समय प्रातः 11.00 बजे तक** ई-निविदा आमंत्रित है, जो कि ई-टेण्डरिंग पोर्टल **https://mptenders.gov.in** पर **दिनांक 15.07.2025 समय सायं 05.00 बजे** से देखी जा सकती है। निविदा के संबंध में जानकारी हेतु 24x7 हेल्प डेस्क नम्बर 0120-4001 002/0120-4200 462/0120-4001 005/0120-6277 787 पर संपर्क किया जा सकता है। उक्त निविदा का विस्तृत विवरण एवं संशोधन/परिवर्तन/शुद्धिपत्र (यदि कोई होवे) तो उपरोक्त पोर्टल पर उपलब्ध होंगे।

म.प्र. माध्यम/121082/2025 **प्रबंध संचालक**



**कार्यालय नगर पालिक निगम भोपाल**
**जोन क्रं 09 वार्ड क्रं 69**
150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

सर्वसाधाराण को सूचित किया जाता है। कि जोन कार्यालय क्रं.09 नगर निगम भोपाल के निम्न वार्ड कार्यालय 69 से प्राप्त आवेदन पत्रों को आधार पर नियमानुसार शुल्क जमा कराए जाने के पश्चात उनके नाम संपत्तिकर अभिलेखों में परिवर्तित किए जाना है। यदि किसी को भी इन लीज नामान्तरण पर कोई आपत्ति हो तो अभिलेखों के साथ जोन क्रं.09 नगर निगम भोपाल में 15 दिवस के अंदर प्रस्तुत कर सकते है। उक्त निर्धारित समयवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति अमान्य कर दी जावेगी।

| क्रं | वार्ड क्रं | आवेदक का नाम | पूर्व स्वामी का नाम | भूखण्ड का पता | खाता नं/सम्पत्तिकर आई.डी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 69 | श्री मोहम्मद अख्तर पुत्र श्री मोहम्मद शरीफ | श्रीमती तनुजा अरोरा पत्नि स्व श्री कमलजीत अरोरा | 369 अशोक विहार कॉलोनी अशोका गार्डन भोपाल | |

सू. क्रं 1923/025/026

**जोनल अधिकारी**
**जोन क्रं.-09**
**नगर निगम भोपाल**


बिजनेस साइट

# मोमेंटम इन्वेस्टिंग क्या है? इसे ऐसे समझें



**अजय सिंह सेंगर**
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, ग्वालियर

**ग्वालियर।** बाजार में कई कारक काम करते हैं - वैल्यू, गुणवत्ता, ग्रोथ, अस्थिरता, मोमेंटम - आदि। बाजार की गतिविधियों के संदर्भ में, एक ट्रेंड का विकास और उसके समाप्त होने से पहले उसे बनाए रखना महत्वपूर्ण फैक्टर्स में से एक है।

मोमेंटम इन्वेस्टिंग का अर्थ है ऐसे स्टॉक चुनना जो अच्छी स्थिति में हों और जो खराब स्थिति में हों उन्हें छोड़ देना। मूल रूप से, यह रणनीति विभिन्न निवेश शैलियों में बदलती रहती है, और अवसर आने पर विभिन्न क्षेत्रों और बाजार पूंजीकरण में निवेश करने की अत्यधिक लचीलापन प्रदान करती है। मोमेंटम इन्वेस्टिंग के पीछे मूल सिद्धांत यह विश्वास है कि हाल ही में बाजार में बेहतर प्रदर्शन करने वाले शेयरों की सफलता जारी रहने की संभावना है। इसमें पॉजिटिव मोमेंटम प्रदर्शित करने वाली सिक्योरिटीज की सक्रिय रूप से तलाश करना और निगेटिव रुझान प्रदर्शित करने वाली सिक्योरिटीज से रणनीतिक रूप से बाहर निकलना शामिल है।

**मोमेंटम इन्वेस्टिंग के लाभ-** डिस्पोजिशन प्रभाव के विरुद्ध दांवः डिस्पोजिशन प्रभाव एक व्यवहारिक पूर्वाग्रह है जहां निवेशक उन एसेट्स को बेचने की अधिक संभावना रखते हैं जिनका मूल्य बढ़ गया है, जबकि उन एसेट्स को खरीदते हैं जिनका मूल्य कम हो गया है। मोमेंटम रणनीति इस निवेश पूर्वाग्रह का ध्यान रखती है।

**अनुशासित प्रोसेसः** मोमेंटम इन्वेस्टिंग, बेचने या होल्ड करने के निर्णयों से जुड़ी भावनाओं और पूर्वाग्रहों को दूर करता है।

**प्राइस ट्रैप से बचता हैः** मोमेंटम इन्वेस्टिंग, घाटे में चल रहे शेयरों को इस उम्मीद में नहीं छोड़ता कि वे पलट जाएंगे, बल्कि शुरुआती नुकसान को कम करता है।

**अत्यधिक लचीलापनः** चूंकि मोमेंटम इन्वेस्टिंग बाजार के रुझानों को समझता है, यह निवेश शैलियों, क्षेत्रों और बाजार पूंजीकरणों में सहजता से बदलाव करता है। यह काफी ऑटोमैटिक और तेज है।

**मोमेंटम इन्वेस्टिंग में किसे निवेश करना चाहिए ? -** मोमेंटम इन्वेस्टिंग में पोर्टफोलियो के प्रदर्शन को बेहतर बनाने की क्षमता है। हालांकि ऐतिहासिक रिसर्च बताते हैं कि मोमेंटम-आधारित निवेशों ने व्यापक बाजार की तुलना में कई बार बेहतर प्रदर्शन किया है, लेकिन अंदरूनी तौर पर छिपे हुए जोखिमों को पहचानना महत्वपूर्ण है। इसलिए, जिन निवेशकों में जोखिम लेने की गहरी इच्छा है, वे मोमेंटम इन्वेस्टिंग पर विचार कर सकते हैं, खासकर उन म्यूचुअल फंड योजनाओं के माध्यम से जो मोमेंटम इन्वेस्टिंग का पालन करती हैं। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एक्टिव मोमेंटम फंड, एक ओपन-एंडेड इक्विटी म्यूचुअल फंड है जो अर्निंग्स या प्राइस मोमेंटम के आधार पर शेयरों का चयन करता है, ऐसी ही एक बेहतरीन ऑफर है। इसका नया फंड ऑफर (एनएफओ) 08 जुलाई, 2025 से 22 जुलाई, 2025 तक निवेश के लिए खुला है।

## पेज एक का शेष...

## 'शुभ मंगल' की बेला...

बाद फिर से अंतरिक्ष में भागीदारी की है। शुभांशु और उनकी टीम ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट में सवार हैं और अंतरिक्ष स्टेशन से अनडॉकिंग सोमवार शाम करीब 4:50 बजे (भारतीय समयानुसार) हुआ है। इसके बाद स्पेसक्राफ्ट 22 घंटे 25 मिनट की यात्रा के बाद यानी मंगलवार दोपहर 3:01 बजे आईएसटी पर कैलिफोर्निया के तट के पास समुद्र में स्प्लैशडाउन करेगा। यह पूरी प्रक्रिया स्वचालित होगी और उसमें किसी मैनुअल हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं होगी। वहीं स्पेसक्राफ्ट की अनडॉकिंग पर केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- शुभांशु, आपका स्वागत है! पूरा देश आपके घर वापस आने का बेसब्री से इंतजार कर रहा है... क्योंकि एक्सिओम-4 को सफलतापूर्वक अनडॉक करने के बाद आप अपनी वापसी यात्रा शुरू कर रहे हैं।

## धरती पर लौटने ....

में लाने के लिए यह जरूरी है। इस पूरी प्रक्रिया को वैज्ञानिकों की निगरानी में किया जाएगा।

## ट्रेन के सभी...

मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू द्वारा उत्तर रेलवे में प्रायोगिक तौर पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों के लाभों की समीक्षा के बाद लिया गया।

## ट्रेन में सीसीटीवी...

उपनगरीय ट्रेनें शामिल हैं। भारतीय रेलवे से प्रतिदिन लगभग 2.4 करोड़ यात्री सफर करते हैं। सीसीटीवी कैमरे चोरी, छेड़छाड़, उत्पीड़न और अन्य आपराधिक गतिविधियों को रोकने में मदद करते हैं।

## विधानसभा के सुझावों ...

लेकर देश की दूसरी विधानसभा अध्यक्षों को भी पत्र लिखकर उनके सुझाव मंगाए जाएंगे। समिति की अगली बैठक राजस्थान में आहूत होगी। इस बैठक में समिति के दायित्वों, कार्यकलापों आदि पर विचार किया जाएगा। इस तरह की दो-तीन और बैठकें होंगी। राजस्थान में होने वाली बैठक का समय व तारीख की घोषणा बाद में की जाएगी। दरअसल, लोकसभा अध्यक्ष ने पिछले दिनों राज्य विधानसभाओं में गठित समितियों की बैठक आहूत कर समीक्षा करने को कहा था। इसके लिए मप्र विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर को अध्यक्ष बनाया गया था। इस समिति की यह पहली बैठक आयोजित की गई है। बैठक में अध्यक्ष तोमर ने कहा कि समिति प्रणाली की समीक्षा के लिए गठित पीठासीन अधिकारियों की समिति की यह प्रथम बैठक हुई है। उन्होंने कहा कि हमारे देश की लोकतांत्रिक प्रणाली में संसद एवं विधानसभाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। संसद या विधानसभा के सत्रों में जितनी सूक्ष्म निगरानी की जरूरत होती है, वह सत्र में संभव नहीं हो पाता है। इसलिए समितियों के गठन की प्रणाली को शुरू किया गया है।

## दुबई को पसंद ...

कृषि-तकनीक में यूएई के साथ मिलकर काम करने की इच्छा जताई, जिससे भारत और खाड़ी देशों के बीच कृषि आपूर्ति श्रृंखला को सशक्त किया जा सके। उन्होंने यूएई के विदेश व्यापार राज्यमंत्री डॉ. जेयूदी को सौर ऊर्जा, स्मार्ट ऑटोमेशन, एम्बेडेड इलेक्ट्रॉनिक्स और इंडस्ट्री 4.0 जैसे क्षेत्रों में यूएई की विशेषज्ञता को आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि अधोसंरचना के साथ मध्यप्रदेश सरकार की उद्योग मित्र पॉलिसी उनका स्वागत करने के लिये तैयार है।

**क्षेत्रीय कार्गो हब के प्रस्ताव पर बनी सहमतिः** बैठक में मुख्य रूप से इंदौर और भोपाल शहरों से दुबई के लिए सीधी विमान सेवाएं शुरू करने पर चर्चा हुई। मध्य भारत में एक क्षेत्रीय कार्गो हब स्थापित करने के प्रस्ताव पर भी सहमति बनी। एविएशन ट्रेनिंग और एमआरओ (मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉल) इन्फ्रास्ट्रक्चर में संयुक्त निवेश एवं प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना को लेकर भी सकारात्मक विचार-विमर्श हुआ। प्रदेश में इनबाउंड टूरिज्म को बढ़ावा देने और एमिरेट्स एविएशन अकादमी के कैंपस की स्थापना की संभावना पर भी गंभीर चर्चा की हुई। मध्यप्रदेश को भारत का एक प्रमुख एविएशन और लॉजिस्टिक्स हब बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है जो राज्य के आर्थिक और औद्योगिक विकास में नई उड़ान भरेगा।

## उभरते निवेश गंतव्य...

रक्षा विनिर्माण और स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्रों में यूएई के निवेश का स्वागत किया। बाद में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया से भी बात की और बताया कि दुबई के उद्योगपतियों ने कई क्षेत्रों में मप्र में निवेश करने में रुचि दिखाई है।

## नवीन औद्योगिक ....

को सशक्त बनाती है। डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश को इंडिया, इजराइल, यूएई और अमेरिका की रणनीतिक साझेदारी के तहत क्लीन टेक्नोलॉजी, फूड कॉरिडोर और इंडस्ट्रियल इनोवेशन क्षेत्रों में पायलट प्रोजेक्ट्स के लिए उपयुक्त बताया।

## थोक बाजार में....

गई है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति (सीपीआई) मई में 2.82 प्रतिशत और जून, 2024 में 5.08 प्रतिशत के स्तर पर थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने बयान में कहा कि जून, 2024 की तुलना में जून, 2025 में खुदरा महंगाई 2.1 प्रतिशत रही। मई, 2025 की तुलना में जून, 2025 में कुल मुद्रास्फीति में 0.72 प्रतिशत की गिरावट आई है। एनएसओ ने कहा कि जून, 2025 में कुल मुद्रास्फीति एवं खाद्य मुद्रास्फीति में उल्लेखनीय गिरावट की मुख्य वजह अनुकूल आधार प्रभाव और सब्जियों, दालों, मांस-मछली, अनाज, चीनी एवं हलवाई की दुकानों के सामान, दूध एवं उसके उत्पादों तथा मसालों की कीमतों में गिरावट रही।

## पेड़ से टकराई...

निवासी कमरपुरा जिला कोटपुतली राजस्थान, विजेंद्र जाट (23) निवासी अजीतपुरा जिला कोटपुतली, हावा सिंह गुर्जर (28) निवासी अमरपुरा जिला कोटपुतली राजस्थान की मौत हो गई। यह लोग अशोकनगर जिले से राजस्थान के कोतपुतली के लिए लौट रहे थे। पुलिस ने एक्सीडेंट का मामला दर्ज कर लिया है और सोमवार की सुबह जिला अस्पताल में चारो शवों का पीएम कराने के बाद उन्हें उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

## नफरत फैलाने वाले...

द्वारा ये टिप्पणी उस याचिका पर सुनवाई करते हुए आई जो कि सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर शर्मिष्ठा पनोली के खिलाफ वजाहत खान नाम के शख्स ने दायर की थी। बेंच ने कहा कि नफरती भरे भाषणों के खिलाफ कार्रवाई जरूरी है, लेकिन ये भी सुनिश्चित करने की जरूरत होगी कि किसी की भी बोलने की आजादी को कुचला न जाए। लोगों को भी अभिव्यक्ति की अधिकार का महत्व समझना चाहिए। यह अधिकार बेशकीमती है। बेंच ने कहा कि लोगों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मूल्य समझना चाहिए।

## सभी बोइंग विमानों....

हुई एअर इंडिया विमान की भीषण दुर्घटना पर एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इंवेस्टीगेशन ब्यूरो (एएआइबी) की प्रारंभिक रिपोर्ट के बाद उठाया जा रहा है। रिपोर्ट में यह बात सामने आई है कि दुर्घटनाग्रस्त विमान के दोनों इंजनों में ईंधन की आपूर्ति को नियंत्रित करने वाले दोनों फ्यूल कंट्रोल स्विच 'रन' से 'कटऑफ' स्थिति (चालू से बंद) में चले गये थे। बहुत संभव है कि इससे ही उक्त दुर्घटना हुई हो।

## शिवपुरी के अटल ....

जिले के रन्नौद क्षेत्र में भी बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। यहां कई लोगों के घरों में पानी भर गया। टीकमगढ़ में 90 फीसदी बारिश हुई है। प्रदेश के पूर्वी हिस्से-जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर के साथ नर्मदापुरम ग्वालियर-चंबल संभाग की तस्वीर भी बेहतर है, लेकिन इंदौर-उज्जैन पिछड़े हुए हैं। यहां के 15 जिलों में से 10 में दस इंच से कम पानी गिरा है। मंडला में सड़कों, घरों और दुकानों में पानी भर गया। दुकानदारों को पंप लगाकर पानी निकालना पड़ रहा है। शासकीय कार्यालयों में भी पानी भर गया।

## खतरे के पार ....

दिन भर कटा रहा। झमाझम बारिश से जहां बड़ौदा नगर पूरी तरह जलमग्न दिखाई दिया। वहीं शहर जिला मुख्यालय पर बाजारों में सड़कों पर पानी भराव से लोगों को दो-चार होना पड़ा। क्वारी नदी के उफान पर आ जाने से विजयपुर मुख्यालय के सब्जी मंडी में पानी घुस गया। निचली बस्ती को खाली करा कर ऊंचाई वाले स्थान पर पहुंचाया गया। वहीं अगरा, इकलौद ओर बेनीपुर तीनों गांवों में बने पुल के ऊपर से क्वारी नदी का पानी गुजर जाने के कारण विजयपुर का मुरैना से दिन भर संपर्क कटा रहा।

## पिकनिक मनाने गए...

साथ पहुंचे थे। ये चारों युवक लगभग डेढ़ किमी दूर जंगल में पहुंचे और डेम में उतरकर नहाने लगे। इस दौरान गहरे पानी में जाने से प्रिंस सिंह और उज्जवल त्रिपाठी डूब गए। एसडीआरएफ ने सोमवार को दोनों के शव बरामद किए। चारों युवक भोपाल के कॉलेज में अध्ययनरत थे। वहीं, सोलवी नदी में तीन लोगों के डूबने की सूचना पर तत्काल मौके पर पुलिस टीम को भेजकर रेस्क्यू अभियान शुरू कराया।

## प्रजा का हाल ...

पहुंची। यहां पर पुलिस द्वारा श्री महाकाल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। बाबा महाकाल की सवारी महाकाल मंदिर से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से होती हुई रामघाट पहुंची। यहां मंत्री तुलसी सिलावट, प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल द्वारा पालकी में सवार बाबा महाकाल के मनमहेश स्वरूप का पूजन अर्चन और आरती की गई। बाबा महाकाल की सवारी के दौरान साधु संत भक्ति में नजर आए। बाबा महाकाल की सवारी के दौरान भजन मंडलिया भी शामिल हुईं। जिसमें कुछ लोग भजन कीर्तन करते नजर आए तो कुछ लोगों ने डमरू बजाकर, ढोलक बजाकर, झांझ बजाकर बाबा महाकाल की भक्ति की। दोपहर 3 बजे तक 1 लाख 15 हजार श्रद्धालु दर्शन किए। शाम तक उज्जैन में भगवान महाकाल के दर्शन के लिए 2 लाख से ज्यादा श्रद्धालु दूर दूराज से पहुंचे।







**नाम परिवर्तन**

मैं राम रूप मीना पुत्र श्री गंभीर सिंह मीना आयु 18 वर्ष निवासी-ग्राम-मजरा चोपनी कोन्याकलों. चाचौड़ा, जिला-गुना, म.प्र.। मेरे शासकीय अशासकीय दस्तावेजों में मेरा नाम व सरनेम राम रूप मीना (RAM ROOP MEENA) पुत्र श्री गंभीर सिंह मीना (GAMBHEER SINGH MEENA) है। मेरे आधार कार्ड मे मेरा नाम त्रुटिवश कान्हा (KANHA) पुत्र घमंडी लाल (GHAMANDI LAL) दर्ज हो गया है। अतः भविष्य में सभी शासकीय/ अशासकीय दस्तावेजो मे मेरा नाम राम रूप मीना (RAM ROOP MEENA) पुत्र श्री गंभीर सिंह मीना (GAMBHEER SINGH MEENA) के नाम से जाना व पहचाना जावे । शपथ पत्र क्रमांक CV 078089

**नाम परिवर्तन**

मैं राधा राठौर पिता श्री कैलाशचन्द्र राठौर आयु 31 वर्ष निवासी-ग्राम-लखोनी, तहसील जीरापुर, जिला-राजगढ़, म.प्र. । मेरे शासकीय अशासकीय दस्तावेजों मे मेरा नाम व सरनेम राधा राठौर (RADHA RATHOR) D/O (KAILASH CHANDRA RATHOR) दर्ज है। जो सही एवं सत्य है। मेरे आधार कार्ड मे मेरे सरनेम की अंग्रजी की स्पेलिंग त्रुटिवश राधा राठौर (RADHA RATHORE) D/O (KAILASH CHANDRA RATHOR) दर्ज हो गया है। अतः भविष्य में सभी शासकीय/ अशासकीय दस्तावेजो मे मेरा नाम राधा राठौर (RADHA RATHOR) D/O (KAILASH CHANDRA RATHOR) के नाम से जाना व पहचाना जावे । शपथ पत्र क्रमांक BU 299166

**नाम परिवर्तन**

मैं हीराराम( Heeraram) पुत्र श्री देव शरण(Dev Sharan) निवासी साईं डोल लुरघुटी नं . 1 सीधी, हाल मुकाम भोपाल, यह की मेरा सही नाम हीराराम(Heeraram) पुत्र श्री देव शरण(Dev sharan) है मेरी पी.एन .बी मेट लाईफ इंश्योरेंस की पॉलिसी में मेरे पिताजी का नाम देव शरण (Dev sharan )की जगह गलती से हरीराम( Heerarm) दर्ज हो गया है यह कि मेरे देवशरण एवं हरिराम दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है भविष्य में जो भी आपत्ति आएगी उसके लिए मैं स्वयं जिम्मेदार रहूंगा आज से मुझे हीराराम(Heeraram) पुत्र श्री देव शरण (Dev Sharan) के नाम से जाना व पहचाना जावे

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम MOHMMED ANWAR AHMED था। जो कि मेरी अंकसूची में दर्ज है। किंतु अब मेरा नाम परिवर्तित होकर ANWAR AHMED हो गया है। अतः अब मुझे मेरे इसी सही नाम ANWAR AHMED S/O MUKHTAR AHMED से ही जाना/ पहचाना जाए। ADDRESS : 35A HAZRAT NIZAMUDDIN COLONY, BHEL,PIPLANI , MADHYA PRADESH, INDIA, PIN - 462021





R- 23/06/25 to 18/08/25 not 22,29/06/25= 06,10,13,20,27/07/25 =03,09,10,15,16,17,18/08/25



हरिभूमि **भोपाल बाजार** विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईटः- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद

सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल


## राशिफल

**मेष** – मन परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** – नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च अधिक रहेंगे।

**मिथुन** – कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें।

**कर्क** – किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते है। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**सिंह** – परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**कन्या** – संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं। अफसरों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**तुला** – नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

**वृश्चिक** – मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**धनु** – सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**मकर** – किसी भवन या सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। भाई-बहनों का साथ मिलेगा।

**कुंभ** – आय में वृद्धि तो होगी, परन्तु अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं।

**मीन** – शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यवस्थापक

## शब्द पहेली - 5928

**बाएँ से दाएँ**
1.सहयोग की भावना-5
4.अकस्मात,एकाएक-4
7.पराजय-2
8.नाव चलाने वाला-3
9.भीगा हुआ-2
10.अनुवाद-4
11.बेल-2
13.योग्य,सही-3
14.घोड़ा गाड़ी-2
15.काव्य,गजल-3
17.अद्वैतभाव,कुर्बान-2
19.नामकरण-2,3
22.राजा का महल-5
25.प्रेम,ममता-2
26.कपड़े की दीवार-3
28.रास्ता,मार्ग-2
29.सिर,खोपड़ी-3
30.माप-2
32.गुस्सा करना-4
34.व्यंग,चुटीली बात-2
36.नायक,नेता-3
37.एक आंख वाला-2
38.रचनाकार-4
39.कृष्ण का एक नाम-3,2

**ऊपर से नीचे**
1.महोदय (अंग्रेजी-2)
2.डरपोक,भीरू-3
3.व्यंग कसना -5
4.बुद्धि-3
5.झुका हुआ-2
6.कर देने वाला-4
7.चोरी करना,छीनना (मु.-2,3)
10.तहखाना-4
12.एकटक देखना-2
16.वियोग,जुदाई-3
17.आमिर,काजोल की नई फिल्म-2
18.खुजली-2
20.घोटना,मंथन करना-3
21.पत्र,चिट्ठी-2
22.रास्ता-2
23.सुगंधित होना-4
24.बिजली का कौंधना-5
25.कुलीन स्त्री,देवी (उर्दू-5)
26.भगवान,ईश्वर-4
27.पेड़ का मध्य भाग-2
31.पटाखे की बाती,-3
33.अभिव्यक्ति-3
35.नृत्य,डांस-2
37.छोटी सवारी गाड़ी-2

**शब्द पहेली- 5927 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | व | र | दा | न | | म | क | स | द | |
| म | | | न | | अ | | ल | | | नि |
| न | | व्य | व | हा | र | कु | श | ल | | य |
| मा | न | व | | | दा | | | कि | म | त |
| नी | | था | | आ | स | न | | र | न | |
| | र | | हा | रा | | ह | त्या | | का | |
| | क | वि | | म | क | र | | क | | रा |
| ह | म | ला | | | ल | | | म | वे | शी |
| वे | | प | र | व | र | दि | गा | र | | फ |
| ली | | | स | | व | | य | | | ल |
| | र | ह | म | त | | घ | ब | रा | ना | |

## सूडोकू नवताल - 5938

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 8 | 5 | | |
| | 1 | | | | | | 2 | |
| | | 2 | | | | | | 8 |
| | | | 4 | | | | | 9 |
| 6 | | | | 5 | | | | 1 |
| 2 | | | | | 3 | | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | 8 | | | | | | 6 | |
| | | | 4 | 9 | 1 | | | |

MANGAL SENACHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकू नवताल - 5937 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 1 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 9 | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 | 5 | 8 |
| 5 | 7 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 7 |

# जेड ब्लैक अगरबत्ती ब्रांड बना हार्वर्ड बिजनेस स्कूल में केस स्टडी

- इंदौर के गैराज से हार्वर्ड तक
- धोनी द्वारा प्रचारित ज़ेड ब्लैक की सुगंधित यात्रा बनी वैश्विक प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर/नई दिल्ली

क्रिकेटर एमएस धोनी द्वारा समर्थित अगरबत्ती ब्रांड 'जेड ब्लैक' अब हार्वर्ड बिजनेस स्कूल में केस स्टडी बना है। इसकी मूल कंपनी मैसूर दीप परफ्यूमरी हाउस (एमडीपीएच इस पारंपरिक पारिवारिक व्यवसाय को 2027 तक 1,000 करोड़ रुपए के सुगंधित साम्राज्य में बदलने के लिए सराहा गया है।

एसपी जैन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च के प्रो.तुलसी जयकुमार द्वारा लिखित इस केस को न्यूयॉर्क के फैमान इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एफआईटी) सहित वैश्विक संस्थानों में पढ़ाया जा रहा है। यह दर्शाता है कि कैसे एक पारंपरिक रूप से संचालित अगरबत्ती व्यवसाय ने उद्देश्य-आधारित विकास, नवाचार और अंतर्राष्ट्रीय पहुंच हासिल की।

## बनती है प्रतिदिन 3.5 करोड़ अगरबत्तियां



1990 के दशक की शुरुआत में इंदौर के एक गैराज से प्रकाश अग्रवाल द्वारा स्थापित एमडीपीएचू आज दुनिया के प्रमुख अगरबत्ती निर्यातकों में शामिल है। यह कंपनी 9.4 लाख वर्गफुट की सुविधा में संचालित होती है और प्रतिदिन 3.5 करोड़ अगरबत्तियां बनाती है। जेड ब्लैक अगरबत्तियों के प्रतिदिन 15 लाख पैकेट बिकते है। कंपनी में 4,000 से अधिक कर्मचारी कार्यरत है. जिनमें 80 फीसदी महिलाएं है। एमडीपीएच के उत्पाद 45 से अधिक देशों में निर्यात किए जाते हैं। इसके प्रमुख ब्रांड्स में जेड ब्लैक अगरबत्ती मंथन धूप, ऑरवा (लाइफस्टाइल और अरोमाथेरेपी) और समर्पण (पूजा सामग्री) शामिल है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा अगरबत्ती उत्पादक और उपभोक्ता देश है। जेड ब्लैक ने चारकोल-फ्री बास रहित अगरबत्तियां, प्रीमियम धूप स्टिक्स और डायरेक्ट-टू-कंज्युमर प्लेटफॉर्म 'ऑरवा के जरिए लग्जरी परफ्यूमरी जैसे इनोवेशन किए है। बैंड का दिग्गज क्रिकेटर और 'कॅप्टन कूल' एमएस धोनी के साथ आठ साल पुराना जुड़ाव इसे एक अलग स्तर की विश्वसनीयता और भरोसा देता है। वहीं, मथुन धूप के लिए ऋतिक रोशन को चेहरा बनाए जाने से इस असंगठित धूप सेगमेट को एक युवा और महत्वाकांक्षी दर्शक वर्ग के बीच संगठित और ऊंचा स्थान मिला है।

## जेड ब्लैक 45 से अधिक देशों में मौजूद

अनिकेत अग्रवाल, निदेशक, एमडीपीएच और जेड ब्लैक ने कहाकि हार्वर्ड द्वारा हमारे सफर को केस स्टडी के रूप में चुना जाना यह दर्शाता है कि भारतीय सोच और स्पष्ट दृष्टि किस तरह वैश्विक स्तर पर असर कर सकती है। अगरबत्तियों से लेकर एसेंशियल ऑइल्स और बास रहित इनोवेशन से लेकर लग्जरी परफ्यूम्स तक हमारी यात्रा भारतीय रीति-रिवाजों और भावनाओं से जुड़ी है। जेड ब्लैक आज 45 से अधिक देशों में मौजूद है। हर बाजार की पसंद को ध्यान में रखते हुए हमने सुगधों की रेज विकसित की है।

## 1,000 करोड़ टर्नओवर का लक्ष्य



हमारी यात्रा इंदौर के एक गैराज से शुरू होकर दुनियाभर के घरों तक पहुंची है और इस दौरान 3,000 से अधिक महिलाओं को सशक्त किया गया है। हम वित्त वर्ष 2027 तक रू.1,000 करोड़ टर्नओवर का लक्ष्य लेकर चल रहे है।

**अशुल अग्रवाल**
एमडीपीएच के संचालन व मानव संसाधन निदेशक

# बिट्स पिलानी का इंफ्रास्ट्रक्चर में 1219 करोड़ के निवेश, नए 'बिट्स पिलानी डिजिटल' की घोषणा

एजेंसी ▶▶ अमरावती

शिक्षा संस्थान बिट्स पिलानी ने 2025 दीक्षांत समारोह के दौरान उच्च शिक्षा के भविष्य के लिए अपने बदलावकारी दृष्टिकोण का अनावरण किया। इस अवसर पर चांसलर कुमार मंगलम बिरला ने तीन महत्वपूर्ण पहलों की घोषणा की। अमरावती में आधुनिक एआई प्लस कैंपस का लांच, प्रोजेक्ट विस्तार के तहत कैंपस के विस्तार एवं आधुनिकीकरण के लिए 1219 करोड़ रुपए का ऐतिहासिक निवेश तथा समर्पित ऐडटेक प्लेटफॉर्म बिट्स पिलानी डिजिटल का औपचारिक अनावरण। ये सभी घोषणाएं फिजिकल एवं डिजिटल शिक्षा के संगम के इस दौर में लर्निंग के भविष्य को आकार देने की संस्थान की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।

## कैंपस का विकास दो चरणों में किया जाएगा



कैंपस के पहले चरण में अकादमिक शिक्षा एवं छात्रों के जीवन पर फोकस करते हुए 3000 छात्रों को सहयोग प्रदान किया जाएगा। दूसरे चरण में इस क्षमता को बढ़ाकर 7000 से अधिक तक पहुंचाया जाएगा, इसके लिए आधुनिक रीसर्च सेंटर, ग्लोबल कोलाबोरेशन जोन और समर्पित उद्यमिता हब्स एवं सस्टेनेबल मोड्यूलर इंफ्रास्ट्रक्चर के द्वारा पैमाना एवं दक्षता बढ़ाई जाएगी। बिट्स पिलानी ने 1219 करोड़ रु के निवेश की प्रतिबद्धता तय की है।

# बिजनेस न्यूज

## मानसरोवर स्कूल की इनवेस्टिचर सेरेमनी में शपथ

**भोपाल।** मानसरोवर पब्लिक स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र की कैबिनेट का भव्य अलंकरण समारोह कोलार रोड स्थित मानसरोवर पब्लिक स्कूल प्रांगण में आयोजित किया गया। इस दौरान सत्र 2025-26 के लिए कैबिनेट के नवनिर्वाचित सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी गई, वहीं दूसरी ओर विद्यार्थियों ने पूरी निष्ठा और कर्मठता के साथ अपने पद की गरिमा को बनाए रखने की शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम का शुभांरभ मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल विकास झा और श्री साईं ग्रामोत्थान समिति के उपाध्यक्ष डॉ. कर्नल एम.के. तिवारी, विशिष्ट अतिथि प्राचार्य शिक्षा विभाग डॉ. अनामिका श्रीवास्तव और डीन विधि विभाग डॉ. ताई चौरसिया सहित मानसरोवर पब्लिक स्कूल के प्राचार्य सोजन जॉसेफ ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम अध्यक्ष मानसरोवर समूह की चेयरपर्सन मंजुला तिवारी और चीफ एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर इंजी. गौरव तिवारी ने कैबिनेट सदस्यों और स्कूल स्टाफ को बधाइयां प्रेषित की। कार्यक्रम का समापन हेड बॉय रुद्र बडोले और हेड गर्ल सिद्धि चौरसिया द्वारा धन्यवाद ज्ञापन कर किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य अतिथि, अभिभावक, शिक्षक शिक्षिकाएं, कर्मचारी और विद्यार्थीगण मौजूद रहे।

## रिलायंस जनरल इंश्योरेंस ने किया 150 पौधों का रोपण

**नई दिल्ली।** रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी ने 150 पौधों का रोपण किया गया। यह पौधारोपण मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के आह्वान पर एक पौधा मां के नाम और विश्व पर्यावरण सौंदर्यीकरण का संकल्प है। कंपनी ने यह सभी पौधों का रोपण धार रोड क्षेत्र के एयरपोर्ट मां बिजासन मंदिर के सामने वन मंडल की जमीन पर किया। वहीं पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय के नेतृत्व में विधानसभा 1 वार्ड क्रमांक 15 में लगाए गए हैं। विश्व पर्यावरण अभियान के तहत रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी के माध्यम से वार्ड की टीम से 150 पौधे का लक्ष्य रखा था। इस अवसर पर रिलायंस टीम के मेंबर आशीष श्रीवास्तव. अनुराग तिवारी. सुनील सोनी. मयंक सोहेल मिर्जा. अशोक सर. सूरज यादव मंडल अध्यक्ष गगन यादव. पार्षद सुभाष ममता सुनेर सर. वार्ड अध्यक्ष प्रवीण चौधरी. वार्ड पालक शंकर यादव. अनूपसिंह भाटी शक्ति केंद्र प्रभारी. जगदीश यदुवंशी शिवराम सेन. राकेश कराडिया. प्राकृतिक मित्र सेवा समिति सुनील शुक्ला. धर्मेंद्र विश्वकर्मा. जगदीश यदुवंशी. सरदार सावनेर, शंकर गुर्जर. महेश गोस्वामी. अजयसिंह ठाकुर. आदित्य ठाकुर सहित पौधारोपण के दौरान वार्ड के समस्त कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों ने पूछे आईएसएस से लौट रहे ग्रुप कैप्टन शुभांशु की वापसी पर कई सवाल



**भोपाल।** रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के विज्ञान संचार केंद्र द्वारा विद्यार्थियों के लिए एक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र भोपाल में आयोजित एक इंटरैक्टिव सत्र 'सवाल आपके-जवाब हमारे' में भाग लिया। इस विशेष सत्र का विषय आईएसआरओ-एनएएसए का संयुक्त मिशन अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए था, जिसमें विद्यार्थियों को भारत और अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसियों के बीच सहयोग और नवीनतम अंतरिक्ष मिशनों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर विभिन्न संकायों के विद्यार्थीयों के साथ विज्ञान संचार केंद्र की समन्वयक डॉ.प्रीति सिंह के साथ अन्य शिक्षकगण भी मौजूद रहे। भ्रमण के दौरान सफलतापूर्वक आईएसएस गए ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की वापसी कैसे होगी और कई अन्य सवालों पर भी चर्चा हुई। उनकी उपलब्धि पर विद्यार्थियों ने गर्व और उत्साह व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन आंचलिक विज्ञान केंद्र के प्रकल्प समन्वयक साकेत गौरव ने किया। जिसमें उनका सहयोग उनके साथी स्वप्निल सिंह, एजुकेशन आफिसर, आंचलिक विज्ञान केंद्र भोपाल ने दिया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक जिज्ञासा को बढ़ावा देना और अंतरिक्ष विज्ञान जैसे जटिल विषयों को रोचक व संवादात्मक तरीके से समझाना था।

## चेयरमैन रामबाबू शर्मा की अध्यक्षता में लायंस इंटरनेशनल की स्टाफ मीट संपन्न



**भोपाल।** लायंस इंटरनेशनल 3233 जी2 रीजन 4 की स्टाफ मीट आज संपन्न हुई। इस सभा में स्वागत संबोधन रीजन चेयरमैन एमजेएफ रामबाबू शर्मा द्वारा दिया गया। रीजन स्टाफ मीट के महत्व पर डॉक्टर प्रकाश सेठ द्वारा प्रकाश डाला गया। महिला मेंबरों के महत्व पर एमजेएफ श्रीमती रीता दलेला द्वारा विषय रखा गया। एमजेएफ लायन महेश मालवीय द्वारा लायंस इंटर नेशनल की अपेक्षा बताई गई। एमजेएफ दिलीप धारीवाल द्वारा टाइम मैनेजमेंट के विषय को फोकस किया गया। मुख्य वक्ता एमजेएफ कमल भंडारी द्वारा स्ट्रांग क्लब लीडररिप पर प्रकाश डाला गया। संचालन लायन आलोक नाथ द्वारा किया गया। रीजन चेयरमैन राम बाबू शर्मा ने आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर रीजन की सभी क्लब प्रेसिडेंट सेक्रेटरी कोषाध्यक्ष उपस्थित हुए।

## अवीवा इंडिया का 'अवीवा भारत बालविकास' योजना लांच

**नई दिल्ली।** जीवन बीमा कंपनी अवीवा इंडिया ने अवीवा भारत बाल विकास योजना लांच करने की घोषणा की है। अवीवा इंडिया के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर विनीत कपाही ने कहाकि यह एक नॉन-लिंक्ड नॉन पार्टिसिपेटिंग लाइफ इंश्योरेंस सेविंग्स प्लान है, जिसका लक्ष्यअपने बच्चों के लिए सुरक्षित भविष्य के निर्माण मेंग्रामीण एवं अर्ध-शहरी (सेमी अर्बन) भारत के परिवारों की मदद करना है। मात्र 1,000 रुपए मासिक के शुरुआती प्रीमियम के साथ इस प्लान में गारंटीड मैच्योरिटी बेनिफिट एवं लाइफ कवर मिलता है।

## फ्लिपकार्ट ने फूड फेस्ट के दूसरे संस्करण का किया आयोजन

**नई दिल्ली।** घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने सफलतापूर्वक फूड फेस्ट 2025 के दूसरे संस्करण का आयोजन किया है। यह भारत की बदलती खाद्य संस्कृति का उभरता हुआ उत्सव है। कार्यक्रम का आयोजन बेंगलुरु के फ्लिपकार्ट कैंपस में किया गया। इस दौरान ग्राहकों को गॉमे फूड कलेक्शन, नई लॉन्चिंग एवं टॉप ब्रांड्स पर लिमिटेड टाइम ऑफर्स पाने का मौका मिला। इस इवेंट में देशभर से सेलेब्रिटी शेफ, टॉप क्रिएटर्स, आइकॉनिक ब्रांड्स और स्वाद के दीवानों ने हिस्सा लिया। इससे भारत में गॉमे फूड डिस्कवरी एवं कॉमर्स के भविष्य को आकार देने की फ्लिपकार्ट की प्रतिबद्धता मजबूत हुई है। फ्लिपकार्ट के सीनियर डायरेक्टर कंज्यूमेबल्स (ब्यूटी, एफएमसीजी एवं हेल्थकेयर) निशांत दलाल ने कहा फूड फेस्ट 2025 के साथ हम सिर्फ खाने का जश्न नहीं मना रहे हैं, बल्कि गॉमे फूड डिस्कवरी, स्टोरीटेलिंग और कम्युनिटी-लेड कॉमर्स के नए युग की शुरुआत कर रहे हैं।

## अमेजन पे ने 'रिवॉर्ड्स गोल्ड' को पेश किया

**मुंबई।** अमेजन बिजनेस 12 जुलाई से 14 जुलाई 2025 तक अपने ग्राहकों के लिए इस प्राइम डे पर आकर्षक डील्स पेश की है। जिसमें बिजनेस कस्टमर्स लैपटॉप, टैबलेट, हेडफोन, एसी, कूलर, पंखे, ऑफिस फर्नीचर, किचन एप्लायंसेस जैसे विभिन्न उत्पादों आकर्षक डीलका फायदा उठा सकते हैं। अमेजन पे ने 'रिवॉर्ड्स गोल्ड' को पेश किया है, जो एक आसान रिवार्ड प्रोग्राम है, जिसमें प्राइस मेंबर्स को प्रत्येक योग्य लेनदेन पर 5 प्रतिशत कैशबैक और गैर-प्राइम ग्राहकों को 3 प्रतिशत कैशबैक मिलेगा। इस प्रोग्राम के लिए पात्रता हासिल करना आसान है: इन रिवॉर्ड को पाने के लिए अमेजन पे के माध्यम से खरीदारी या भुगतान के 25 लेनदेन पूरे करने होंगे।

**अमेजन प्राइम-डे की उलटी गिनती शुरू-** उलटी गिनती आधिकारिक रूप से शुरू हो चुकी है।अमेजन इंडिया अपने साल के सबसे बहुप्रतीक्षित शॉपिंग फेस्टिवल, प्राइम-डे लिए पूरी तरह तैयार है खासतौर पर प्राइम मेंबर्स के लिए।


**पश्चिम मध्य रेल**
वाणिज्य विभाग ■ जबलपुर मंडल ■ ई-बोली

No. JBP/C/NFR/E-Tender/25, Date: 11.07.2025

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित हेतु निर्धारित ई–बोली आमंत्रित करता है।

**Category: NFR**

**Tender Notice No.:** MSS-JBP-JBP-THDPK-67-25-1. **Assets Details:** जबलपुर स्टेशन पर यात्रा हेल्पडेस्क/यात्री सूचना और प्रचार कियोस्क। **Tender End:** 16.07.25, 12.30. **Tender Notice No.:** MSS-JBP-PPI-THDPK-69-25-1. **Assets Details:** पिपरिया स्टेशन पर यात्रा हेल्पडेस्क/यात्री सूचना और प्रचार कियोस्क। **Tender End:** 16.07.25, 12.40. **Tender Notice No.:** MSS-JBP-MML-THDPK-73-25-1. **Assets Details:** मदनमहल स्टेशन पर यात्रा हेल्पडेस्क/यात्री सूचना और प्रचार कियोस्क। **Tender End:** 16.07.25, 12.50. **Tender Notice No.:** MSS-JBP-KMZ-THDPK-71-25-1. **Assets Details:** कटनी मुरवाडा स्टेशन पर यात्रा हेल्पडेस्क/यात्री सूचना और प्रचार कियोस्क। **Tender End:** 16.07.25, 13.00. **Tender Notice No.:** MSS-JBP-SGO-THDPK-66-25-1. **Assets Details:** सागर स्टेशन पर यात्रा हेल्पडेस्क/यात्री सूचना और प्रचार कियोस्क। **Tender End:** 16.07.25, 13.10. **Tender Notice No.:** MSS-JBP-KTE-THDPK-70-25-1. **Assets Details:** कटनी स्टेशन पर यात्रा हेल्पडेस्क/यात्री सूचना और प्रचार कियोस्क। **Tender End:** 16.07.25, 13.20. **Tender Notice No.:** MSS-JBP-STA-THDPK-72-25-1. **Assets Details:** सतना स्टेशन पर यात्रा हेल्पडेस्क/यात्री सूचना और प्रचार कियोस्क। **Tender End:** 16.07.25, 13.30. **Tender Notice No.:** MSS-JBP-MYR-THDPK-68-25-1. **Assets Details:** मैहर स्टेशन पर यात्रा हेल्पडेस्क/यात्री सूचना और प्रचार कियोस्क। **Tender End:** 16.07.25, 13.40. **Tender Notice No.:** MSS-JBP-SGO-MedStn-21-25-1. **Assets Details:** सागर स्टेशन पर आपातकालीन चिकित्सा सुविधा सेवाओं का प्रावधान हेतु यात्री हेल्पडेस्क। **Tender End:** 15.07.25, 12.30. **Tender Notice No.:** MSS-JBP-JBP-MedStn-65-25-1. **Assets Details:** जबलपुर स्टेशन पर आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं का प्रावधान हेतु यात्री हेल्पडेस्क। **Tender End:** 15.07.25, 12.40. **Tender Notice No.:** PnU-JBP-MYR-WRL-22-25-1. **Assets Details:** नवीनीकरण, संचालन, रखरखाव और हस्तांतरण (ROMT) मॉडल के अंतर्गत मैहर के वर्तमान वातानूकुलित प्रतीक्षालय के विकास के लिए निविदा। **Tender End:** 23.07.25, 12.30. **Tender Notice No.:** PnU-JBP-KTE-WRL-29-25-1. **Assets Details:** नवीनीकरण, संचालन, रखरखाव और हस्तांतरण (ROMT) मॉडल के अंतर्गत कटनी के वर्तमान वातानूकुलित प्रतीक्षालय के विकास के लिए निविदा। **Tender End:** 23.07.25, 12.40. **Tender Notice No.:** PnU-JBP-SRID-WRL-30-25-1. **Assets Details:** नवीनीकरण, संचालन, रखरखाव और हस्तांतरण (ROMT) मॉडल के अंतर्गत श्रीधाम के वर्तमान वातानूकुलित प्रतीक्षालय के विकास के लिए निविदा। **Tender End:** 23.07.25, 12.50. **Tender Notice No.:** PnU-JBP-KTES-WRL-28-25-1. **Assets Details:** नवीनीकरण, संचालन, रखरखाव और हस्तांतरण (ROMT) मॉडल के अंतर्गत कटनी साउथ के वर्तमान वातानूकुलित प्रतीक्षालय के विकास के लिए निविदा। **Tender End:** 23.07.25, 13.00. **Tender Notice No.:** PnU-JBP-SGO-WRL-21-25-1. **Assets Details:** नवीनीकरण, संचालन, रखरखाव और हस्तांतरण (ROMT) मॉडल के अंतर्गत सागर के वर्तमान वातानूकुलित प्रतीक्षालय के विकास के लिए निविदा। **Tender End:** 23.07.25, 13.10. **Tender Notice No.:** ADVT-JBP-DMO-OH-130-24-1. **Assets Details:** जबलपुर मंडल के दोमोह, पथरिया, खुरई, मकरोनिया और बीना मालखेड़ी स्टेशनों के परिचालित क्षेत्र में होर्डिंग्स के माध्यम से विज्ञापन। **Tender End:** 23.07.25, 13.30. **Tender Notice No.:** ADVT-JBP-STA-OH-128-24-1. **Assets Details:** जबलपुर मंडल के सतना, मैहर, जैतवार, उंचेरा और रीवा स्टेशनों के सर्कुलेटिंग एरिया में होर्डिंग्स के माध्यम से विज्ञापन। **Tender End:** 23.07.25, 13.40. **Tender Notice No.:** ADVT-JBP-BRGW-OH-127-24-1. **Assets Details:** जबलपुर मंडल के ब्योहारी, सरायग्राम, मरवासग्राम और बरगवा स्टेशनों के परिसंचार क्षेत्र में होर्डिंग्स के माध्यम से विज्ञापन। **Tender End:** 23.07.25, 13.50. **Tender Notice No.:** MSS-JBP-JBP-STGen-74-25-2. **Assets Details:** जबलपुर स्टेशन, प्लेटफार्म संख्या 6 के बाहर खाली पडे 89.375 वर्ग मीटर क्षेत्र में छोटे समारोहों के लिए एक संयुक्त लॉन और कंटेनर रेस्तरां की स्थापना। **Tender End:** 23.07.25, 12.30.

संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाइट www.ireps.gov.in पर E-Tender Leasing मॉड्यूल देखें। लॉट–वार विवरण उपर्युक्त कैटलॉग के तहत उपलब्ध हैं। ई–बोली सूचना मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है।

*सहायक वाणिज्य प्रबंधक, पमरे, जबलपुर*

स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर



**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**

**आम सूचना**

अयोध्या नगर फेस-5 पार्ट-1 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल भवन क्रमांक ई.डब्ल्यू .एस. 366 मण्डल द्वारा वेग्बें योजना अन्तर्गत एकमुश्त आधार पर श्री तुलसी राम यादव आत्मज श्री खियली राम एवं श्रीमती रानी यादव पत्नी श्री तुलसी राम यादव के नाम से आवंटित है। श्री तुलसी राम यादव आत्मज श्री खियली राम एवं श्रीमती रानी यादव पत्नी श्री तुलसी राम यादव द्वारा उक्त संपत्ति श्री अनिल कुमार पाल आत्मज श्री नात्थू सिंह का नाम संयुक्त किये जाने हेतु आवेदन, आधार कार्ड एवं शपथ पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्री तुलसी राम यादव आत्मज श्री खियली राम एवं श्रीमती रानी यादव पत्नी श्री तुलसी राम यादव एवं श्री अनिल कुमार पाल आत्मज श्री नात्थू सिंह के संयुक्त नाम करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है। उक्त दस्तावेज के आधार पर उक्त संपत्ति श्री तुलसी राम यादव आत्मज श्री खियली राम एवं श्रीमती रानी यादव पत्नी श्री तुलसी राम यादव एवं श्री अनिल कुमार पाल आत्मज श्री नात्थू सिंह के संयुक्त नाम करने की कार्यवाही की जा रही है।

उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी/या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संभाग 5 भोपाल**



**जाहिर- सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री महावीर परमार्थिक ट्रस्ट औबेदुल्लागंज द्वारा अध्यक्ष- श्री सुनील जैन पुत्र स्व. श्री कपूरचंद जैन पता वार्ड नं 13, स्टेशन रोड, औबेदुल्लागंज तहसील गौहरगंज जिला रायसेन म.प्र. ने श्री संजीव मित्तल पुत्र स्व. श्री गजानन्द मितत्तल निवासी फ्लेट नं 104, ब्लॉक सी-02, कोरल वूड सोसायटी, नर्मदापुरम रोड, भोपाल (म.प्र.) के स्वामित्व व आधिपत्य का एक आवासीय मकान जो कि वार्ड नं 13, औबेदुल्लागंज तहसील गौहरगंज जिला रायसेन म.प्र. मकान के प्लाट का क्षेत्रफल 15 फिट गुणित 70 फिट कुल 1050 वर्गफिट अर्थात् 97.58 वर्गमीटर है. जिसके भू-तल पर 97.58 वर्गमीटर पक्का मकान निर्मित है एवं प्रथम तल पर 55.76 वर्गमीटर कच्चा कबेलु निर्मित मकान है। निम्नलिखित चौहद्दी का स्थित है :-
पूर्व में- गिरीश मित्तल का हिस्सा, पश्चिम में- रास्ता, उत्तर में- विवेक मित्तल का मकान ,दक्षिण में- रास्ता उक्त मकान जिसको क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने तय कर लिया है एवं बयाना राशि का भुगतान कर दिया गया है उक्त वर्णित मकान के संबंध में किसी भी व्यक्ति संस्था, सोसायटी, बैंक, सरकारी व गैर सरकारी कार्यालय न्यायालय को कोई आपत्ति, ऋणभार हक व अन्य कोई हित हो या उक्त मकान कहीं दान, बंधक, गिरवी, हस्तांतरण, विक्रय, विक्रय अनुबंध आदि हो तो, वह व्यक्ति, फर्म, बैंक अथवा संस्था इस सूचना प्रकाशन से 07 (सात) दिवस तक मेरे कार्यालय में व्यक्तिगत रुप से उपस्थित होकर लिखित मे मय दस्तावेज प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा मेरे पक्षकार द्वारा उपरोक्त वर्णित मकान के विक्रय पत्र का पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जायेगा. ऐसी स्थिति में कोई आपत्ति मान्य व स्वीकार नहीं होगी।

भवदीय **नीतेश नागर** अधिवक्ता
स्वास्तिक लॉ चेम्बर औबेदुल्लागंज तहसील गौहरगंज जिला रायसेन म.प्र. मो. 9691819010, 9993879010



**कार्यालय वनमंडल अधिकारी वनमंडल बैतूल (उत्पादन) म.प्र.**

दूरभाष क्रमांक- 07141-234408 Email- dfopbetul@mp.gov.in

क्रमांक/स्टोर/2025/93 **ई-निविदा सूचना** बैतूल, दिनांक 10/7/2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वन वृत्त बैतूल के उत्पादन वनमण्डल बैतूल अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-2026 में कार्यालयीन उपयोग हेतु लगने वाली कम्प्यूटर, प्रिंटर एवं अन्य कम्प्यूटर सामग्री के क्रय हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र की शर्ते एवं विस्तृत जानकारी हेतु मध्यप्रदेश की वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर लॉग ऑन करें।
निविदा प्रपत्र का मूल्य राशि रुपए 1000/- तथा सत्यंकार की राशि रुपए 15,000/-हैं। निविदा प्रपत्र ऑन लाईन ही क्रय किया जा सकेंगा एवं निविदा ऑनलाईन ही प्रस्तुत करने पर मान्य होगी।
निविदा का कुल मूल्य लगभग रुपए 5,00,000/- है। निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेबसाईट पर दी जाएगी।

| क्रमांक | सामग्री का नाम | मात्र |
|---|---|---|
| 01 | कम्प्यूटर, प्रिंटर एवं अन्य कम्प्यूटर सामग्री | आवश्यकतानुसार |

निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेबसाईट पर दी जाएगी।

| क्र. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | Publishing Date | 15/07/2025 | निविदा ऑन लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर दर्शित हैं। |
| 02 | Document Download/Sale Start Date | 15/07/2025 | |
| 03 | Bid Submission Start Date | 15/07/2025 | |
| 04 | Pre-bid Meeting | 31/07/2025 | |
| 05 | Bid Submission Closing Date | 04/08/2025 | |
| 06 | Bid Opening Date | 06/08/2025 | |

(सचिन एच.एन.) भा.व.से.
वनमंडल अधिकारी
(उत्पादन) वनमंडल बैतूल

जी- 15626/25 स्वच्छा ही सेवा है।



**भारतीय सेना**
www.joinindianarmy.nic.in
66वाँ लघु सेवा आयोग (तकनीकी) महिला (अप्रैल 2026)

**मुख्य बातें**
(नीचे दी गई जानकारी केवल सामान्य जागरूकता के लिए है और कानूनी रूप से अमान्य है)
(www.joinindianarmy.nic.in पर प्रकाशित पाठ्यक्रम अधिसूचना ही उस पाठ्यक्रम के लिए लागू एकमात्र आधिकारिक विज्ञापन है।

| श्रेणी | विवरण | अधिसूचना पैराग्राफ संख्या |
|---|---|---|
| प्रवेश का प्रकार | अल्पकालिक सेवा प्रवेश (तकनीकी) (एसएससीडब्ल्यू(टी)-66) महिलाएँ | पैरा 1 |
| आयु | 01 अप्रैल 2026 को 20 और 27 वर्ष | पैरा 2 |
| प्रवेश प्रारंभ | अविवाहित महिला | पैरा 1 |
| शैक्षणिक योग्यता | अधिसूचित विषय में इंजीनियरिंग डिग्री | पैरा 3 |
| स्वीकार्य क्षेत्र | सूचीबद्ध | पैरा 3 |
| आवेदन कैसे करें | ऑनलाइन आवेदन करें www.joinindianarmy.nic.in पर | पैरा 11 |
| आवेदन विंडो | 16 जुलाई 2025 से 14 अगस्त 2025 तक | पैरा 15 |
| चिकित्सा मानक/परीक्षा | www.joinindianarmy.nic.in पर दिए गए अनुसार | पैरा 5 |
| चयन प्रक्रिया | आवेदन > शॉर्टलिस्टिंग > एसएसबी > मेडिकल > मेरिट सूची > ज्वाइनिंग लेटर | पैरा 4 |
| कट-ऑफ प्रकाशन की तिथि, शॉर्टलिस्टिंग के लिए अंकों का प्रतिशत | सितंबर 2025 का पहला सप्ताह | - |
| एसएसबी के लिए संभावित अवधि और तिथियां | अक्टूबर-दिसंबर 2025 के बीच पाँच दिवसीय एसएसबी (सितंबर 2025 में दो सप्ताह के लिए एसएसबी तिथियों का विकल्प खुला है) | - |
| कमीशन पूर्व प्रशिक्षण अकादमी | अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी, गया, बिहार | पैरा 7 |
| प्रशिक्षण की अवधि | अप्रैल 2026 से मार्च 2027 तक 49 सप्ताह | पैरा 7(बी) |
| प्रशिक्षण के दौरान वजीफा | 56,100 रुपये प्रति माह | पैरा 9 |
| प्रशिक्षण के बाद रैंक | लेफ्टिनेंट | पैरा 9(बी) |
| कमीशन पर वेतन | सीटीसी लगभग 17-18 लाख प्रति वर्ष (मुफ्त चिकित्सा कवर और गृहनगर की यात्रा साल में एक बार ) | - |
| कमीशन का प्रकार | शॉर्ट सर्विस कमीशन | पैरा 6(ए) |
| न्यूनतम नियुक्ति अवधि | 10 वर्ष | पैरा 7(जी) |
| अधिकतम नियुक्ति अवधि | 14 वर्ष | पैरा 7(जी) |
| सेवानिवृत्ति का विकल्प | पहला - 5 वर्ष बाद, दूसरा - 10 वर्ष बाद और तीसरा - 14 वर्ष बाद | पैरा 7(जी) |
| स्थायी कमीशन का विकल्प | 10 वर्ष बाद | पैरा 7(जी) |
| कमीशन के लिए प्राथमिक सेना/सेवा | इंजीनियरिंग कोर, सिग्नल और इलेक्ट्रॉनिक्स तथा मैकेनिकल इंजीनियरिंग कोर। उम्मीदवारों को अन्य सैन्य/सेवा में भी कमीशन मिल सकता है। | - |
| सेवानिवृत्ति के लाभ | सेवा के आधार पर, सेवामुक्ति पर निर्भर करता है। | - |

CBC 10601/11/0022/2526



**कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला चिकित्सालय रायसेन**

क्रमांक / निविदा/2025-26/8104 रायसेन, दिनांक 10-07-25

:: द्वितीय ई-निविदा आमंत्रण सूचना ::

जिला चिकित्सालय रायसेन अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में आगामी 03 वर्ष हेतु निम्न मद मे द्वितीय ई-निविदाएं इच्छुक निविदाकारो से आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | ई-निविदा का विवरण |
|---|---|
| 1 | जिला चिकित्सालय रायसेन परिसर में आउटसोर्सिंग के माध्यम से दो पहिया/तीन पहिया / चार पहिया वाहन पार्किंग की व्यवस्था हेतु। |

उपरोक्त ई-निविदा प्रपत्र म.प्र शासन के पोर्टल की बेबसाईट https://mptenders.gov.in पर उपलब्ध हैं। निविदा प्रपत्र तथा नियम व शर्ते निविदा प्रपत्र में अंकित है। निविदा प्रपत्र राशि रू. 1,000/-(रू. एक हजार मात्र) का ई-भुगतान कर आनलाईन प्राप्त किया जा सकता है। यदि निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होता है तो म.प्र शासन के पोर्टल की बेबसाईट https://mptenders.gov.in अवलोकन किया जा सकता है। उक्त ई-निविदा की डेट्स निम्नानुसार है।

**E-Tenders Key Dates**

| Bid Particulars | Date & Time |
|---|---|
| Bid Publishing Date | 15-07-2025, 11:00 AM |
| Document Download/Sale Start Date | 15-07-2025, 03:00 PM |
| Bid Submission Start Date | 15-07-2025, 05:00 PM |
| Pre Bid Meeting Date | 22-07-2025, 04:00 PM |
| Bid Submission Closing Date | 29-07-2025, 06:00 PM |
| Technical Bid Opening Date | 31-07-2025, 11:00 AM |
| Finacial Bid Opening Date | As per committee decision |

सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक,
जिला चिकित्सालय रायसेन

G-15575/25 " स्वच्छता ही सेवा "



**कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सीहोर (म.प्र.)**
**(जिला अदालत रोड सीहोर म.प्र.)**
**मोबिलिटी सपोर्ट**
वर्ष 2025-26 में जिले की स्वास्थ्य संस्थाओं में मोबिलिटी वाहन उपलब्ध कराने के लिए
ई- निविदा आमंत्रण सूचना
टेण्डर नं 07/2025
निविदा प्रक्रिया विवरण

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा का प्रकार | वर्ष 2025-26 में मोबिलिटी वाहन उपलब्ध कराने के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। |
| 2. | निविदा दस्तावेज ऑनलाईन क्रय हेतु उपलब्धता | शासकीय निविदा प्रपत्र मूल्य राशि 1000/- (एक हजार रुपए) है जो ई-टेण्डर http://mptenders.gov.in पर देय होगा। कोई समस्या आने पर ई-टेण्डर के हेल्प लाईन नम्बर 0755 4096219 पर सम्पर्क करें। |
| 3. | ऑनलाईन निविदा जारी करने की दिनांक एवं समय | दिनांक 15.07.2025 समय दोपहर 12:00 बजे से |
| 4. | ऑनलाईन निविदा क्रय करने की दिनांक एवं समय | दिनांक 15.07.2025 समय दोपहर 03:00 बजे से |
| 5. | ऑनलाईन निविदा क्रय करने की अंतिम दिनांक एवं समय | दिनांक 29.07.2025 समय शाम 03:00 बजे तक |
| 6. | ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समय | दिनांक 29.07.2025 समय शाम 06:00 बजे तक |
| 7. | तकनीकी निविदा ऑनलाईन खोले जाने की दिनांक एवं समय | दिनांक 31.07.2025 समय दोपहर 12:00 बजे |
| 8. | वित्तीय निविदा ऑनलाईन खोले जाने की दिनांक एवं समय | निविदा समिति निर्णय अनुसार |

(डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया)
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला सीहोर (म.प्र.)

जी - 15578/25 स्वच्छा ही सेवा है।

## चिंतन

# सोशल मीडिया पर नफरती बोल अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता नहीं

राजनीति के बाद अब सोशल मीडिया पर नफरती बोल सामाजिक ताने-बाने को बिगाड़ रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने दो टूक नसीहत दी है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मतलब कुछ भी बोलना नहीं है। नफरत भरे भाषण को बोलने की आजादी नहीं समझा जा सकता है। सभी नागरिकों को भाषण एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार की अहमियत समझनी चाहिए और आत्म-नियमन का पालन करना चाहिए। अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर हिंदू देवी-देवता के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करना बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। सोशल मीडिया पोस्ट में सांप्रदायिक टिप्पणी करना भी गलत है। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि, 'वैसे तो कोई नहीं चाहता कि राज्य हस्तक्षेप करे, लेकिन उल्लंघन की स्थिति में सरकार कदम उठा सकती है, सोशल मीडिया पर इन सभी विभाजनकारी प्रवृतियों पर रोक लगानी होगी।' शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि 'सरकार के एक्शन का मतलब सेंसरशिप नहीं है'। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें हेट स्पीच यानी नफरत फैलाने वाले भाषणों को रोकें, लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि नागरिकों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उल्लंघन न हो। लोगों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को लेकर जागरूक करने की जरूरत है, ताकि सरकार को इसे नियंत्रित करने की जरूरत न पड़े। लोगों को हेट स्पीच कंटेंट को लाइक, शेयर नहीं करना चाहिए। यह पहली बार नहीं है जब सुप्रीम कोर्ट ने हेट स्पीच पर कड़ा निर्देश दिया है। वर्ष 2022 और 2023 में सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सरकार, नेताओं और मीडिया को सख्त हिदायत दी थी कि हेट स्पीच कतई स्वीकार्य नहीं है। हेट स्पीच को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कहा था- यह 21वीं सदी है। हम धर्म के नाम पर कहां आ पहुंचे हैं? हमें एक धर्मनिरपेक्ष और सहिष्णु समाज होना चाहिए, लेकिन आज घृणा का माहौल है। सामाजिक ताना-बाना बिखरा जा रहा है। हमने ईश्वर को कितना छोटा कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने हेट स्पीच से भरे टॉक शो और रिपोर्ट टेलीकास्ट करने पर टीवी चैनलों को जमकर फटकार लगाई थी। केंद्र सरकार 5 साल के लंबे परामर्श के बाद सोशल मीडिया पर नफरत भरे कंटेंट रोकने के लिए एंटी हेटस्पीच कानून बनाने की तैयारी पिछले तीन साल से कर रही है, लेकिन अभी तक ऐसे कानून का ड्राफ्ट तक नहीं आया है। इस कानून से हेट स्पीच की परिभाषा स्पष्ट होगी, ताकि लोगों को भी यह पता रहे कि जो बात वे बोल या लिख रहे हैं, वह कानून के दायरे में आती है या नहीं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और नेशनल इलेक्शन वॉच (एनईडब्ल्यू) के वर्ष 2023 के विश्लेषण से पता चलता है कि भारत में बड़ी संख्या में सांसदों के खिलाफ नफरत फैलाने वाले भाषण के मामले दर्ज हैं। करीब 107 सांसदों और विधायकों के खिलाफ नफरत फैलाने वाले भाषण के मामले दर्ज हैं। ऐसे निष्कर्ष सत्ता के पदों पर बैठे लोगों के बीच नैतिक आचरण की आवश्यकता को उजागर करते हैं। विधि आयोग की 267वीं रिपोर्ट में घृणास्पद भाषण को मुख्य रूप से नस्ल, जातीयता, लिंग, यौन अभिविन्यास, धार्मिक विश्वास और इसी तरह के संदर्भ में परिभाषित व्यक्तियों के एक समूह के खिलाफ नफरत को उकसाने वाला बताया गया है। हेट स्पीच के दोषियों के खिलाफ देश में पहले से ही कई कानून मौजूद हैं। जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 व नागरिक अधिकारों का संरक्षण अधिनियम, 1955 भी हैं। आज एआई के दौर में बहुत जरूरी है कि लोग सोच समझ कर बोलें, अपनी बातों से घृणा न फैलाएं। सोशल मीडिया नफरत फैलाने का मंच नहीं है।



विश्लेषण
राव इन्द्रजीत सिंह

# मानव संसाधन में निवेश की क्रांति

> मानव पूंजी अर्थात हमारी शिक्षा, कौशल, स्वास्थ्य और उत्पादकता सिर्फ़ एक आर्थिक संपत्ति नहीं है, बल्कि एक नैतिक अनिवार्यता भी है। पिछले दस वर्षों में, भारत के प्रमुख नीति थिंक टैंक, नीति आयोग के नेतृत्व में एक शांत लेकिन जबरदस्त क्रांति ने आकार लिया है, जिसने देश के सबसे मूल्यवान संसाधनः अपने नागरिकों में निवेश करने के तरीके को एक नया रूप दिया है। नीति आयोग ने विकास के बारे में चर्चा को आगे बढ़ाया है, हमें याद दिलाया है कि सच्ची प्रगति को सबसे ऊंची इमारतों या सबसे बड़ी फैक्ट्रियों से नहीं मापा जाता है, बल्कि लोगों की ताकत, स्वास्थ्य और गरिमा से मापा जाता है। यह एक युवा, महत्वाकांक्षी भारत की नब्ज बन गया है।

भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में, प्रगति का सही मापदंड सिर्फ़ जीडीपी के आंकड़ों या बुनियादी ढांचे की उपलब्धियों में नहीं है, बल्कि इस बात में है कि कोई राष्ट्र अपने लोगों का कितने अच्छे तरीके से पोषण करता है। मानव पूंजी अर्थात हमारी शिक्षा, कौशल, स्वास्थ्य और उत्पादकता सिर्फ़ एक आर्थिक संपत्ति नहीं है, बल्कि एक नैतिक अनिवार्यता भी है। पिछले दस वर्षों में, भारत के प्रमुख नीति थिंक टैंक, नीति आयोग के नेतृत्व में एक शांत लेकिन जबरदस्त क्रांति ने आकार लिया है, जिसने देश के सबसे मूल्यवान संसाधनः अपने नागरिकों में निवेश करने के तरीके को एक नया रूप दिया है।

एक ऐसे देश में जहां 65% से ज़्यादा आबादी 35 वर्ष से कम उम्र की है, जनसांख्यिकी लाभांश एक पीढ़ी में एक बार मिलने वाला अवसर है। इस युवा आबादी का विशाल आकार बहुत बड़ी ज़िम्मेदारी लेकर आता है। चुनौती युवा ऊर्जा को आर्थिक वृद्धि और राष्ट्रीय विकास के लिए एक कारक में बदलने की है। यहीं पर नीति आयोग एक दूरदर्शी उत्प्रेरक के रूप में उभरा है - जो न केवल आज की प्रगति के लिए बल्कि कल की समृद्धि के लिए भी एक रोडमैप तैयार कर रहा है। पिछले दशक में, नीति आयोग एक थिंक टैंक से एक सुधारवादी इंजन और क्रियान्वयन भागीदार के रूप में उभरा है, जो डेटा, सहयोग और मानव-केंद्रित डिजाइन से समर्थित साहसिक विचारों के लिए जाना जाता है। इसने नीति निर्माण को शीर्ष-स्तरीय अभ्यास से राज्यों, निजी भागीदारों, वैश्विक संस्थानों और नागरिक समाज के साथ सह-निर्माण की एक गतिशील प्रक्रिया में बदल दिया है। इसकी ताकत सिर्फ योजना बनाने में नहीं है, बल्कि सुनने में है और उन अंतर्दृष्टि को कार्रवाई में बदलने में है। शिक्षा, जो मानव पूंजी का आधार है, इसके मार्गदर्शन में पूरी तरह से पुनः कल्पना की साक्षी रही है। यह मानते हुए कि केवल अधिगम ही पर्याप्त नहीं है, नीति आयोग ने गुणवत्ता और समानता पर जोर दिया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, जहां इसने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, ने एक नए युग की शुरुआत की, रटने की शिक्षा से आलोचनात्मक सोच, लचीलेपन और व्यावसायिक एकीकरण की ओर बदलाव। इसने प्रारंभिक बाल्य शिक्षा, मातृभाषा में शिक्षा और विषयों के बीच निर्बाध पारगमन पर जोर दिया। अटल नवाचार मिशन जैसी पहलों के माध्यम से, इसने जवाबदेही और कल्पनाशक्ति अर्थात दोनों को सुनिश्चित किया। 10 हजार से अधिक अटल टिंकरिंग लैब्स में नवाचार को शामिल किया जो अब पूरे देश भर में फैले हुए हैं। 21वीं सदी के लिए भारत के युवाओं को कौशल प्रदान करना इसके मिशन की एक और आधारशिला रही है। कौशल भारत मिशन को समर्थन प्रदान करने से लेकर आकांक्षी जिला कार्यक्रम के माध्यम से वंचित जिलों के केंद्र तक व्यावसायिक कार्यक्रमों को पहुंचाने तक, नीति आयोग ने क्लास रूम और आजीविका के बीच की खाई को पाटने में मदद की है। स्किल इंडिया मिशन के तहत प्रौद्योगिकी, उद्योग संबंधों और मांग-संचालित पाठ्यक्रम को मिलाकर तैयार की गई पहलों के माध्यम से 1.5 करोड़ से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित किया गया है। यह केवल प्रशिक्षण के प्रयोजन से नहीं था बल्कि इसने क्षेत्रीय जरूरतों और डिज़ाइन किए गए कार्यक्रमों का मानचित्रण किया जिसने




भारत के ग्रामीण और शहरी युवाओं के लिए समान रूप से वास्तविक आर्थिक अवसर खोले हैं। इसने 44 केंद्रीय श्रम कानूनों को चार सरलीकृत संहिताओं - मजदूरी, सामाजिक सुरक्षा, औद्योगिक संबंधों और व्यावसायिक सुरक्षा को तर्कसंगत बनाने का समर्थन किया। इन सुधारों ने श्रमिकों की सुरक्षा के साथ नियोक्ता अनुकूलन को संतुलित किया। अनुपालन को सरल बनाकर और औपचारिकता को प्रोत्साहित करके, कार्यस्थल न केवल अधिक उत्पादक बल्कि अधिक मानवीय भी बन गया। स्वास्थ्य सेवा, जिसे प्रायः लागत के रूप में देखा जाता है, को पुनः निवेश के रूप में तैयार किया गया। नीति आयोग द्वारा समर्थित और निगरानी की गई प्रमुख आयुष्मान भारत योजना ने 50 करोड़ से अधिक भारतीयों को स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया, जबकि 1.5 लाख से अधिक स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों ने जमीनी स्तर पर प्राथमिक देखभाल की। इन कार्यक्रमों ने पोषण, मातृ और बाल स्वास्थ्य, मानसिक चिकित्सा और गैर-संचारी रोगों को न केवल उपचार करने के लिए, बल्कि लोगों को स्वस्थ रखने के लिए लक्षित किया। नीति आयोग उद्यमिता और नवाचार के लिए एक प्रकाश स्तंभ साबित हुआ है। स्टार्ट-अप इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया और अटल नवाचार मिशन जैसे कार्यक्रमों ने विचारों के फलने-फूलने के लिए एक उर्वर ईकोसिस्टम का निर्माण किया। आज हजारों स्टार्ट-अप्स फिनटेक, एज्टेक, एग्रीटेक, हेल्थ-टेक और स्वच्छ ऊर्जा में सफल हो रहे हैं क्योंकि उन्हें नीतिगत समर्थन, इंक्यूबेशन और महत्वपूर्ण चरणों पर मार्गदर्शन मिला। ये केवल व्यवसाय नहीं हैं; ये नौकरी पैदा करने वाले और समस्याओं को हल करने वाले हैं, जो एक मजबूत और आत्मनिर्भर भारत में योगदान दे रहे हैं। इसकी सबसे बड़ी उपलब्धि इस बात में निहित है कि इसने साक्ष्य आधारित नीति निर्माण की परम्परा को संस्थागत बनाया है। बड़े डेटा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रियल-टाइम डैशबोर्ड और कठोर निगरानी ढांचे का लाभ उठाकर, इसने सुनिश्चित किया कि नीतियां अनुकूलित, जवाबदेह और वास्तविकता के अनुसार हों। चाहे यह भारत का पहला एसडीजी इंडेक्स लॉन्च करना हो, राज्यों के प्रदर्शन मैट्रिक्स पर मार्गदर्शन करना हो, या नीतिगत डिजाइन के लिए व्यवहार संबंधी अंतर्दृष्टियों का उपयोग करना हो, नीति आयोग ने शासन के केंद्र में वैज्ञानिक सोच स्थापित करने का काम किया है। मंत्रालयों और क्षेत्रों में समन्वय स्थापित करने की इसकी क्षमता ने इसे एक सलाहकार निकाय से कहीं अधिक बना दिया है। न केवल लक्ष्य प्राप्त करने से कहीं अधिक, नीति आयोग ने ऐसी प्रणालियां बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है जो टिकाऊ, समावेशी और भविष्य के लिए तैयार हों।

सतत विकास लक्ष्यों के प्रति इसकी प्रतिबद्धता हर पहल में स्पष्ट है - स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण से लेकर हरित गतिशीलता तक, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना से लेकर कार्यस्थलों में लैंगिक समानता तक। ज्ञान अर्थव्यवस्था के रूप में भारत का उदय अब कोई दूर का सपना नहीं है। यह कार्य प्रगति पर है, जो लोगों को देश की सबसे बड़ी संपत्ति के रूप में देखने वाली नीतियों द्वारा प्रेरित है। नीति आयोग ने विकास के बारे में चर्चा को आगे बढ़ाया है, हमें याद दिलाया है कि सच्ची प्रगति को सबसे ऊंची इमारतों या सबसे बड़ी फैक्ट्रियों से नहीं मापा जाता है, बल्कि लोगों की ताकत, स्वास्थ्य और गरिमा से मापा जाता है। यह एक युवा, महत्वाकांक्षी भारत की नब्ज बन गया है, एक ऐसा भारत जो सपने देखता है, हिम्मत करता है और कार्य को सम्पूर्ण करता है। यह शांत विश्वास है कि जब आप लोगों में निवेश करते हैं, तो आप न केवल एक बेहतर अर्थव्यवस्था बनाते हैं, बल्कि एक बेहतर राष्ट्र भी बनाते हैं।

(लेखक राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) योजना मंत्रालय हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## डिजिटेक
सुनील कुमार महला




# अब बुलेट इंटरनेट से स्पीड क्रांति की तैयारी में जापान

जापान, पूर्वी एशिया में स्थित एक द्वीपसमूह देश है, जो प्रशांत महासागर में स्थित है। यह देश 6,852 द्वीपों से मिलकर बना है, जिनमें होक्काइडो, होंशू, शिकोकू, क्यूशू और ओकिनावा मुख्य द्वीप हैं। अपनी शक्तिशाली अर्थव्यवस्था, उन्नत प्रौद्योगिकी व नवाचारों, दुनिया के सबसे बड़े वाहन निर्माताओं में से एक, जिसकी ट्रेनें दुनिया में सबसे सटीक समय पर चलने वाली मानी जाती हैं तथा जो अपनी अद्वितीय व अनूठी संस्कृति के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध रहा है; ऑटोमोबाइल, रोबोटिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, विनिर्माण और शिक्षा के क्षेत्र में जापान आज एक वैश्विक नेता है। हाल ही में जापान के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशंस टेक्नोलॉजी (एनआईसीटी) के रिसर्चर्स ने 1.02 पेटाबिट्स (पेटाबाइट) प्रति सेकेंड की अविश्वसनीय इंटरनेट स्पीड हासिल करके विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया है, जो अपने आप में एक मिसाल है। जापान के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इन्फॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी (एनआइसीटी) ने सुमितोमो इलेक्ट्रिक और यूरोपीय पार्टनर के साथ मिलकर यह रिकॉर्ड बनाने वाली उपलब्धि हासिल की है। उनके यूनिक 19 कोर ऑप्टिकल फाइबर केबल ने 1,808 किलोमीटर से ज्यादा की दमदार स्पीड से डाटा ट्रांसमिट किया, जो कि करीब लंदन से रोम की दूरी के बराबर है। एक रिपोर्ट के अनुसार, 1.02 मिलियन गीगाबाइट (जीबी) डाटा एक सेकंड में डाउनलोड किया गया है। यह स्पीड इतनी ज्यादा है कि इसके बारे में सोच पाना भी मुश्किल है। जापान की इस तकनीक को वैश्विक रूप से डाटा ट्रांसफर, स्ट्रीमिंग और कनेक्टिविटी के क्षेत्र में एक उज्जवल भविष्य के रूप में देखा जा रहा है। जापान की लेटेस्ट इंटरनेट नेटवर्क की स्पीड 1.02 पेटाबाइट पर सेकंड है। यह इंटरनेट स्पीड इतनी फास्ट है कि इसका इस्तेमाल करके कुछ ही सेकंड्स में फिल्म ही नहीं, बल्कि पूरी लाइब्रेरी तक डाउनलोड की जा सकती है। वास्तव में, जापान की यह उपलब्धि डेटा ट्रांसमिशन तकनीक में एक महत्वपूर्ण व बड़ा कदम है। जापान की यह स्पीड अमेरिका की एवरेज इंटरनेट स्पीड से 3.5 गुना है। दूसरे शब्दों में कहें तो यह स्पीड अमेरिका के औसत इंटरनेट कनेक्शन से 35 लाख गुना ज्यादा है। भारत की औसत इंटरनेट गति से यह 1.6 करोड़ गुना तेज बताई जा रही है। आज भारत जैसे देश में बफरिंग, नेटवर्क डाउन और स्लो इंटरनेट एक बड़ी समस्या है, ऐसे में जापान द्वारा हाई स्पीड इंटरनेट तकनीक का विकास आने वाले समय में 6जी नेटवर्क, क्लाउड सिस्टम्स, अंडरसी डेटा केबल्स और एआई जैसे उभरते क्षेत्रों में नई क्रांति लेकर आएगा। बहरहाल, पाठकों को बताता चलूं कि जापान ने सिंगल कोर के बजाय 19 कोर ऑप्टिकल फाइबर सिस्टम व उन्नत एम्प्लीफायर तकनीक की मदद से इतनी तेज इंटरनेट स्पीड को हासिल करने में सफलता मिली है। जानकारी के अनुसार इन स्पेशल केबल का इस्तेमाल कर शोधकर्ताओं की टीम ने बिना किसी स्पीड लॉस के 1800 किलोमीटर से भी अधिक की दूरी तक भारी मात्रा में डेटा भेजने में सक्षम रही है। उन्होंने ट्रांसमीटर, रिसीवर और लूपिंग सर्किट के सेटअप का उपयोग किया जिससे डेटा फुल पॉवर से फ्लो रखने में मदद मिली। इस ऐतिहासिक उपलब्धि का अर्थ है कि एक सेकंड में 10,000 से अधिक 4K फिल्में डाउनलोड की जा सकती हैं। मार्च 2024 में भी जापान ने ही 402 टेराबिट्स प्रति सेकंड (यानी 50,250 जीबीपीएस) की स्पीड का रिकॉर्ड बनाया था, लेकिन इस बार नई तकनीक ने इस आंकड़े को दोगुना से अधिक कर दिया। जैसे-जैसे एआई, 8K स्ट्रीमिंग, क्लाउड गेमिंग और ऑगमेंटेड रियलिटी जैसे सेक्टर आगे बढ़ेंगे, ऐसे ब्रेकथ्रू तकनीकों की जरूरत और भी बढ़ेगी। वास्तव में यह तकनीक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आइओटी) और वैश्विक डिजिटलीकरण की बढ़ती मांगों को पूरा करने में मदद करेगी। ज्यादा तेज इंटरनेट, ज्यादा तेज विकास भी लेकर आएगा। स्मार्ट सिटी, रिमोट हेल्थ केयर और ऑनलाइन शिक्षा जैसे क्षेत्रों में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। बता दें कि इंटरनेट की स्पीड के मामले में भारत टॉप-10 के देशों में भी शामिल नहीं है। इस डिजिटल युग में, इंटरनेट लगभग सभी के लिए एक बुनियादी ज़रूरत बन गया है। उत्पादकता बढ़ाने के अलावा, हाई-स्पीड इंटरनेट नेटवर्क विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार विकास को भी बढ़ावा देते हैं। हमें जरूरत इस बात की है कि हम वैश्विक सहयोग को मजबूत करें, ताकि हम भी जापान जैसी तकनीकी क्रांति का हिस्सा बन सकें और अपने देश को लगातार ऊंचाइयों व उन्नयन की ओर अग्रसर कर सकें।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार व साहित्यकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# हमारा वास्तविक स्वभाव क्या है?



संकलित
## दर्शन

जीवन क्या है? इसका उद्देश्य क्या है? ये प्रश्न जितने सरल लगते हैं, उतने ही रहस्यमय भी हैं। इन्हें जितना समझने की कोशिश करते हैं, वे उतने ही उलझते जाते हैं। दरअसल, जानना हृदय का विषय नहीं है, जीना हृदय का विषय है। रहस्य समझने के लिए नहीं, बल्कि जीने के लिए हैं। जीवन के रहस्य को जीना ही आनंद है। ज्ञान प्राप्त होने से पहले लगता है कि हममें अज्ञान नहीं है। लेकिन जैसे-जैसे ज्ञान बढ़ता है, तो लगता है हममें काफी अज्ञान है। एक कहावत है, आत्मज्ञान होने से पहले लकड़ी काटो और पानी भर कर लाओ। आत्मज्ञान के बाद भी, लकड़ी काटो और पानी भर कर लाओ। अंतर इतना है कि पहले हम दुखी रहकर काम करते थे। लेकिन आत्मज्ञान के बाद वही कार्य आनंद से करते हैं। हमारा जीवन कितना उत्तम है, यह हमारे मन की अवस्था पर निर्भर करता है। हम वही सुनना पसंद करते हैं, जिसमें हमारी रुचि होती है। जब हमारा जीवन प्रेम में केंद्रित होता है, तो हम प्रेम के बारे में जानना चाहते हैं। जब जीवन बच्चों के इर्द-गिर्द घूमता है, तो हम बच्चों के बारे में ही सुनना चाहते हैं। जो हमारी इच्छा हो, हमें वही सुनना पसंद है और हमारी इच्छाओं का कभी अंत ही नहीं होता।

*-श्री श्री रविशंकर*

# संतान गुस्सा हो तो शांत करने की कोशिश जरूर करें



संकलित
## प्रेरणा

पुराने समय में एक दिन शिव जी और पार्वती जी ने विचार किया कि अब गणेश और कार्तिकेय का विवाह कर देना चाहिए। ये विचार करने के बाद उन्होंने कार्तिकेय स्वामी और गणेश जी को बुलाया और दोनों से कहा कि आप दोनों में से जो इस संसार की परिक्रमा करके पहले आएगा, हम उसका विवाह पहले कराएंगे। कार्तिकेय स्वामी तो अपने वाहन मोर पर बैठकर तुरंत उड़ गए, लेकिन गणेश जी अपने वाहन चूहे पर बैठे हुए थे। गणेश जी ने ने तुरंत ही माता-पिता की परिक्रमा कर ली और कह दिया कि आप दोनों ही मेरे लिए संसार हैं। दूसरी ओर, कार्तिकेय स्वामी को संसार की परिक्रमा करके लौटने में थोड़ा समय लग गया। जब कार्तिकेय स्वामी परिक्रमा करके लौटे तो उन्होंने देखा कि गणेश का विवाह हो गया है। गणेश जी को विवाहित देखकर कार्तिकेय स्वामी नाराज हो गए। उन्होंने शिव-पार्वती से कहा कि आपने ये सही नहीं किया है। क्रोधित होकर कार्तिकेय स्वामी क्रौंच पर्वत पर चले गए। ये क्रौंच पर्वत आज दक्षिण भारत में कृष्णा जिले में कृष्णा नदी के तट पर स्थित है। इसे श्रीपर्वत भी कहते हैं। शिव जी और देवी पार्वती ने कार्तिकेय स्वामी को समझाने की बहुत कोशिशें कीं, लेकिन कार्तिकेय शांत नहीं हुए। शिव-पार्वती समझ गए कि कार्तिकेय बहुत ज्यादा गुस्से में है और ये वापस भी नहीं आएगा। तब दोनों ने तय कि वे ही कार्तिकेय से मिलने जाते रहेंगे। इसके बाद हर अमावस्या पर शिव जी और पूर्णिमा पर देवी पार्वती कार्तिकेय से मिलने श्रीपर्वत पर आती हैं। ऐसी मान्यता है।

## सटाका




## आज की पाती

### क्रोध में की गई नासमझी महंगी पड़ती है

हम अपने को हर परिस्थिति में संयमित रख सकते हैं तो बड़ी बात है। उसे ही शिक्षित कह सकते हैं। इसके विपरीत अगर मन में उठने वाली उत्तेजनाओं और आवेगों पर हम कंट्रोल नहीं कर सकते हैं तो यह असंयमित जीवन है। आवेगों को नहीं रोक पाना नासमझी है। आवेग में आदमी इतना उत्तेजित हो जाता है कि अपना आपा खो देता है। आवेग में परिवार उजड़ते जा रहे हैं। उसके बाद में पश्चाताप से कोई फायदा नहीं है। आत्महत्या के कारणों के पीछे भी लोगों की नासमझी ही है। इस तरह की मानसिकता वालों के लिए हर तरह की शिक्षा व्यर्थ है। कोई भी किसी भी कार्य में आदमी सफल नहीं हो सकता है जब तक वह अपना स्वामी स्वयं नहीं है। आत्मसंयम के अभाव में हजारों लोगों का जीवन नष्ट हो जाता है। उनकी अनेक उपलब्धियां इसलिए व्यर्थ हो गई कि उनमें अपने आपको वश में रखने की क्षमता नहीं थी।

*-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## करंट अफेयर


# ऑस्ट्रेलिया में अब तक का सबसे बड़ा सैन्य अभ्यास



ऑस्ट्रेलिया में अब तक का सबसे बड़ा युद्ध अभ्यास 'टैलिसमैन सेबर' शुरू हो चुका है। इस सैन्य अभ्यास के दौरान चीनी जासूसी जहाजों द्वारा निगरानी किए जाने की संभावना जताई जा रही है। 'टैलिसमैन सेबर' अभ्यास की शुरुआत 2005 में अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के बीच एक द्विवार्षिक संयुक्त सैन्य अभ्यास के रूप में हुई थी। ऑस्ट्रेलिया के रक्षा विभाग ने रविवार को बताया कि इस वर्ष यह अभ्यास पहले से कहीं अधिक व्यापक होगा, जिसमें 19 देशों के 35,000 से अधिक सैन्यकर्मी भाग ले रहे हैं और यह अभ्यास तीन सप्ताह तक चलेगा। इन देशों में कनाडा, फिजी, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, जापान, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, नॉर्वे, पापुआ न्यू गिनी, फिलीपीन, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, थाईलैंड, टोंगा और ब्रिटेन शामिल हैं। मलेशिया और वियतनाम भी इस अभ्यास में पर्यवेक्षक के रूप में भाग ले रहे हैं। यह अभ्यास ऑस्ट्रेलिया के निकटतम पड़ोसी देश पापुआ न्यू गिनी में भी आयोजित किया जाएगा। और यह पहली बार है जब 'टैलिसमैन सेबर' का आयोजन ऑस्ट्रेलिया के बाहर होगा। ऑस्ट्रेलिया के रक्षा उद्योग मंत्री पैट कॉनरॉय ने कहा कि पिछले चार 'टैलिसमैन सेबर' अभ्यासों के दौरान चीनी निगरानी जहाजों ने ऑस्ट्रेलियाई तट के पास नौसैनिक अभ्यासों पर नजर रखी है।

## ऑफ बीट

# शराब से दूरी : केवल एक दिन के परहेज़ से भी होता है फायदा



शराब का हमारे स्वास्थ्य पर कई तरह से नकारात्मक प्रभाव पड़ता है और इनमें से कुछ दुष्प्रभाव तो हैरान कर देने वाले भी हो सकते हैं। इनमें सिरदर्द, चिंता जैसे तात्कालिक प्रभावों से लेकर कैंसर जैसी गंभीर दीर्घकालिक बीमारियां शामिल हैं। शरीर से शराब को पूरी तरह बाहर निकलने में लगभग 24 घंटे लगते हैं। इसके बाद से ही आपको कुछ सुधार महसूस होता है। शराब पीने से बार-बार पेशाब आता है और शरीर में पानी की कमी हो जाती है। लेकिन एक गिलास पानी तुरंत असर करता है, जिससे पाचन, मस्तिष्क कार्य और ऊर्जा स्तर बेहतर होने लगता है। शराब के कारण यकृत रक्त शर्करा को नियंत्रित नहीं कर पाता। जैसे ही शराब शरीर से बाहर निकलती है, ब्लड शुगर सामान्य होने लगता है। रोज शराब पीने वालों को शुरुआत में पसीना आना, मूड में बदलाव, नींद में गड़बड़ी या कंपकंपी जैसी समस्याएं हो सकती हैं, जो आमतौर पर एक सप्ताह में ठीक हो जाती हैं। शराब भले ही शुरुआत में नींद लाती है, लेकिन यह नींद को धीरे धीरे खत्म कर देती है। एक हफ्ते के अंदर आप सुबह ज्यादा तरोताजा महसूस कर सकते हैं। यकृत शराब को डिटॉक्स करने वाला मुख्य अंग है जो हल्की क्षति को जल्दी ठीक कर सकता है। शराब पीना बंद करने से केवल सात दिनों में यकृत की चर्बी कम हो सकती है।

## ट्रेंड

### सुरक्षा के कदम



सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए रेलवे का बड़ा कदम। देशभर के 74000 कोच और 15000 इंजनों में हाई-टेक सीसीटीवी कैमरे लगेंगे। यह पहल अपराध पर निगरानी, महिला सुरक्षा के लिए कारगर सिद्ध होगी।
**-अन्नपूर्णा देवी, महिला एवं बाल विकास मंत्री**

### भारत का समर्थन



बीजिंग पहुँचने पर उपराष्ट्रपति हान झेंग से मिलकर मुझे खुशी हुई। चीन की एससीओ अध्यक्षता के लिए भारत का समर्थन व्यक्त किया। हमारे द्विपक्षीय संबंधों में सुधार पर ध्यान दिया। विश्वास व्यक्त किया कि चर्चाएँ इसी सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ेंगी।
**-एस जयशंकर, विदेश मंत्री**

### किसानों की खुशहाली



प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में अन्नदाता किसानों की खुशहाली के लिए जो कदम बढ़ाए गए हैं, वह अत्यंत महत्वपूर्ण एवं सराहनीय हैं। आज उसी का परिणाम है कि डबल इंजन सरकार की ऊर्जा का लाभ उत्तर प्रदेश ले रहा है।
**-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### कांवड़ यात्रा की आस्था



कांवड़ यात्रा आस्था का वह पावन संगम है, जो दिल्ली की सड़कों को तीर्थ बना देता है। यह परंपरा हमारे जीवंत सांस्कृतिक संस्कारों की प्रतीक है। इस यात्रा को सहज, सुलभ, सम्मानजनक और भव्य बनाने का अवसर हमें प्राप्त हो रहा है। यह हमारी संस्कृति की सेवा है और सेवा ही हमारा पुण्य है।
**-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली**

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

भोजपुर में सावन के पहले सोमवार को बम-बम भोले के जयकारों से गूंजा शिवालय

# सुबह 4 बजे से ही श्रद्धालुओं ने किए भगवान महादेव के दर्शन... गुलाब मोगरा, गेंदा सहित 3 क्विंटल फूलों से किया भोजेश्वर का विशेष श्रृंगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डीदीप

भोजपुर में विश्व प्रसिद्ध शिवमंदिर पर सावन के पहले सोमवार को भक्तों का जनसैलाव देखने को मिला। भगवान भोजेश्वर की पूजा करने और जल अर्पित करने के लिए सुबह 4 बजे से ही भक्तों का आना शुरू हो गया था, यह सिलसिला देर शाम तक चलता रहा। वहीं बम-बम भोले के जयकारों से पूरा शिवालय गूंजता रहा। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने भी पुख्ता व्यवस्था की थी। वहीं मंदिर परिसर में भीड़ ज्यादा होने के कारण सब को कतार में खड़े कर महादेव के दर्शन के लिए प्रवेश दिया गया।

भगवान भोलेनाथ की आराधना और उपासना का पावन महीना सावन का होता है। सामवन के पहले सोमवार को सभी शिवालयों में भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। एसडीओपी शीला सुराणा ने भोजपुर मंदिर परिसर का निरीक्षण कर अधिकारियों को सुव्यवस्थित व्यवस्था के निर्देश दिए थे। साथ ही वे स्वयं भी वहां उपस्थित रहकर व्यवस्थाएं देखीं। भोजपुर मेले की व्यवस्था के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तथा अन्य कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। श्रृद्धालुओं को मंदिर तक पहुंचने में किसी तरह की कोई असुविधा न हो इसलिए पुल के आगे ही सभी वाहनों के लिए पार्किंग स्थल बनाया गया, ताकि पार्किंग स्थल से मंदिर तक कोई वाहन न आए और श्रृद्धालु आसानी से मंदिर पहुंच कर दर्शन कर सकें।

## सुबह 5 बजे हवन-पूजन कर की भस्म आरती



मंदिर के महतं पवन गिरी गोस्वामी ने बताया कि मंदिर में भगवान भोजेश्वर का विधि-विधान से रुद्राभिषेक कर श्रृंगार किया गया। सुबह 5 बजे हवन-पूजन कर भस्म आरती की गई। भगवान भोलेनाथ का 1 क्विंटल गेंदे और 50 किलो गुलाब के फूलों से विशेष श्रृंगार किया गया।

## सुरक्षा के लिए पांच थानों के 40 जवान तैनात

सुरक्षा के लिए सबडिविजन के पांच थानों के 40 जवान तैनात किए गए थे। जाम से बचने के लिए तीन स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था बनाई गई थी। बड़े वाहनों को बंगरसिया और आशापुरी से ही डायवर्ट किया गया था। किसी भी वाहन को पुल पार करने की अनुमति नहीं दी गई। श्रद्धालु अपने वाहन पार्किंग स्थल पर खड़े कर वहां से पैदल ही मंदिर परिसर तक पहुंचे। वहीं मंदिर परिसर में भी पुलिस बल तैनात था।

### मंडीदीप के सभी शिवालयों में भी लगी भीड़

नगर में श्रावण माह के पहले सोमवार को शिवालयों में भी विशेष तैयारियां की गई थी। पचपन सीढ़ी शिवमंदिर, पटेल नगर, इंदिरा नगर, श्रीखेड़ापति मंदिर, सतलापुर के पिपलेश्वर महादेव मंदिर और मनोकामना पूर्ण सिद्धि मंदिर को सजाया गया था। श्रद्धालु शिवलिंग पर बिल्वपत्र, भांग, धतूरा और आंक के फूल अर्पित किए।

## शिवालयों में शिव अभिषेक करने बड़ी संख्या में उमड़े भक्त





**औबेदुल्लागंज।** सावन के पहले सोमवार को महिला, पुरुष और युवा कलश में जल भरकर भगवान शिव का अभिषेक करने रेलवे कॉलोनी शिव मंदिर पहुंचे। वहां जल-दूध, पुष्प, बेल पत्र, धतूरा आदि सामग्री अर्पित की पूजा की। पार्षद हेमलता मनोज चौरसिया, पूर्व पार्षद देवेंद्र डैनी, मोंटी ठाकुर, टिंकू ठाकुर ने अभिषेक किया। बिजली घर के शिव मंदिर में व्यापार महासंघ सचिव प्रदीप अरोरा, व्यापार महासंघ अध्यक्ष जगदीश चंदानी, बहावलपुरी समाज के अध्यक्ष बल्लू अरोरा, कैलाश डब्बू नागर, आशीष दीक्षित, रतन मेघानी, राजू भाई पटेल आदि ने अभिषेक कर आरती की। इस अवसर पर बम बम भोले, हर हर महादेव के जयकारों से शिवालय गूंजता रहा। चौहान ढाबे पर भाजपा नेता महेंद्र चौहान, शंकर चौहान, मोनू यादव, वीरेंद्र मिश्रा आदि भक्तों ने अभिषेक किया। अर्जुन नगर के शिव मंदिर में भजन लोदी, धर्मेंद्र चौरसिया, माखन सेन, पूर्व पार्षद पदम चौहान, नपा अध्यक्ष, पति मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी सोनू चौकसे, रवि शंकर राय, अनिल प्रजापति, प्रतिभा द्विवेदी ने भी शिवालय में अभिषेक किया। सभी शिवालयों में सुबह से ही जयकारों की गूंजे सुनाई देने लगी थी। वहीं तामोट में सुबह 6 बजे जनपद सदस्य सुलेखा चौहान, पूर्व सरपंच सुनीता चौहान, प्रीति विश्वकर्मा, रामपाल बाबूलाल, रामकिशोर चौहान, सुरेश तिवारी आदि ने भोलेनाथ का अभिषेक किया।

## गुप्त गंगा से पवित्र जल लेकर कांवड़ यात्रा निकाली, किया महादेव का अभिषेक





सावन के प्रथम सोमवार को भोजपुर नारी शक्ति समिति प्रभात फेरी मंडल के सैकड़ों सदस्यों ने गुप्त गंगा से पवित्र जल लेकर कांवड़ यात्रा निकाली। 6 किलोमीटर की यात्रा कर औबेदुल्लागंज पहुंचे, वहां वार्ड 13 के पार्षद हेमलता मनोज चौरसिया, राजेश दीक्षित, पुरुषोत्तम शर्मा, सुनील सहित कई लोगों ने फूल बरसा कर कांवड़ यात्रा का स्वागत किया। कांवड़ यात्रा के सीताराम चौराहे पर पहुंने पर वचन लोधी, धर्मेंद्र चौहान आदि लोगों ने फूल बरसा कर हर-हर महादेव, बम बम भोले के जयकारों के साथ कांवड़ यात्रा का स्वागत किया। फिर कांवड़ यात्रा अर्जुन नगर पहुंची, सभी भक्तों ने बड़े ही भक्ति भाव से शिवजी का अभिषेक किया। अध्यक्ष आरती यादव ने बताया कि लगातार चौथी साल कांवड़ यात्रा निकली गई। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष आरती यादव, अनीता पंडित, सुनीता सैनी, राजबाई सैनी, पुष्पा चौरसिया, मल्होत्रा यादव, रुक्मिणी यादव, पूजा लोधी, प्रियंका गुप्ता, राधा कुशवाहा, कुसुम शर्मा, राजेंद्र गुड्डू साहू, इंग्लैंश यादव, धर्मेंद्र चौरसिया, अशोक शर्मा आदि कावड़ यात्रा में मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### वीरांगना अवंती बाई लोधी को किया नमन

**मंडीदीप।** सोमवार को गोटेगांव विधायक महेश नागेश ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, देश के स्वाभिमान के लिए अंतिम सांस तक संघर्ष करने वाली वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की वार्ड 11 इन्द्रा नगर में स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान उन्होंने रानी अवंती बाई के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रानी अवंती बाई स्वाधीनता संग्राम में शहीद होने वाली पहली महिला वीरांगना थीं। उनके आदर्शों पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है।

### सड़क खोद देने से लोगों को हो रही दिक्कत



**औबेदुल्लागंज।** वार्ड 13 पोस्ट ऑफिस वाली गली की कंक्रीट सड़क को पानी के पाइप डालने के लिए जेसीबी द्वारा खोद दिया गया। रहवासियों ने मोंटी ठाकुर, टिंकू ठाकुर, राजेश दीक्षित, पूर्व पार्षद देवेंद्र डैनी, निर्मल यादव सहित अन्य महिलाओं ने बताया कि सड़क खोदने से लोगों को आने-जाने में काफी दिक्कत हो रही है। सीएमओ किरन रंहगडाले एवं इंजीनियर मुकेश जैन को वार्ड रहवासियों ने अपनी समस्या बताई तो सीएमओ ने निर्देश दिए कि जहां सड़क खुदी है उसकी मरम्मत की जाए।

### नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को उम्र कैद

**मंडीदीप।** गौहरगंज न्यायालय ने एक आरोपी को दुष्कर्म के मामले में दोषी पाते हुए आजीवन कारावास एवं 3000 रुपए जुर्माना से दण्डित किया गया। इस मामले में मध्यप्रदेश राज्य की ओर से विशेष लोक अभियोजक अनिल कुमार तिवारी ने पैरवी की थी। जानकारी देते हुए विशेष लोक अभियोजक अनिल तिवारी ने बताया कि 17 अक्टूबर 2023 को नाबालिक की मां ने थाने में शिकायत कराई थी। कि वह काम करने राइस मील गई थी, पति मजदूरी करने गांव में ही गये थे। तभी दिन में पड़ौस का रहने वाला विष्णु नायक घर आया और नाबालिग के साथ गंदा काम किया और विष्णु ने धमकी दी कि यदि चिल्लाई तो तुझे और तेरे छोटे भाई को जान से मार डालूंगा विष्णु से छूटकर भागते समय विष्णु ने मेरा हाथ पकड़ने लगा तब उसका नाखून लगने से मेरे सीधे हाथ में चोट आई है।

| शुभांक | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 3805 | | |
| दिन: | 789 | 44 | 248 |
| रात: | 237 | 28 | 567 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 237 | 28 | 125 |
| रात: | 460 | 07 | 566 |

मुथुट फाइनेंस में चेन गिरवी रखकर लिए थे एक लाख पंद्रह हजार

# तीस मिनट में दो महिलाओं से चेन लूटीं, नाबालिग समेत 4 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोहेफिजा थाना क्षेत्र में 2 जुलाई की रात तीस मिनट के भीतर दो महिलाओं के गले से सोने की चेन झपटने का मामला सामने आया था। पुलिस ने झपटमारी की इस वारदात में नाबालिग समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने झपटमार की पत्नी को भी आरोपी बनाया है। झपटमारी का आइडिया पत्नी ने दिया था। झपटमारी में हाथ लगी सोने की चेन पत्नी ने ही एक लाख पंद्रह हजार रुपए में गिरवी रख दी थी। आरोपियों ने वारदात करने के लिए सेकंड हेंड बाइक भी खरीदी थी।

पुलिस के अनुसार नयापुरा लालघाटी निवासी राम बंसल ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि गत 2 जुलाई की रात करीब पौने 9 बजे उनकी पत्नी अपनी सहेली के साथ ग्रीन एकड़ कॉलोनी के बाहर वाली रोड पर टहल रही थीं। इसी बीच बाइक सवार अज्ञात बदमाश राम बंसल की पत्नी के गले में सोने की चेन झपटकर फरार हो गए। चेन की कीमत एक लाख 80 हजार रुपए बताई गई। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर झपटमारी का प्रकरण दर्ज कर लिया। इसी प्रकार विगत 2 जुलाई की रात करीब सवा 8 बजे जयमाता किराना दुकान के पास विजय नगर में अज्ञात बाइक सवार तीन बदमाश फरियादिया रिमझिम सक्सेना को चलती स्कूटी से गिराकर झूमाझटकी की और उनके गले से सोने की चेन झपटकर भाग निकले। झपटी गई चेन की कीमत करीब एक लाख रुपए बताई गई।

पुलिस ने उक्त मामले में लूट का प्रकरण दर्ज कर जांच की। पुलिस की अलग-अलग टीमों ने मौका-ए-वारदात के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले और मुखबिरों को भी सक्रिय कर दिया। इस बीच मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने पल्सर बाइक के साथ नाबालिग समेत तीन संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपियों ने महिलाओं की सोने की चेन झपटने की उक्त दोनों वारदातों को अंजाम देना स्वीकार लिया। आरोपियों के नाम यूसुफ उर्फ भोपाली उर्फ चुचू (21) निवासी चिकलोद रोड जहांगीराबाद व नदीम खान (19) निवासी काजीकैम्प थाना हनुमानगंज बताए गए हैं। बाल अपचारी की उम्र करीब 17 साल बताई गई है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर झपटी गई सोने की दोनों चेन बरामद कर लीं। वारदात में इस्तेमाल पल्सर बाइक भी पुलिस ने जब्त कर ली है। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल रिमांड पर लिया है।

## पत्नी और दोस्तों के साथ की थी प्लानिंग



यूसुफ ने अपनी पत्नी आशिया बी और दोस्तों नदीम व नाबालिग के साथ मिलकर लूटपाट की योजना बनाई थी। आशिया बी ने योजना बनाई थी कि लूटी हुई चेन अथवा मंगलसूत्र वह मुथुट फायनेंस में गिरवी रख देगी। इससे किसी को संदेह भी नहीं होगा। पुलिस ने आशिया बी को भी गिरफ्तार किया है। आशिया बी ने लूटी गई एक लाख 80 हजार रुपए कीमत की चेन मुथुट फाइनेंस में एक लाख 15 हजार रुपए में गिरवी रख दी थी। एक लाख 15 हजार रुपए उनके खाते में ट्रांसफर हो गए थे। पुलिस ने फाइनेंस कंपनी से चेन बरामद कर ली है।

# चार सूत्रीय मांगों को लेकर पेंशनर दिल्ली के जंतर-मंतर मैदान में करेंगे धरना-प्रदर्शन

## प्रधानमंत्री एवं सरसंघचालक मोहन भागवत से लगाएंगे गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर



संस्कार विद्यालय संत हिरदाराम नगर भोपाल में सोमवार को राष्ट्रीय संघर्ष समिति द्वारा बैठक आयोजित की गई, जिसमें 4 एवं 5 अगस्त को राष्ट्रयव्याजी धरना प्रदर्शन आंदोलन दिल्ली के जंतर मंतर मैंदान में करने का फैसला लिया। इस प्रदर्शन में मध्य प्रदेश से अधिक से अधिक संख्या में पेंशनरों को शामिल होने का आह्वान किया गया है, ताकि केंद्र सरकार द्वारा तत्काल चार सूत्रीय मांगों का निराकरण किया जा सके। जिसके लिए प्रधानमंत्री एवं सरसंघचालक मोहन भागवत को पत्र के द्वारा पेंशनरों द्वारा चार सूत्रीय मांगों के निराकरण के लिए गुहार की गई।

इस अवसर पर राष्ट्रीय संघर्ष समिति भोपाल के प्रदेश समन्वयक आरए धारकर ने कहा कि राष्ट्रीय संघर्ष समिति गत कई वर्षों से निम्न चार सूत्रीय मांगों के निराकरण के लिए आंदोलन करती आ रही है, जिसमें पहला न्यूनतम पेंशन 7500 एवं महंगाई भत्ता, दूसरा पेंशन धारक पति-पत्नी को निःशुल्क अच्छी चिकित्सा उपलब्ध कराई जाए, तीसरा सर्वाच्च न्यायालय के आदेशानुसार उच्च पेंशन का पेंशनर्स को बिना किसी भेदभाव के दिया जाए और चौथा 1995 के पूर्व सेवानिवृत पेंशनरों को सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए उन्हें भी हर महीने 5000 रुपए पेंशन दी जाए।

## पूज्य सिंधी पंचायत के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित

# खराब सड़कों से पगड़ी रस्म स्थल जाने में हो रही परेशानी, पंचायत ने की कम्युनिटी हॉल देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

पूज्य सिंधी पंचायत संत हिरदाराम नगर के पदाधिकारियों की बैठक पंचायत अध्यक्ष माधु चांदवानी की अध्यक्षता में पंचायत कार्यालय में सम्पन्न हुई। बोरवन पार्क की दोनों सड़कों की खराब स्थिति के कारण नागरिकों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

पदाधिकारियों ने विचार विमर्श कर यह निर्णय लिया है कि एमआईसी सदस्य व पार्षद राजेश हिंगोरानी के नेतृत्व में महापौर व कमिशनर को ज्ञापन सौंपकर दो माह के लिए थद्धाराम कम्यूनिटी हॉल पगड़ी रस्म के लिए मांग करेंगे। अगर नगर निगम प्रशासन कम्यूनिटी हाल देने में इंकार करता है, तो नव युवक सभा संस्था से संत हिरदाराम हाल वन ट्री हिल्स देने की मांग की जाएगी। संत हिरदाराम हाल का निर्माण पगड़ी रस्म के लिए ही हुआ था। सिंधी समाज का पावन पर्व झूलेलाल चालीहा साहिब 16 जुलाई से शुरू हो रहा है।

सिंधी समाज के लोगों से अपील की है कि इस समारोह में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें ओर अपना जीवन सफल बनाए। बैठक में पंचायत अध्यक्ष माधु चांदवानी, नंद दादलानी, भरत आसवानी, जगदीश आसवानी, गुलाब जेठानी, जेठानंद मंगतानी, माधव पारदासानी, हरीश मेहरचंदानी आदि उपस्थित थे।

### झूलेलाल चालीहा का शुभारंभ कल से, 40 दिन चलेगा उपवास

संतनगर। भगवान झूलेलाल चालीहा महोत्सव 16 जुलाई से धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। साथ भी 40 दिन का उपवास भी शुरू हो जाएगा। बी न्यू-10 झूलेलाल मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में दक्षिण पश्चिम विधायक भगवान दास सबनानी उपस्थित रहेंगे। कठोर तपस्या के 40 दिन व्रत भी शुरू हो जाएगा। व्रतधारी उपवास रखकर देश कल्याण की कामना करते हैं। इस अवसर पर चालीहा मंदिर के पदाधिकारीगण ओमप्रकाश रीझवानी, किरण वाधवानी, गोबिंदराम वाधवानी, दीपक सतानी, ललित रायचंदानी, सुरेश जावरानी आदि उपस्थित थे।

## पत्नी ने शराब के लिए पैसे नहीं दिए तो अधेड़ ने लगा ली फांसी

**भोपाल।** शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित सरस्वती नगर में रविवार रात एक अधेड़ ने फांसी लगा ली। नजर पड़ते ही परिजन उन्हें फंदे से उतारकर अस्पताल ले गए, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर अधेड़ को मृत घोषित कर दिया। सुसाइड नोट नहीं मिलने से आत्महत्या के कारण का पता नहीं चल सका है।

पुलिस के अनुसार पूनम चंद्र पिता नत्थू चंद्र (55) सरस्वती नगर शाहपुरा में रहते थे। वे बेरोजगार थे। उनके बच्चे मेहनत मजूदरी करते हैं, जबकि पत्नी घरों में साफ-सफाई करने जाती है। रविवार शाम पूनम चंद्र ने पत्नी से शराब पीने के लिए पैसे मांगे। इस पर पत्नी ने कहा कि पैसे नहीं है और अंदर कमरे में जाकर आराम करो। वे अंदर कमरे में गए और फांसी लगा ली। नजर पड़ते ही पत्नी ने पड़ोसियों की मदद से उन्हें फंदे से नीचे उतारा और अस्पताल लेकर पहुंची थी, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर पूनम चंद्र को मृत घोषित कर दिया।

वाहन चालकों के लिए रोड बनी मुसीबत

# नगर के एप्रोच मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे, हादसों को दे रहे न्यौता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर के नेशनल हाईवे के दोनों ओर एप्रोच मार्ग पर सड़क की गिट्टी उखड़ जाने से बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। गड्ढों में पानी भरने से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। गड्ढों के कारण वाहन चालक उसेमें फंस कर गिर रहे हैं। इसके साथ ही एप्रोच मार्ग पर जाम भी लग रहा है। इसके बादवजूद जिम्मदारों ने अब तक ध्यान नहीं दिया है। हालांकि रोड निर्माता कंपनी के अधिकारी बारिश कम होने पर गड्ढों की मरम्मत कराने की बात कह रहे हैं। रोड निर्माता कंपनी के सीडीएस ने इसे 529 करोड़ की लागत से बनाया है। इस हाईवे प्रोजेक्ट के निर्माण पर शुरू से ही सवालिया निशान लग रहे हैं। घटिया रोड निर्माण के लिए कंपनी सीडीएस और एमपीआरडीसी भी सवालों के घेरे में है। हाईवे निर्माता सीडीएस कंपनी का एमपीआरडीसी से 5 साल तक रिपेयरिंग करने का अनुबंध है, लेकिन अब तक जिम्मेदारों ने ध्यान नहीं दिया।



**बारिश रुकने पर इन गड्ढों को भरवाने का कार्य होगा**

बारिश के कारण गड्ढे हो गए हैं। बारिश रुकने पर इन गड्ढों को भरवाने का कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

**केएस धामी,** मैनेजर सीडीएस कंपनी

## गोरखपुर से एक महीने पहले ही भोपाल आई थी बुजुर्ग दादी

अब तक जांच में मामला गैरइरादतन हत्या की ओर इशारा कर रहा है

# बुजुर्ग की मौत, पीएम रिपोर्ट का इंतजार, दो दिन पहले पोते ने की थी दादी से मारपीट

- दो साल से निर्माणाधीन मकान में रह रहा था परिवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गोविंदपुरा थाना क्षेत्र स्थित गौतम नगर में बुजुर्ग महिला की मौत के मामले में पुलिस को पीएम रिपोर्ट का इंतजार रहा है। पीएम रिपोर्ट से यह पता लग जाएगा कि आखिरकार 90 साल की बुजुर्ग की मौत कैसे हुई है। अब तक की जांच में मामला गैरइरादतन हत्या की ओर इशारा कर रहा है। दरअसल, बुजुर्ग की मौत रविवार शाम हुई थी और उनके पोते को दो दिन पहले बुजुर्ग दादी के साथ मारपीट करते हुए देखा गया था। पुलिस पीएम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई करेगी।

जानकारी के अनुसार गौतम नगर में संजय गुप्ता का मकान बन रहा है। इस निर्माणाधीन मकान में 19 साल का कार्तिक अपने पिता और परिवार के साथ रहता है। कार्तिक के पिता चौकीदारी करते हैं और कार्तिक भी चौकीदारी के साथ टाइल्स फीटिंग काम करता है। परिवार दो साल से गुप्ता के निर्माणाधीन मकान में रह रहा है। यह गुप्ता का दूसरा मकान है। रविवार को निर्माणाधीन मकान में कंडे का धुंआ उठ रहा था। आसपास के लोगों ने देखा तो कार्तिक की दादी 95 साल की इतवारी बाई की मौत हो चुकी थी।

### मारपीट करते मजदूरों और आसपास लोगों ने देखा



मूलतः गोरखपुर में रहने वाली इतवारी बाई एक महीने पहले ही यहां अपने बेटे और पोते के घर रहने के लिए आई थी। निर्माणाधीन बिल्डिंग में काम करने वाले मजदूरों और आसपास के लोगों ने दो दिन पहले कार्तिक को अपनी अति बुजुर्ग दादी के साथ मारपीट करते हुए देखा था। पुलिस ने शव सोमवार को पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। पीएम रिपोर्ट में यदि मुंह दबाने से मौत के कारण की पुष्टि होती है तो कार्तिक पर हत्या का मामला दर्ज किया जाएगा।

### पुलिस को दी सूचना

परिजन अगले ही दिन दाह संस्कार की तैयारी कर रहे थे। इसी बीच आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी कि बुजुर्ग महिला के साथ दो दिन पूर्व कार्तिक ने मारपीट की थी और उनकी मौत हो गई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिवार से बातचीत की। इस दौरान कार्तिक ने बताया कि दो दिन पूर्व दादी नाली में गिर गई थी। उन्हें चोट आई थी। इससे उनकी मौत हुई है। रविवार सुबह उसने डॉक्टर को बुलाकर दादी का इलाज भी करवाया था।

# संत हिरदाराम के समाधि स्थल पहुंचे वासुदेव देवनानी, लिया आशीर्वाद

## सिद्ध भाऊ ने देवनानी को शुभकामनाएं दीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर



गत दिवस राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी संत हिरदाराम नगर स्थित पूज्य परमहंस संत हिरदाराम के समाधि स्थल (कुटिया) पहुंचे और वहां माथा टेककर संतजी का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि संतजी के दिखाए मार्ग पर चलकर ही उन्हें जीवन में दिशा और सफलता मिली है। इस अवसर पर सिद्ध भाऊ ने देवनानी को समाज सेवा के पथ पर अग्रसर रहने के लिए आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर संतजी के निष्ठावान अनुयायी महेश दयारामानी भी उपस्थित रहे। मालूम हो कि देवनानी का भोपाल आगमन 7 राज्यों के विधानसभा अध्यक्षों की बैठक में भाग लेने के लिए हुआ था। यह बैठक विधान सभा अध्यक्षों की कार्यप्रणाली और पारस्परिक समन्वय को सुदृढ़ करने पर केंद्रित थी।

# संपूर्ण देश में संस्कार युक्त शिक्षा से भावी पीढ़ी का निर्माण कर रही है विद्या भारती : आरावकर

## राजधानी में आयोजित हुआ विद्या भारती परिचय वर्ग

### विभिन्न विषयों पर हुआ चिंतन और संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विद्या भारती केवल एक शैक्षणिक संस्था नहीं, बल्कि यह राष्ट्र के नव निर्माण के लिए संस्कारयुक्त नागरिकों के निर्माण का एक व्यापक आंदोलन है। केवल लक्षद्वीप को छोड़कर शेष सम्पूर्ण भारत में विद्या भारती के विद्यालय देश के कोने-कोने में कार्यरत हैं। जहां विद्यार्थियों को केवल ज्ञान ही नहीं, अपितु चरित्र, कर्तव्यबोध और राष्ट्रनिष्ठा के मूल्यों से युक्त शिक्षा दी जा रही है। विद्या भारती सम्पूर्ण देश में संस्कार युक्त शिक्षा से भावी पीढ़ी का निर्माण कर रही है। यह बात विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के सह-संगठन मंत्री श्रीरामजी आरावकर ने कही।

राजधानी के केरवा बांध मार्ग स्थित सरस्वती विद्या मंदिर, शारदा विहार आवासीय विद्यालय विद्या भारती मध्यभारत प्रांत द्वारा 'विद्या भारती परिचय वर्ग' का आयोजन किया गया। सह-संगठन मंत्री आरावकर ने उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि 1952 में एक विचार के रूप में अंकुरित हुआ यह संगठन आज एक विशाल वटवृक्ष बन चुका है, जिसकी शाखाएं समाज के प्रत्येक वर्ग तक फैली हैं। इस विकास यात्रा में समाज के सहयोग और समर्पित कार्यकर्ताओं की तपश्चर्या प्रमुख रही है।




### विचार और विमर्श से परिपूर्ण तीन सत्र

परिचय वर्ग में तीन सत्रों के माध्यम से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में विद्या भारती की भूमिका, संगठन की विकास यात्रा, लक्ष्य, कार्य पद्धति तथा चरित्र निर्माण, सांस्कृतिक बोध और कर्तव्यपरक शिक्षा की प्रासंगिकता पर गंभीर चिंतन और संवाद हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान, नई दिल्ली के अध्यक्ष प्रो.( डॉ. ) रविन्द्र कान्हेरे ने की। विशिष्ट अतिथियों में सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान, मध्यप्रदेश के अध्यक्ष मोहनलाल गुप्त, विद्या भारती मध्यभारत प्रांत के संगठन मंत्री निखिलेश महेश्वरी, परिचय वर्ग के प्रभारी डॉ. आशीष जोशी एवं संयोजक डॉ. जीएस राय सहित विद्या भारती के प्रमुख पदाधिकारियों और शिक्षाविदों की उपस्थिति रही।

### समापन सत्र में जीवन निर्माण पर बल

समापन सत्र में आरावकर ने प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए कहा कि विद्या भारती का उद्देश्य केवल 'ज्ञान प्रदाय' नहीं, बल्कि 'जीवन निर्माण' है। उन्होंने शिक्षाविदों, समाजसेवियों और राष्ट्रचिंतकों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में इस विचारधारा को न केवल आत्मसात करें, बल्कि समाज में सक्रिय रूप से प्रसारित भी करें। कार्यक्रम में सहभागिता कर रहे सभी प्रतिभागियों ने विद्या भारती की दिशा, दृष्टि और कार्यपद्धति की मुक्तकंठ से सराहना की तथा राष्ट्रहित में इस अभियान से जुड़कर समाज परिवर्तन का सक्रिय अंग बनने का संकल्प दोहराया।

### विद्या भारती: एक आंदोलन, एक संकल्प

*अपने वक्तव्य में डॉ. कान्हेरे ने कहा कि विद्या भारती केवल पठन-पाठन तक सीमित नहीं है, अपितु यह भारतीय समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का एक शैक्षिक-सांस्कृतिक राष्ट्रधर्मी आंदोलन है। उन्होंने संगठन के विभिन्न रचनात्मक उपक्रमों जैसे विद्वत परिषद, पूर्व छात्र परिषद, क्रियाशोध परियोजना, संस्कृति बोध परियोजना एवं विज्ञाम मेला की जानकारी दी और इन्हें समाज में सकारात्मक विमर्श स्थापित करने का सशक्त माध्यम बताया। परिचय वर्ग में यह भी रेखांकित किया गया कि विद्या भारती आज विश्व का सबसे बड़ा गैर-सरकारी शैक्षिक संगठन है, जो एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस), आईसीटी (सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी) और 21वीं सदी के आवश्यक जीवन-कौशलों से सुसज्जित गुणवत्तापूर्ण एवं मूल्यनिष्ठ शिक्षा प्रदान करने की दिशा में निरंतर नवाचार कर रहा है।*

---

### आतंकी को पकड़ने वाले सब इंस्पेक्टर और प्रधान आरक्षक को आउट ऑफ टर्म प्रमोशन




**भोपाल।** प्रदेश सरकार ने रतलाम में प्रतिबंध आतंकी संगठन अलसुफा के फरार आतंकी फिरोज उर्फ सब्जी को पकड़ने वाले सब इंस्पेक्टर सत्येन्द्र रघुवंशी और कार्यवाहक प्रधान आरक्षक राहुल जाट को आउट ऑफ टर्म प्रमोशन देने का फैसला लिया है। इन दोनों ने जयपुर में ब्लास्ट की साजिश रचने वाले फरार आतंकी फिरोज को पकड़ने में कामयाबी हासिल की थी। फिरोज पर एनआईए ने पांच लाख का इनाम भी रखा था। फिरोज को उसके रिश्तेदारों के घर से गहरी छानबीन के बाद रघुवंशी और जाट ने मिलकर पकड़ा था, जहां वह छिपकर रह रहा था। डीजीपी कैलाश मकवाणा ने रतलाम जिले में पदस्थ दोनों पुलिसकर्मियों को बधाई देते हुए सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि दोनों पुलिसकर्मियों ने अद्वितीय साहस दिखाते हुए आतंकी को गिरफ्तार किया है इसलिए उन्हें आउट ऑफ टर्म प्रमोशन दिया जा रहा है।

---

समीक्षा के लिए गठित पीठासीन अधिकारियों की समिति की पहली बैठक में बोले विस अध्यक्ष तोमर

## समितियों की भूमिका का विस्तार... उनकी दक्षता एवं उपयोगिता बढ़ाने पर विचार जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

समिति प्रणाली की समीक्षा के लिए गठित पीठासीन अधिकारियों की समिति की पहली बैठक समिति के अध्यक्ष विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर की अध्यक्षता में सोमवार को मप्र विधानसभा में आहूत की गई।

बैठक में अध्यक्ष तोमर ने कहा कि प्रौद्योगिकी के बढ़ते प्रयोग एवं विकसित भारत की दिशा में अग्रसर हमारे कदमों को दृष्टिगत रखते हुए यह आवश्यक है कि समितियों की भूमिका का विस्तार, उनकी दक्षता एवं उपयोगिता बढ़ाने पर विचार हो। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों जब हिमाचल प्रदेश में विधान मंडलों के पीठासीन अधिकारियों की बैठक हुई थी, तो वहां पर समिति प्रणाली की समीक्षा के लिए यह समिति गठित हुई थी। इस बैठक में उत्तरप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, हिमाचल विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, सिक्किम विधानसभा अध्यक्ष मिंगमा नोरबू शेरपा, ओडिशा विधानसभा अध्यक्ष सुरमा पाढ़ी एवं पश्चिम बंगाल विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी सम्मिलित हुए। बैठक में सभी संबंधित राज्यों की विधानसभा के प्रमुख सचिव एवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। बैठक में विधानसभा की समिति के सुदृढ़ीकरण एवं जनकल्याण में उनकी भूमिका को बढ़ाने पर विचार किया गया।




### व्यापकता के साथ भावी रणनीति बनाई जा सकेगी

*सभी राज्यों के विधानमंडलों की समितियों की जानकारी प्राप्त होने से इस दिशा में व्यापकता के साथ भावी रणनीति बनाई जा सकेगी। बैठक में सम्मिलित विधानसभा अध्यक्षों ने अपनेअपने सुझाव रखें एवं विषय पर गंभीर चर्चा की। इस अवसर पर विधानसभा परिसर में सभी सदस्यों की ओर से वृक्षारोपण भी किया गया। अतिथि विधानसभा अध्यक्षों, विधानसभा प्रमुख सचिवों एवं अन्य अधिकारियों ने इस अवसर पर विधानसभा भवन का भ्रमण कर सदन, मानसरोवर सभागार, विधानसभा पुस्तकालय एवं अन्य प्रकोष्ठों की जानकारी भी ली। विधान सभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह ने समिति की बैठक की रूपरेखा रखी और सचिव अरविन्द शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया।*

### लोकसभा की श्रेष्ठ प्रथाओं को यहां साझा करेंगे

तोमर ने उम्मीद जताई कि समिति के सदस्य अपने राज्यों में समिति के कार्यों एवं वहां की श्रेष्ठ प्रथाओं को यहां साझा करेंगे। उन्होंने समितियों को और अधिक स्वायत्तता देने एवं उनकी ओर से की गई अनुशंसाओं की समय पर अनुपालना सुनिश्चित करने के लिए भी सदस्यों से विचार करने एवं सुझाव देने का आग्रह किया। तोमर ने उम्मीद जताई कि बैठक में समितियों को दृष्टिगत रखते हुए उपयोगी एवं सुधारात्मक सुझाव आएंगे जो भविष्य में समितियों की दक्षता एवं भूमिका को सुदृढ़ करेंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि समिति सदस्यों के अतिरिक्त अन्य राज्यों के विधानमंडलों से भी समितियों की स्थिति एवं कार्यों की जानकारी मंगवाई जाए।

### राज्यपाल सहभोज में सम्मिलित हुए



समिति प्रणाली की समीक्षा के लिए गठित पीठासीन अधिकारियों की समिति की बैठक में आए विभिन्न राज्यों के विधानसभा अध्यक्षों के साथ सहभोज में महामहिम राज्यपाल मंगुभाई पटेल भी सम्मिलित हुए। विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने विधानसभा के प्रवेश द्वार पर उनकी अगवानी की। इस अवसर पर राज्यपाल के साथ सभी राज्यों के विधानसभा अध्यक्षों एवं विधानसभा के अधिकारियों का ग्रुप फोटो भी खींचा गया।

---

स्व. कैलाश जोशी की 96वी जयंती पर कार्यक्रम आयोजित, विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने कहा...




## राष्ट्र, विचारधारा, ईमानदारी व सादगी को समर्पित था स्व. जोशी का जीवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता स्व. कैलाश जोशी की 96वीं जयंती पर कैलाश जोशी फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम 'संत स्मरण दिवस- राजनीति के संत' कार्यक्रम को मुख्यवक्ता के रूप में संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि स्व. कैलाश जोशी का पूरा जीवन राष्ट्र, विचारधारा, इमानदारी एवं सादगी के लिए समर्पित था। वे सदैव इस बात के लिए तत्पर रहते थे कि जनकल्याण एवं संगठन का कार्य कैसे आगे बढ़े। वे देश की राजनीति में सादगी एवं सत्य के लिए जीने वाले नेता के रूप में सदैव स्मरण किए जाएंगे। मध्यप्रदेश विधानसभा के मानसरोवर सभागार में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, उत्तरप्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह, संसदीय कार्य एवं नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, पूर्व मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा सहित अन्य राजनेता उपस्थित थे।

### स्व. जोशी बहुत स्पष्टवादी थे

तोमर ने कहा कि स्व. जोशी की यह विश्वसनीयता थी कि यदि वे कह देते कि यह काम हो जाएगा तो वह कितना भी कठिन क्यों न हो, कार्यकर्ता यह मानकर ही आगे बढ़ते थे कि यह काम जरूर हो जाएगा। उन्होंने कहा कि वे बहुत स्पष्टवादी थे, लोगों को कभी इस प्रकार का आश्वासन नहीं देते थे देख लेंगे। काम हो सकता है तो कर देते थे और नहीं हो सकता तो स्पष्ट कह देते थे कि नहीं हो सकता है। सार्वजनिक जीवन में कार्य करने वाले नेताओं विशेषकर विधायकों को जरूर ही स्व. कैलाश जोशी का अनुगमन करना चाहिए। स्व. जोशी का जीवन भी बहुत व्यवस्थित था और उनका भाषण भी हमेशा व्यवस्थित था। तोमर ने कहा कि जब नेता में नैतिक ताकत होती है तो निश्चित तौर पर जनता में स्वीकार्यता प्राप्त होती है।

---

### फर्जी क्लेम के जरिए करोड़ों के टैक्स रिफंड का मामला उजागर

## इन्कम टैक्स ने एमपी-सीजी में 13 ठिकानों पर मारे छापे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आयकर विभाग ने सोमवार को फर्जी इनकम टैक्स रिफंड के मामलों में देश भर में कुल 200 ठिकानों पर छापे मारे। इनमें मध्य प्रदेश के 10 और छत्तीसगढ़ के 3 ठिकाने शामिल हैं। आयकर विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, मध्य प्रदेश में इंदौर, जबलपुर, रीवा, रतलाम और उज्जैन में, जबकि छत्तीसगढ़ में मनेंद्रगढ़, चिरमिरी और कोरिया में छापेमारी की गई। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में 9 स्थानों पर सर्च (छापेमारी) और 4 स्थानों पर सर्वे की कार्रवाई अभी भी जारी है।

इन शहरों में चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए), आयकर सेवा प्रदाताओं और एलआईसी एजेंटों के ठिकानों पर गहन छानबीन चल रही है। अब तक इन ठिकानों से डिजिटल डिवाइस, लेन-देन के महत्वपूर्ण दस्तावेज और बैंकों की स्टेटमेंट जब्त की गई हैं। छापे की यह कार्रवाई मंगलवार तक जारी रहेगी, जिसके बाद ही पूरी जानकारी सामने आ सकेगी। सबसे पहले इंदौर आयकर विभाग की टीम ने सोमवार सुबह रतलाम में कर सलाहकार व जीएसटी कंसल्टेंट सुरेश गुप्ता पर छापेमार कार्रवाई की है। दर्जन भर से अधिक अधिकारी कर सलाहकार व जीएसटी कंसल्टेंट गुप्ता के बैंक कॉलोनी स्थित घर पर सुबह 7 बजे पहुंचे। इस दौरान आयकर अफसरों ने घर से लेकर कंपनी के आफिस तक छानबीन की और कुछ अहम दस्तावेज जब्त किए। दरअसल आयकर विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, सरकार को लंबे समय से इस तरह की शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ सीए, आईटी प्रैक्टिशनर और एलआईसी एजेंट करदाताओं (टैक्स पेयर्स) से उनकी आयकर रिटर्न भरवाने के बाद, टीडीएस (स्रोत पर कर कटौती) के रूप में आयकर विभाग में जमा की गई राशि का फर्जी रिफंड करा रहे थे। रिफंड का यह सारा खेल फर्जी दस्तावेजों के जरिए किया जा रहा था। इसके बदले में ये आयकर सेवा प्रदाता हर करदाता से रिफंड का 10 से 25 प्रतिशत हिस्सा फीस के रूप में ले रहे थे। सरकार की नजर इस फजीर्वाड़े पर लंबे समय से थी। फिलहाल, प्रारंभिक छानबीन में यह उजागर हुआ है कि हजारों टैक्स पेयर्स के फर्जी क्लेम कर करोड़ों का टैक्स रिफंड केवल मध्य प्रदेश में ही लिया गया है।

---

## पंकज मिश्रा को पीएचडी की उपाधि

**भोपाल।** सैम ग्लोबल विश्वविद्यालय, भोपाल ने पंकज मिश्रा को उनके शोध कार्य 'जनसामान्य में कानून संबंधी खबरों के प्रति रूचि एवं जागरुकता के प्रसार में समाचार पत्रों की भूमिका' (भोपाल के समाचार-पत्रों के संदर्भ में) विषय पर उत्कृष्ट अनुसंधान कार्य के लिए पीएचडी की उपाधि प्रदान की है।

गौरतलब है कि पंकज मिश्रा ने अपना शोध कार्य मीडिया विशेषज्ञ प्रोफेसर डॉ. नीरज कुमार पांडेय के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक पूर्ण किया है। पंकज मिश्रा लोक सेवा प्रबंधन विभाग में प्रबंधक (प्रशासन) एवं विधि विषय के जानकार हैं। पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई) भोपाल के सचिव एवं नेशनल काउंसिल के सदस्य हैं।

---

## बेटी की मौत से दुखी पिता ने ट्रेन से कटकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित फंदा फाटक के पास से सोमवार सुबह रेलवे ट्रैक से पुलिस ने एक व्यक्ति की लाश बरामद की। मृतक की शिनाख्त बैरागढ़ में रहने वाले युवक के रूप में कर ली गई है। परिजन का कहना है कि रविवार दोपहर एक बजे से वह लापता थे। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या से जुड़ा नजर आ रहा है। पुलिस के अनुसार फंदा रेलवे फाटक से सोमवार सुबह साढ़े 9 बजे एक व्यक्ति की लाश बरामद की गई थी। पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के लिए मर्चूरी भेज दी। उनके पास ऐसा कोई भी दस्तावेज नहीं मिला था, जिससे उनकी शिनाख्त की जा सके। पुलिस ने मृतक का हुलिया आसपास के थानों में भेजा। इस बीच शाम को परिजन उनकी तलाश करते हुए खजूरी सड़क थाने तक पहुंच गए। पुलिस ने मृतक की फोटो दिखाई तो परिजन ने उनकी पहचान प्रकाश मलानी (55) निवासी सीआरपी बैरागढ़ के रूप में कर ली। परिजन ने पुलिस को बताया कि प्रकाश मलानी रविवार दोपहर एक बजे घर से सीहोर जाने के लिए निकले थे। इसके बाद से ही उनका कुछ पता नहीं था।

**बेटी की मौत से थे दुखी :** परिजन ने बताया कि प्रकाश मलानी की दो बेटियां थी। एक बेटी की करीब दो साल पहले मौत हो गई थी। बेटी की मौत के बाद से वह दुखी रहने लगे थे। वे बेरोजगार थे। उनके भाई बैरागढ़ में कपड़े की दुकान का संचालन करते हैं। वे ही प्रकाश की मदद करते थे।

### निशातपुरा में आर्थिक तंगी से परेशान होकर इलेक्ट्रीशियन ने लगाई फांसी

निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित देवकी नगर में रविवार दोपहर एक इलेक्ट्रीशियन ने घर में फांसी लगा ली। नजर पड़ते ही परिजन उन्हें फंदे से उतारकर निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान एक सुसाइड नोट मिला। सुसाइड नोट में उन्होंने लिखा कि मैं अपनी पत्नी और बच्चों का भरण पोषण नहीं कर सक रहा हूं। मेरी मौत का जिम्मेदार मैं स्वयं हूं। पत्नी और परिवार को परेशान न किया जाए। पुलिस के अनुसार विवेक जैन पिता स्वर्गीय जैन (40) देवकी नगर, करोंद में रहते थे। वे प्राइवेट इलेक्ट्रीशियन का काम करते थे। उनका पत्नी से विवाद चल रहा है और उनकी पत्नी उनसे अलग रह रही है। रविवार दोपहर विवेक ने अपने कमरे में फांसी लगा ली। परिजन उन्हें भानपुर स्थित निजी अस्पताल ले गए, लेकिन उनकी मौत हो चुकी थी।

#### आर्थिक तंगी से थे परेशान

*पुलिस को मिले सुसाइड नोट से अनुमान लगाया जा रहा है कि वे आर्थिक तंगी से परेशान थे। पत्नी और बच्चों की परवरिश नहीं करने के कारण पत्नी उन्हें छोड़कर जा चुकी थी। यह भी बताया जा रहा है कि पत्नी ससुराल लौटने से इंकार कर रही थी। चार दिन पहले उन्होंने तलाक के लिए पेपर भी कोर्ट में लगाए थे।*

---

भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय मंत्री गौरव तिवारी ने लिखा सड़क सुरक्षा समिति को पत्र

## सोहागी पहाड़, नेशनल हाईवे 30 पर लगातार हो रहे हादसे, जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रीवा जिले के त्योंथर क्षेत्र में स्थित सोहागी पहाड़, नेशनल हाईवे 30 पर सड़क हादसों को रोकने एवं अब तक सड़क सुधार को लेकर की गई कार्रवाई की जांच की मांग की गई है।

इसको लेकर भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय मंत्री गौरव तिवारी ने संजय बंधोपाध्याय, सदस्य, सड़क सुरक्षा समिति, सुप्रीम कोर्ट, दिल्ली को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि रीवा जिले के त्योंथर क्षेत्र में स्थित सोहागी पहाड़, नेशनल हाईवे 30 पर लगातार सड़क हादसे हो रहे हैं, जो



अत्यंत चिंताजनक है। इन हादसों में कई लोगों की जान जा चुकी है और दर्जनों घायल हुए हैं। सड़क निर्माण के बाद से सड़क की गुणवत्ता, डिजाइन को लेकर लगातार सवाल खड़े होते रहे हैं। इन हादसों के प्रमुख कारणों में सड़क की डिजाइन, सड़क का निर्धारित पैमाने पर न बना होना और तेज रफ्तार और सड़क सुरक्षा जैसी खामियां शामिल हैं। हर हादसे के बाद सड़क की रिपेयरिंग, गुणवत्ता सुधार के लिए केंद्र और राज्य से राशि जारी की गई, लेकिन इस राशि का कितना उपयोग सड़क की गुणवत्ता को सुधारने में किया गया, यह एक बड़ा जांच का विषय है।

इस घाट में हादसे बढ़े हैं, इसलिए सुधार के लिए जारी राशि की जांच जरूरी है। यह क्षेत्र ब्लैक स्पॉट के रूप में चिह्नित होने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। पत्र में त्वरित कार्रवाई की मांग की गई है, ताकि भविष्य में ऐसी दुखद घटनाओं को रोका जा सके।

### बड़ी संख्या में मौत और लोग घायल

21 अक्टूबर 2022 को हुए एक भीषण हादसे में हैदराबाद से गोरखपुर जा रही बस में सवार 15 मजदूरों की मृत्यु और 40 से अधिक लोग घायल हो गए थे। इसके अलावा, 1 फरवरी 2024 को एक ट्रक के खाई में गिरने की घटना भी सामने आई। इसके साथ ही अभी 5 जून 2025 को हुए एक हादसे में 7 लोगों की मौत हुई है। पिछले कुछ सालों में कई बड़े हादसे हुए हैं और हर हादसे के बाद जांच और सुधार के सवाल उठते हैं, लेकिन अब तक कोई पुख्ता कदम नहीं उठाए गए हैं।

### यह है मुख्य मांग

- *सड़क की मरम्मत और चौड़ीकरण*
- *सड़क मरम्मत, गुणवत्ता सुधार के लिए जारी राशि का किस मद में कैसे उपयोग हुआ इसकी जांच करवाई जाए*
- *स्पीड ब्रेकर, रिफ्लेक्टर और चेतावनी बोर्ड की स्थापना*
- *नियमित वाहन जांच और ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन*
- *हाईवे पर रात के समय पुलिस गश्त बढ़ाना।*

---

## छात्राओं से दुष्कर्म के मामले में अभियोग पत्र प्रस्तुत

**विधिक संवाददाता भोपाल।** कॉलेज की छात्राओं के साथ दुष्कर्म कर उन्हें ब्लैकमैल करने के मामले में जहांगीराबाद थाना ने आरोपियों फरहान खान, साहिल खान, सै.अली अहमद, साद उर्फ शम्सउद्दीन, मो. नबील और अबरार के विरुद्ध जिला न्यायालय में विवेचना पूर्ण करने के बाद विवेचना अधिकारी ने अभियोग पत्र प्रस्तुत किया है। जहांगीराबाद थाना पुलिस ने अभियोग पत्र के साथ पीड़िताओं एवं उनके परिजनों के बयानों की प्रतियां, सीडीआर, वीडियो और फोटोग्राफ भी न्यायालय में प्रस्तुत किए हैं। पुलिस ने जेल में बंद आरोपियों को वीसी के माध्यम से न्यायालय में पेश किया था।

## प्रो. डॉ. पी. शशिकला एमसीयू के नए प्रभारी कुलसचिव

**भोपाल।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में नए प्रभारी कुलसचिव की नियुक्ति की गई है। नवागत प्रभारी कुलसचिव डॉ. पी. शशिकला अब तक विवि में नवीन मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग के एचओडी एवं डीन अकादमिक रहे हैं। अब उन्हें इस विभाग के साथ कुलसचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। वहीं, पूर्व प्रभारी कुलसचिव प्रो. डॉ. अविनाश वाजपेयी को मीडिया प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष के साथ ही डीन छात्र कल्याण (अतिरिक्त प्रभार) दिया गया है। इस मामले में लंबे समय से विवादों की स्थिति बनी हुई थी, जिसे लेकर एनएसयूआई ने विरोध भी दर्ज कराया था।

## भ्रष्टचारियों पर एक्शन लेने की मांग को लेकर आरजीपीवी में प्रदर्शन

**भोपाल।** राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी), भोपाल में फैली अनियमितताओं के खिलाफ एनएसयूआई भोपाल जिला अध्यक्ष अक्षय तोमर के नेतृत्व में 3 घंटे के प्रदर्शन के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन हरकत में आ गया है। एनएसयूआई की 7 सूत्रीय मांगों में सबसे पहली कार्रवाई करते हुए उप कुलसचिव प्रोफेसर राजेश भार्गव को पीएचडी प्रभारी के पद से हटा दिया गया है। एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने इस कार्रवाई को लेकर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि रजिस्ट्रार द्वारा जारी आदेश में पुरानी तारीख में हस्ताक्षर कर आदेश जारी किया, जबकि निर्णय एनएसयूआई के दबाव के बाद लिया गया है।

भारत विकास परिषद् का स्थापना दिवस

# गृह मंत्री शाह बोले- संगठन समाज में सज्जन शक्ति का निर्माण कर रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि भारत विकास परिषद से सृजित हुई ऊर्जा ने भारत के करोड़ों लोगों के जीवन में उजाला लाने का काम कियासेवा करने वालों और जिन्हें सेवा की ज़रुरत है, उनके बीच सेतु के निर्माण का काम किया। भारत विकास परिषद केवल एक संस्था नहीं, एक विचार है। यह हर भारतीय को भारत के तत्वों के साथ जोड़ने का प्रयास है

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने भारत विकास परिषद् के 63वें स्थापना दिवस समारोह को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित किया। इस अवसर पर शाह ने कहा कि सेवा और सृजन शक्ति का संगठन करने वाली संस्था जब 63 साल चलती है तो इसके पीछे काफी तपस्वियों का तप होता है। किसी व्यक्ति के जीवन में 63 वर्ष बढ़ती उम्र का पड़ाव होता है, परन्तु संगठित रूप से काम करने वाली किसी अच्छी संस्था के जीवन में 63 साल युवावस्था होती है। शाह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचारों पर चल, 'समर्पण', 'संगठन' और 'संस्कार' के गुणों को संजोकर 'भारत विकास परिषद्' समाज में सज्जन शक्ति का निर्माण कर रहा है। संगठन शक्ति से सृजित हुई ऊर्जा ने भारत के करोड़ों लोगों के जीवन में उजाला लाने का काम किया। भारत विकास परिषद ने सेवा करने वालों और जिन्हें सेवा की ज़रुरत है, उनके बीच सेतु के निर्माण का काम किया। भारत विकास परिषद केवल एक संस्था नहीं, एक विचार है। यह हर भारतीय को भारत के तत्वों के साथ जोड़ने का प्रयास है।

### खास बातें

- संस्था ने राष्ट्र निर्माण के साथ जोड़ने की अद्भुत कार्य-संस्कृति विकसित की
- संस्था ने सेवा भावना के साथ काम करने वालों को जोड़ा



### विश्व को आज ऐसे ही संगठन की जरूरत

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि संस्था ने सेवा को संगठन, संगठन को संस्कार और संस्कार को राष्ट्र निर्माण के साथ जोड़ने की अद्भुत कार्य-संस्कृति विकसित की है। विश्व को आज ऐसे ही संगठन की ज़रूरत है। आज भारत विकास परिषद बहुत बड़ा संगठन बन चुका है। देश के 412 जिलों में इसकी 1600 से अधिक शाखाएं हैं और 84 हजार से अधिक परिवार इस सेवा कार्य से जुड़े हैं। संस्था ने सेवा भावना के साथ काम करने वालों को प्लेटफार्म देकर उनसे जुड़ाव कायम किया है। शाह ने कहा कि भारत विकास परिषद के कार्यकर्ता कभी आपदा में राहत का हाथ बन कर आते हैं, कभी रोगियों की सहायता के लिए रक्तदान शिविर आयोजित करते हैं।

### हेमम सिंह को मरणोपांत सम्मानित किया

शाह ने मणिपुर के स्वतंत्रता सेनानी हेमम नीलमणि सिंह को मरणोपरांत सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि हेमम नीलमणि सिंह वर्ष 1944 में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के आह्वान से प्रेरित होकर आजाद हिंद फ़ौज में शामिल हुए। उन्होंने अपनी पूरी पूंजी नेताजी को समर्पित की और 1945 तक गिरफ्तार नहीं हुए। वर्ष 1946 में जेल से रिहा होकर वह मोइरंग लौटे और बाद में सेवा, शिक्षा और सहकारिता को अपने जीवन का आधार बनाया।

### 2047 तक विश्व के हर क्षेत्र में भारत प्रथम हो

मंत्री शाह ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने देशवासियों के सामने भारत को वर्ष 2047 तक पूर्ण विकसित और विश्व में हर क्षेत्र में सर्वप्रथम राष्ट्र बनाने का संकल्प रखा है। पीएम ने पांच लक्ष्य सबके सामने रखे हैं, जिनमें विकसित भारत का लक्ष्य, गुलामी के हर अंश से मुक्ति, अपनी विरासत पर गर्व, एकता एवं एकजुटता का भाव और नागरिकों में कर्तव्य की भावना का निर्माण शामिल है। भारत विकास परिषद लंबे समय से इन पांचों लक्ष्यों पर एक सेवक की भांति काम कर रही है। पीएम मोदी जी की सरकार ने बीते 11 साल में बड़े-बड़े नारे दिए बगैर सेवा भाव और सेवा के संकल्प के साथ चुपचाप एक सेवक की भांति काम किया है।

### विकास के आधार पर आगे बढ़े

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि अब समय आ गया है कि विरासत को भूले बगैर, विकास के आधार पर हम आगे बढ़ें और हमारे सभी स्वतंत्रता सेनानियों की कल्पना के भारत का निर्माण करें। उन्होंने कहा कि अकेले सरकारें सारी समस्याओं का समाधान नहीं कर सकती, जब तक सेवा से जुड़े संगठन इसी रास्ते पर एक ही लक्ष्य के साथ न चलें। भारत विकास परिषद मौजूदा युग शुरू होने से पहले से इस रास्ते पर चली है, आज भी चल रही है और आगे भी चलेगी।

## खबर संक्षेप

### लॉरी, मिनी ट्रक पर पलटी, 9 की मौत

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के अन्नामय्या जिले में के रेड्डीचेरुवु के पास आम से लदी एक लॉरी के



एक मिनी ट्रक पर पलट जाने से नौ लोगों की मौत हो गई और 12 अन्य घायल हो गए। आम से लदे ट्रक पर 20 से ज्यादा लोग सवार थे। दुर्घटना रविवार देर रात हुई। जिले के एसपी वी विद्यासागर नायडू ने यह जानकारी दी।

### साइना ने की पारुपल्ली से अलग होने की घोषणा

**नई दिल्ली।** बैडमिंटन स्टार साइना नेहवाल और उनके पति पारुपल्ली कश्यप अब शादी के



बंधन से अलग हो रहे हैं। दोनों ने करीब सात साल पहले शादी की थी। साइना ने इंस्टाग्राम पर तलाक की जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि कभी-कभी जिंदगी हमें अलग राहों पर ले जाती है। हमारी निजता का सम्मान करें, धन्यवाद।

### गोल्डन टेंपल को बम से उड़ाने की धमकी

**अमृतसर।** पंजाब के अमृतसर में गोल्डन टेंपल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। यह धमकी ईमेल



के जरिए आई। इसके बाद गोल्डन टेंपल के अंदर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की टास्क फोर्स और बाहर पुलिस तैनात की गई है। धमकी के बाद गोल्डन टेंपल की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

### 114 साल के धावक फौजा सिंह का हादसे में निधन

**जालंधर।** दुनिया के सबसे उम्रदराज महान मैराथन धावक फौजा सिंह की सड़क दुर्घटना में



मौत हो गई। वह 114 वर्ष के थे। वे अपने घर के बाहर टहल रहे थे तो एक कार ने उन्हें टक्कर मार दी। कुछ युवकों ने फौजा सिंह को सड़क किनारे घायल अवस्था में पाया और उन्हें उपचार के लिए श्रीमन अस्पताल ले गए।

सोनिया-राहुल गांधी की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

मनी लांड्रिंग मामले में चल रहा केस

# नेशनल हेराल्ड मामले में कोर्ट ने फैसला रखा सुरक्षित, अगली सुनवाई 29 को

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ईडी के अनुसार, कांग्रेस को दान देने वालों में से कुछ लोगों को पार्टी टिकट भी दिए गए। इससे यह साफ होता है कि दानदाताओं के साथ छल हुआ है। ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सालिसिटर जनरल ने दलील दी कि गांधी परिवार का दावा गलत है कि उनका एजेएल पर कोई नियंत्रण नहीं था

दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सोमवार को नेशनल हेराल्ड मनी लांड्रिंग मामले में सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की अभियोजन शिकायत पर संज्ञान लेते हुए अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। कोर्ट ने मामले में 29 जुलाई को फैसला सुनाने के लिए तारीख तय की है। इससे पहले बीती सुनवाई को नेशनल हेराल्ड से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राउज एवेन्यू कोर्ट स्थित विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने की अदालत में कहा था कि कांग्रेस पार्टी को दान देने वालों के साथ धोखाधड़ी की गई। ईडी के अनुसार, कांग्रेस को दान देने वालों में से कुछ लोगों को पार्टी टिकट भी दिए गए। इससे यह साफ होता है कि दानदाताओं के साथ छल हुआ है।

ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सालिसिटर जनरल (एएसजी) एसवी राजू ने दलील दी कि गांधी परिवार का दावा गलत है कि उनका एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) पर कोई नियंत्रण नहीं था। उन्होंने कहा कि एजेएल ही नेशनल हेराल्ड का मूल प्रकाशक है और इसे गांधी परिवार नियंत्रित करता रहा है। ईडी ने गांधी परिवार और अन्य लोगों के खिलाफ प्रिवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) की धारा तीन (मनी लांड्रिंग ) और धारा चार (मनी लांड्रिंग की सजा) के तहत चार्जशीट दाखिल की है। इस केस में सुमन दुबे, सैम पित्रोदा, सुनील भंडारी, यंग इंडियन और डॉटेक्स मर्चेंडाइज प्राइवेट लिमिटेड भी आरोपी हैं।

### सुमन दुबे, सैम पित्रोदा, सुनील भंडारी पर भी लटक रही तलवार

यंग इंडियन और डॉटेक्स मर्चेंडाइज प्राइवेट लिमिटेड भी आरोपी



### कोई धोखाधड़ी नहीं कीः मनु संघवी

कांग्रेस नेता सोनिया गांधी की ओर से सीनियर एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी ने कोर्ट में अपनी दलीलें पूरी की थीं। उन्होंने भी कहा कि इस मामले में कोई धोखाधड़ी नहीं हुई है और पूरी प्रक्रिया कानूनी ढंग से हुई थी। वहीं, इससे पहले तीन जुलाई को ईडी की ओर से कहा गया था कि गांधी परिवार यंग इंडियन के असली मालिक हैं और कंपनी पर पूरा नियंत्रण उन्हीं का है।

### 2000 करोड़ की संपत्ति पर कब्जा

इस केस में ईडी ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी, दिवंगत कांग्रेसी नेता मोतीलाल वोरा, ऑस्कर फर्नांडिस, सुमन दुबे, सैम पित्रोदा और प्राइवेट कंपनी यंग इंडियन पर साजिश और मनी लांड्रिंग का आरोप लगाया है। ईडी का दावा है कि यंग इंडियन कंपनी ने धोखाधड़ी से एजेएल की करीब 2000 करोड़ रुपए की संपत्ति पर कब्जा किया। ईडी का कहना है कि राहुल और सोनिया गांधी की यंग इंडियन में 76 फीसदी हिस्सेदारी है। इसी हिस्सेदारी के जरिए उन्होंने एजेएल की संपत्तियों पर नियंत्रण पाया। एजेंसी ने आरोप लगाया है कि सिर्फ 90 करोड़ रुपये के कर्ज के बदले में इतनी बड़ी संपत्ति यंग इंडियन के कब्जे में आ गई, जो मनी लांड्रिंग कानून का उल्लंघन है।

ईडी के सामने रॉबर्ट वाड्रा की पेशी

## संजय भंडारी से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में की पूछताछ



कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति और जानेमाने कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा सोमवार को ईडी के सामने पेश हुए। उनसे ब्रिटिश हथियार सलाहकार संजय भंडारी से जुड़े धन शोधन मामले में पूछताछ की गई। वाड्रा का बयान धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज किया गया। 56 वर्षीय वाड्रा सुबह 11 बजे के बाद मध्य दिल्ली स्थित संघीय जांच एजेंसी के कार्यालय पहुंचे। उनके साथ केरल की वायनाड लोकसभा सीट से सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा भी थीं। रॉबर्ट वाड्रा को एजेंसी ने पिछले महीने बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया था, लेकिन उन्होंने विदेश यात्रा के कारण अपने समन को स्थगित करने का अनुरोध किया था।

### तीन मामलों में पूछताछ कर रही

केंद्रीय जांच एजेंसी उनसे तीन अलग-अलग धन शोधन मामलों में पूछताछ कर रही है, जिनमें यह मामला भी शामिल है। अन्य दो मामले भूमि सौदों में कथित अनियमितताओं से संबंधित हैं। 63 वर्षीय भंडारी 2016 में आयकर विभाग की ओर से दिल्ली में छापेमारी के तुरंत बाद लंदन भाग गए थे। हाल ही में दिल्ली की एक अदालत ने उन्हें भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया है। इससे पहले पिछले महीने वे ईडी की ओर से समन भेजे जाने के बाद भी पेशी के लिए नहीं आए थे।

वैवाहिक मामलों पर 'सुप्रीम' टिप्पणी

# पति व पत्नी के चर्चा की गुप्त रिकॉर्डिंग बतौर साक्ष्य स्वीकार्य



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को वैवाहिक मामलों को लेकर अहम टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि ऐसे मामलों में पति-पत्नी की बातचीत की गुप्त रिकॉर्डिंग को बतौर साक्ष्य कोर्ट में स्वीकार्य किया जा सकता है। पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के फैसले को खारिज करते हुए न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा कि पति-पत्नी का एक-दूसरे पर नजर रखना इसका सबूत है कि विवाह मजबूत नहीं चल रहा है। इसलिए रिकॉर्डिंग का इस्तेमाल न्यायिक कार्यवाही में किया जा सकता है।

पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कहा था कि पति-पत्नी के बीच गुप्त बातचीत साक्ष्य अधिनियम की धारा 122 के तहत संरक्षित है और इसका इस्तेमाल न्यायिक कार्यवाही में नहीं किया जा सकता। पीठ ने निचली अदालत के आदेश को बहाल रखा और कहा कि वैवाहिक कार्यवाही के दौरान रिकॉर्ड की गई बातचीत पर ध्यान दिया जा सकता है।

### मामूली विवाद से खतरे में हिंदू विवाह

**मुंबई।** आधुनिकता की चकाचौंध में बिखर रहे रिश्तों को लेकर बॉम्बे हाईकोर्ट ने चिंता जताई है। हाईकोर्ट ने एक युवक और उसके परिवार के खिलाफ दर्ज दहेज उत्पीड़न के मामले को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि छोटी-छोटी बात पर हो रहे विवादों के चलते पवित्र माना जाने वाला हिंदू विवाह खतरे में पड़ रहा है। न्यायमूर्ति नितिन साम्ब्रे और न्यायमूर्ति एमएम नेर्लिकर की नागपुर पीठ ने कहा कि वैवाहिक विवादों में अगर पुनर्मिलन संभव नहीं है, तो इसे तत्काल समाप्त कर दिया जाना चाहिए। ताकि दोनों पक्षों का जीवन बर्बाद न हो। अगर पक्षकार आपसी मतभेदों को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाना चाहते हैं और शांतिपूर्वक रहना चाहते हैं, तो अदालत का यह कर्तव्य बनता है कि वह उन्हें प्रोत्साहित करे। कोर्ट ने कहा कि विवाह एक आध्यात्मिक मिलन है जो दो आत्माओं को एक साथ बांधता है।

### हिमाचल पुलिस भर्ती: सीबीआई जांच की मांग

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश पुलिस कांस्टेबल भर्ती एक बार फिर विवादों में घिर गई है। अभ्यर्थियों ने हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट से सीबीआई जांच की मांग की है। आरोप है कि पुलिस कांस्टेबल परीक्षा के दौरान प्रश्न पत्र 4-4 लाख रुपए में बेचे गए, जिससे पूरी भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो गए हैं। पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में भी पुलिस भर्ती में गड़बड़ी के आरोप लगे थे और प्रश्न पत्र लीक होने और धांधली के मामले सामने आए थे। हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने पुलिस भर्ती परीक्षा में कथित धांधली मामले में प्रदेश सरकार, लोक सेवा आयोग और सीबीआई को नोटिस जारी किया है।

ओवैसी का 'इंडिया' ब्लॉक पर हमला

# बोले- एकतरफा मोहब्बत संभव नहीं, हम पर लगे आरोप झूठे

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने



इंडिया ब्लॉक को लेकर कहा कि एकतरफा मोहब्बत नहीं हो सकती है। बिहार की जनता को यह समझना चाहिए कि हमारे खिलाफ जो आरोप लगाए गए थे, वे झूठ पर आधारित थे। ये आरोप इसलिए लगाए गए, क्योंकि वे नहीं चाहते कि गरीबों और कमजोर वर्गों का कोई नेता उनकी राजनीतिक अगुवाई करे।

### एसआईआर है 'बैक डोर एनआरसी'

बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर ओवैसी ने कहा, चुनाव आयोग को नागरिकता तय करने का अधिकार नहीं है। यह अधिकार गृह मंत्रालय और सीमा क्षेत्र के पुलिस निरीक्षक के पास है। जब अधिकार ही नहीं है, तो वह ऐसा कर क्यों रहा है? यह 'पीछे वाले दरवाजे से एनआरसी' है। बिहार में नवंबर में चुनाव हैं। वे सीमांचल के लोगों को कमजोर क्यों करना चाहते हैं?

रिव्यू कमेटी में मंत्री चंद्रशेखर बोले

# विकसित गांव से ही पूरा होगा 'विकसित भारत' का लक्ष्य

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय ग्रामीण विकास और संचार राज्य मंत्री डॉ. पेम्मासानी चंद्रशेखर ने कहा कि



2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए गांव को 'विकसित गांव' में बदलना होगा। परफॉर्मेंस रिव्यू कमेटी की पहली बैठक में उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्रामीण परिवार बुनियादी सुविधाओं के साथ पक्के मकान में रहता हो, गांव गुणवत्तापूर्ण सड़कों से जुड़ा हो, प्रत्येक युवा के पास रोजगार हो।

### 36 करोड़ से अधिक जॉब कार्ड जारी

केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) ग्रामीण बेरोजगारी और मजबूरी में माइग्रेशन के विरुद्ध एक सशक्त हथियार बन गई है। 90,000 से लेकर 1,00,000 करोड़ के वार्षिक निवेश के साथ, यह योजना सालाना 250 करोड़ से अधिक मानव-दिवस रोजगार सृजित करती है, जिसमें 36 करोड़ से अधिक जॉब कार्ड जारी किए गए हैं, 15 करोड़ सक्रिय श्रमिक हैं।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने एम्स में प्रदान की डिग्रियां



**भुवनेश्वर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एम्स, भुवनेश्वर के पांचवें दीक्षांत समारोह में शिरकत कर डिग्रियां प्रदान कीं। राष्ट्रपति ने कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों में स्थापित एम्स, नवीनतम चिकित्सा विज्ञान और अनुभवी डॉक्टरों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवा प्रदान कर रहे हैं। इन संस्थानों में लोगों को कम खर्च पर गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं मिल रही हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि एम्स संस्थानों की सफलता भारत को विश्व स्तर पर एक अग्रणी स्वास्थ्य सेवा केंद्र के रूप में स्थापित करने में मदद करेगी। राष्ट्रपति ने एम्स की 'बर्न यूनिट' का दौरा किया और 20 वर्षीय कॉलेज छात्रा की स्वास्थ्य स्थिति के बारे में जानकारी ली।

डिप्टी सीएम शिवकुमार की फिर सत्ता पर नजर

# भाजपा बोली- कर्नाटक में चल रही है हॉर्स ट्रेडिंग, घोड़े बिकने को तैयार, खरीददार रेडी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कर्नाटक में सीएम पद के लिए सीएम सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के समर्थकों के बीच जोर-आजमाइश का दौर जारी है। डीके शिवकुमार के समर्थक विधायकों का कहना है कि अब समय एकदम सही है, जब उनके नेता को ही सीएम का पद दिया जाए। मांड्या के विधायक रवि कुमार गौड़ा ने भी अब यह मसला उठा दिया है और उनका कहना है कि डीके शिवकुमार को अब और इंतजार नहीं कराया जा सकता। इस बीच भाजपा ने भी तंज कसा है और उसका कहना है कि कर्नाटक में कांग्रेसी आपस में ही बिकने को तैयार हैं। भाजपा ने कहा कि कांग्रेसी घोड़े बिकने को तैयार हैं। डीके शिवकुमार और सिद्धारमैया के बीच हॉर्स ट्रेडिंग जारी है।

### कांग्रेस की लीडरशिप कमजोर



जोशी ने कहा कि डीके शिवकुमार और सिद्धारमैया दोनों ही हॉर्स ट्रेडिंग में बिजी हैं। सिद्धारमैया ज्यादा विधायकों के समर्थन का दावा कर रहे हैं। वह पैसे और पावर के दम पर लोगों को अपने पक्ष में करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि फिलहाल घोड़े बाजार में बिकने के लिए तैयार हैं। खरीददार भी रेडी हैं।

### गडकरी ने पुल का उद्घाटन किया, सीएम ने बनाई दूरी

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को कर्नाटक के शिवमोगा में देश के दूसरे सबसे लंबे केबल-आधारित सिगंदूर पुल का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम का कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उनके मंत्रिमंडल के सहयोगियों ने विरोध स्वरूप बहिष्कार किया और दावा किया कि उन्हें आमंत्रित नहीं किया गया था।

श्रावण के पहले सोमवार पर नूंह में पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच

# हर्षोल्लास के साथ बृज मंडल ने निकाली जलाभिषेक यात्रा

एजेंसी ▶▶ नूंह

लगभग 80 किलोमीटर लंबी यह यात्रा गुरुग्राम से लगभग 50 किलोमीटर दूर नूंह स्थित नल्हड़ महादेव मंदिर से शुरू हुई जहां से श्रद्धालु फिरोजपुर झिरका स्थित झीर मंदिर गए

हरियाणा के नूंह में नल्हड़ महादेव मंदिर से सोमवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बृज मंडल जलाभिषेक यात्रा निकली। लगभग 80 किलोमीटर लंबी यह यात्रा गुरुग्राम से लगभग 50 किलोमीटर दूर नूंह स्थित नल्हड़ महादेव मंदिर से शुरू हुई जहां से श्रद्धालु फिरोजपुर झिरका स्थित झीर मंदिर गए। झीर मंदिर से होते हुए यह यात्रा सोमवार को सिंगार में ही समाप्त हो गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मंदिरों में जाकर पूजा-अर्चना की। जिले के सभी सरकारी और निजी स्कूल बंद रहे।

इस साल सुरक्षा के लिए लगभग 2,500 पुलिसकर्मी तैनात रहे



### डीजे पर रोक

यात्रा के दौरान लाइसेंसी हथियार, आग्नेयास्त्र, तलवारें, लाठियां, त्रिशूल, छड़ें, चाकू और जंजीरों सहित सभी प्रकार के हथियार ले जाने पर प्रतिबंध रहा। केवल सिख समुदाय को कृपाण को ही इससे छूट दी गई। यात्रा के दौरान किसी समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली सामग्री वाले डीजे, लाउडस्पीकर या ध्वनि-वर्धक उपकरणों पर भी रोक लगाई गई।

### जिले में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए

नूंह के उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि दो साल पहले धार्मिक जुलूस के दौरान हुई झड़पों की पुनरावृत्ति न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए जिले में सुरक्षा कड़े इंतजाम किए गए। इस साल सुरक्षा के लिए लगभग 2,500 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था। सभी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए गए थे, सभी जगहों पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारी तैनात रहे।



### तावडू में मजार क्षतिग्रस्त

नूंह के तावडू कस्बे में बृज मंडल जलाभिषेक यात्रा से पहले एक मजार को क्षतिग्रस्त किए जाने की घटना सामने आई है। रविवार रात हुई तोड़फोड़ की इस घटना के जिम्मेदार लोगों के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं है। घटना के बाद, तावडू के सैनीपुरा मोहल्ले में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात है।

## खबर संक्षेप

### चर्च में फायरिंग, दो महिलाओं की मौत



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के केंटकी राज्य के लेक्सिंग्टन के चर्च में फायरिंग में दो महिलाओं की मौत हो गई। दोनों महिलाओं की उम्र 72 साल और 32 साल बताई जा रही है। इसके अलावा दो अन्य लोग भी घायल हुए हैं, जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है, जबकि दूसरे की हालत स्थिर है। हमलावर को घटनास्थल पर ही मार गिराया गया। उसकी पहचान सार्वजनिक नहीं की गई है, क्योंकि अभी उसके परिवार को सूचना दी जानी बाकी है।

### सीरिया में दो गुटों में जंग, 30 की मौत



**दमिश्क।** सीरिया के स्वैदा इलाके में ड्रूज मिलिशिया और सुन्नी बेदुइन कबीलों के बीच हुई हिंसक झड़पों में 30 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई और करीब 100 घायल हुए हैं। झगड़े की शुरुआत अपहरण और लूट से हुई थी। स्थिति पर काबू पाने के लिए सीरियाई सेना को तैनात किया गया है। धार्मिक अल्पसंख्यक की मिलिशिया और सुन्नी बेदुइन कबीलों के बीच हुई हिंसक झड़पों ने एक बार फिर देश में अस्थिरता को उजागर कर दिया है।

### गाजा में इजराइली हमलों में 30 मारे गए



**दीर अल-बलाह।** गाजा पट्टी में इजराइली हमलों में छह बच्चों सहित कम से कम 30 लोग मारे गए। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार युद्धविराम कराने के प्रयासों के बावजूद हुआ। इजराइली बंधकों को रिहा कराने के लिए जारी बातचीत में कोई सफलता मिलती नहीं दिख रही। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पिछले सप्ताह अमेरिका के डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के साथ समझौते पर चर्चा करने के लिए वाशिंगटन में थे, युद्धविराम के दौरान इजराइली सैनिकों की तैनाती को लेकर एक नया पेंच सामने आया है।

# शहबाज और तुर्की के खलीफा के खिलाफ पलटवार की तैयारी!

**अभ्यास का मकसद दोनों देशों के बीच सामरिक संबंध मजबूत करना**

## पाक की नाक के नीचे ग्रीस की नौसेना संग इंडियन नेवी का अभ्यास

*भारतीय नौसेना और हेलेनिक (ग्रीक) नेवी ने अरब सागर में मुंबई तट के पास संयुक्त पीएएसएसईएक्स (पासिंग अभ्यास) आयोजित किया है, 10 जुलाई को यह अभ्यास किया गया।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ग्रीस की नौसेना (हेलेनिक नेवी) के फ्रिगेट पीएसएआरए और भारतीय नेवी के फ्रिगेट तरकश (एफ-50) ने मुंबई तट के पास संयुक्त अभ्यास किया है। 10 जुलाई को अरब सागर में किए गए इस अभ्यास का मकसद दोनों देशों के बीच सामरिक संबंध मजबूत करना है। भारतीय नौसेना की पश्चिमी कमान ने अभ्यास की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा करते हुए इसकी जानकारी दी है। दूसरी ओर इसे भारत की ओर से तुर्की-पाकिस्तान गठजोड़ को जवाब देने की कोशिश के तौर पर भी देखा जा रहा है। तुर्की ने पाकिस्तान के साथ मिलकर जल क्षेत्र में प्रभाव बढ़ाने की कोशिश है। ऐसे में भारत ही सहयोगी देशों के साथ अभ्यास करते हुए अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है।

मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार भारत के साथ अभ्यास उनकी नौसेना की अंतरराष्ट्रीय जल में लगातार मौजूदगी का हिस्सा है। इससे दोनों देशों के बीच सामरिक रिश्ते और मजबूत होंगे। हालिया वर्षों में पूर्वी भूमध्य सागर, मध्य पूर्व और इंडो-पैसिफिक में भूराजनीतिक बदलावों के कारण ग्रीस-भारत का रिश्ता और महत्वपूर्ण हो गया है।

**खास बातें**

- इससे दोनों देशों के बीच सामरिक रिश्ते और मजबूत होंगे
- भारतीय नेवी के फ्रिगेट तरकश (एफ-50) ने मुंबई तट के पास संयुक्त अभ्यास किया था



**तालमेल बेहतर करने पर जोर**

*ग्रीस और भारत के इस साझा अभ्यास के दौरान नौसेना संचार के साथ उन्नत युद्धाभ्यास किए गए। इससे दोनों नौसेनाओं की संचालन क्षमता का परीक्षण हुआ। ऐसे अभ्यासों का लक्ष्य वास्तविक परिस्थितियों में सामरिक सहयोग को बढ़ाना है। साथ ही कमान और नियंत्रण प्रक्रियाओं की आपसी समझ को बढ़ाना है। भारत और ग्रीस का यह पीएएसएसईएक्स (पासिंग अभ्यास) है। पीएएसएसईएक्स मित्र देशों की नौसेनाओं के जहाज आसपास होने पर किया जाता है। भारत और ग्रीस के बीच संबंधों में 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ग्रीस यात्रा के बाद बेहतरी आई है। इसके बाद दोनों देशों ने सैन्य संबंधों को मजबूत किया है।*

**पाक पर भारत की नजर!**

भारत ने पाकिस्तान के साथ मई में हुए सैन्य संघर्ष के बाद ग्रीस, साइप्रस और इजराइल के साथ एक नई धुरी विकसित करने की कोशिश की है। यह पाकिस्तान, तुर्की और अजरबैजान के गठजोड़ की जवाबी कार्रवाई की तरह भी है। ग्रीस को भारत एक अहम भागीदार मानता है। ऐसे में हालिया समय में दोनों देशों के रक्षा संबंध बेहतर हुए हैं।

### एससीओ की बैठक से पहले चीन के उप-राष्ट्रपति हान झेंग के साथ हुई बैठक में बोले विदेश मंत्री

# जटिल हालातों में पड़ोसी होने के नाते भारत और चीन के बीच संवाद महत्वपूर्णः जयशंकर

*दोनों देशों के बीच 2020 में शुरू हुए एलएसी विवाद के बाद पहली चीन यात्रा पर डॉ.एस.जयशंकर*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दुनिया के कुछ भागों में जारी युद्ध और संघर्ष के चलते जटिल बने हुए हालातों के बीच सोमवार को चीन की राजधानी बीजिंग में विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर की चीन के उप-राष्ट्रपति हान झेंग के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें जयशंकर ने अपने संबोधन की शुरुआत में ही भारत और चीन संबंधों को और अधिक सामान्य बनाने के लिए बतौर पड़ोसी देश और प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं होने का जिक्र करते हुए विचारों और दृष्टिकोण के खुले आदान-प्रदान की खासी अहमियत बताई। उन्होंने कहा, भारत-चीन संबंधों के लगातार सामान्य बने रहने से पारस्परिक रूप से लाभकारी परिणाम मिल सकते हैं। वर्ष 2020 के मध्य में दोनों देशों के बीच पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर हुए सैन्य विवाद के बाद यह पहला मौका है। जब भारत के विदेश मंत्री चीन की यात्रा कर रहे हैं। जून-2020 में दोनों सेनाओं के बीच हुई गलवान घाटी की खूनी हिंसक झड़प के बाद यह विवाद न केवल अपने चरम पर जा पहुंचा था। बल्कि भारत-चीन संबंध भी गर्त में जा पहुंचे थे। चीन इस वर्ष एससीओ की अध्यक्षता कर रहा है और भारत ने उसे इसके सफल आयोजन के लिए अपना समर्थन प्रदान किया है। विदेश मंत्री ने 'एक्स' पर इस मुलाकात पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि 'उप-राष्ट्रपति झेंग के समक्ष चीन की एससीओ की अध्यक्षता के लिए भारत का समर्थन व्यक्त किया। दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों में सुधार पर ध्यान दिया। साथ ही ये विश्वास जताया कि मेरी इस यात्रा के दौरान होने वाली चर्चाएं सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ेंगी।

### सकारात्मक दिशा में बढ़ेंगी चर्चाएं



उन्होंने यह भी कहा कि दोनों देशों के संबंधों में रूस के कजान शहर में 23 अक्टूबर 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई द्विपक्षीय बैठक के बाद लगातार सुधार हो रहा है। मुझे विश्वास है कि इस यात्रा में मेरी चर्चाएं सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ेंगी। जयशंकर ने कहा कि भारत और चीन अपने कूटनीतिक संबंधों की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। कैलाश मानसरोवर यात्रा की फिर से हुई शुरुआत की भारत में बड़े पैमाने पर सराहना की जा रही है। संबंधों के लगातार सामान्य होने से पारस्परिक रूप से लाभकारी नतीजे निकल सकते हैं।

### आज एससीओ की बैठक में भाग लेंगे जयशंकर

अपनी मौजूदा विदेश यात्रा के दूसरे और अंतिम चरण के तहत जयशंकर 14 जुलाई को चीन पहुंचे थे। मंगलवार को वह चीन की अध्यक्षता में तियानजिन में आयोजित किए जाने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेश मंत्रियों की बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। एससीओ की इस बैठक से इतर विदेश मंत्री की समूह देशों के विदेश मंत्रियों और अन्य प्रतिनिधियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें होंगी। एससीओ के विदेश मंत्रियों की बैठक में पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार की मौजूदगी भी देखने को मिलेगी। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में की गई भारत की ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई के बाद यह पहला मौका होगा। जब भारत-पाकिस्तान के विदेश मंत्री एससीओ के मंच पर एक साथ नजर आएंगे। दोनों के बीच हालांकि किसी द्विपक्षीय बैठक की फिलहाल कोई संभावना नहीं है। वहीं, चीन से पहले जयशंकर ने सिंगापुर का दौरा किया था और वहां पर सिंगापुर के उप-प्रधानमंत्री के साथ एक अहम मुलाकात में द्विपक्षीय आदान-प्रदान से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया था।

### एक-दूसरे की सफलता में योगदान दें: झेंग

चीन के उप-राष्ट्रपति हान झेंग ने बैठक में कहा, दोनों देशों के शीर्ष नेताओं के बीच कजान में हुई बैठक संबंधों की नई शुरुआत का एक नया पड़ाव साबित हुआ है। भारत और चीन दो बड़े विकासशील देश होने के अलावा वैश्विक दक्षिण के दो महत्वपूर्ण सदस्य भी हैं। इस लिहाज से दोनों देश भागीदार के रूप में अच्छी पसंद हैं और एक-दूसरे की सफलता में भी योगदान दे सकते हैं। उन्होंने दोनों शीर्ष नेताओं के बीच बनी हुई सहमति से जुड़े तमाम बिंदुओं के भविष्य में क्रियान्वयन का आह्वान किया। जिसमें सहयोग को निरंतर बढ़ावा देने, आपसी चिंताओं का सम्मान करने और संबंधों के सतत और स्थायी विकास पर जोर दिया।

### आतंकवाद पर नहीं चलेंगे दोहरे मापदंड

यहां बता दें कि विदेश मंत्री से पहले पिछले जून महीने में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीन की यात्रा थी और एससीओ के रक्षा मंत्रियों की बैठक में भाग लिया था। इस दौरान राजनाथ ने भारत की तरफ से बैठक के अंत में जारी किए जाने वाले संयुक्त घोषणापत्र पर हस्ताक्षर नहीं किए। क्योंकि उसमें पाकिस्तान और चीन ने मिलकर पहलगाम हमले का कोई उल्लेख नहीं किया। जबकि पाकिस्तान के बलूचिस्तान में हुए आतंकी हमले को दस्तावेज के शुरुआती प्रारूप में बढ़-चढ़कर शामिल किया गया। जिस पर रक्षा मंत्री ने कड़ी नाराजगी के साथ हस्ताक्षर करने से इंकार कर दिया था। साथ ही उन्होंने चीन और पाकिस्तान को साफ शब्दों में आईना दिखाते हुए कहा कि आतंकवाद के दोषियों, आयोजकों, प्रायोजकों और इसके वित्तपोषकों को जवाबदेह ठहराते हुए न्याय के कटघरे में खड़ा करने की आवश्यकता है। कुछ देश सीमा पार आतंकवाद को अपनी नीति के रूप में इस्तेमाल करते हैं और आतंकियों को पनाह देते हैं। ऐसे दोहरे मापदंडों के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए और एससीओ को ऐसे देशों की आतंकवाद की इस बुराई की आलोचना करने में कोई संकोच नहीं करना चाहिए।

### फ्रांस को बड़ा झटका देने की तैयारी

# समय पर राफेल नहीं मिलने पर भारत पांचवी पीढ़ी के लड़ाकू विमान खरीदेगा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रक्षा मंत्रालय ने संकेत दिए हैं कि एक बड़ा फैसला लेते हुए राफेल लड़ाकू विमानों की संख्या आधा किया जा सकता है। रक्षा मंत्रालय ने 5वीं पीढ़ी के स्टील्थ फाइटर जेट की अंतरिम खरीद को लेकर अपने इरादे साफ कर दिए हैं। यानि भारत बहुत जल्द पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान खरीदने जा रहा है।

भारत खुद के पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान प्रोजेक्ट पर भी काम कर रहा है, लेकिन जब तक एएमसीए पूरा नहीं हो जाता, तब तक भारतीय वायुसेना में लड़ाकू विमानों की संख्या में आए कमी को भरने के लिए भारत ने नये विमानों के अधिग्रहण का फैसला लिया है। लेकिन भारत सरकार का नया फैसला राफेल बनाने वाली फ्रांसीसी कंपनी डसॉल्ट के लिए बड़ा झटका साबित होने वाला है, इसकी मुख्य वजय समय पर डिलेवरी नहीं होना। जो भारत के मल्टी रोल फाइटर एयरक्राफ्ट टेंडर के प्रमुख दावेदारों में से एक रही है।

### राफेल लड़ाकू विमान की संख्या होगी कम

सूत्रों के मुताबिक अब इस खरीद को दो भागों में विभाजित किया जा सकता है। यानि 114 राफेल फाइटर जेट नहीं खरीदकर सरकार उसकी संख्या आधा घटा देगी। यानि करीब 60 राफेल एफ-4 जेट खरीदे जाएंगे और उतनी ही संख्या में 5वीं पीढ़ी के स्टील्थ फाइटर जेट। इससे न सिर्फ भारतीय वायुसेना की युद्ध क्षमता मजबूत होगी, बल्कि एएमसीए की सेवा में आने तक का अंतर भी पाटा जा सकेगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक राफेल की संख्या घटाने को लेकर ज्यादातर अधिकारी तैयार हैं। फ्रांसीसी कंपनी डसॉल्ट एविएशन ने पहले भारत में फुल-स्केल प्रोडक्शन लाइन लगाने के लिए कम से कम 100 यूनिट के ऑर्डर की मांग की थी। लेकिन अब जबकि सिर्फ 60 राफेल एफ जेट्स के ऑर्डर की संभावना जताई जा रही है, तो यह डसॉल्ट के लिए बड़ा झटका है। इसके अलावा, डिफेंस मिनिस्ट्री की मांग ये भी है कि इन लड़ाकू विमानों के लिए आंशिक असेंबली का काम भारत में हो, ताकि 'मेक इन इंडिया' पहल को बल मिले।

# कोर्ट बोला- यमन में भारतीय नर्स का जान गंवाना दुखदःकेंद्र ने कहा-हमने बचाने की पूरी कोशिश की

*16 जुलाई को मौत की सजा दी जाएगी*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यमन में मौत की सजा का सामना कर रही केरल की नर्स निमिषा प्रिया को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा कि मामला बहुत संवेदनशील है। अगर भारतीय नर्स यमन में जान गंवाती है तो यह दुखद होगा। मामले में सुनवाई जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने की। इस दौरान केंद्र की तरफ से अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने कोर्ट में कहा कि सरकार जहां तक जा सकती थी, जा चुकी है। यमन जैसे देश के साथ भारत खुलकर कूटनीतिक दखल नहीं दे सकता। निमिषा को यमन नागरिक की हत्या के मामले में 16 जुलाई को मौत की सजा दी जाएगी। वह 2017 से यमन की जेल में बंद हैं। उन पर यमन के नागरिक तलाल अब्दो महदी को दवा की ओवरडोज देकर हत्या करने का आरोप है।

### कोर्ट बोला-विदेश में हमारे आदेश को कौन मानेगा?

याचिकाकर्ता संगठन सेव निमिषा प्रिया इंटरनेशनल एक्शन काउंसिल" ने कोर्ट से अपील करते हुए कि प्रिया का परिवार तलाल अब्दो महदी के परिवार से बातचीत कर रहा है, जिसकी मौत के चलते प्रिया को सजा मिली। निमिषा की मौत की सजा रोकी जाए। इस पर कोर्ट ने पूछा, हम ऐसा आदेश कैसे दे सकते हैं? विदेश में हमारे आदेश को कौन मानेगा? मन में गृह युद्ध की वजह से भारत ने अपने नागरिकों को वहां से निकालने के लिए 'ऑपरेशन राहत' शुरू किया। यह ऑपरेशन अप्रैल-मई 2015 तक चला, जिसमें 4,600 भारतीयों और करीब एक हजार विदेशी नागरिकों को यमन से निकाला, लेकिन इनमें सिर्फ निमिषा ही भारत नहीं लौट पाईं। 2016 में महदी ने निमिषा के साथ शारीरिक उत्पीड़न करना शुरू कर दिया। उसने निमिषा के क्लिनिक का प्रॉफिट भी हड़प लिया। जब निमिषा ने इस बारे में सवाल किया तो दोनों के रिश्ते खराब हो गए। महदी निमिषा को यमन से बाहर नहीं जाने देना चाहता था, इसलिए उसने निमिषा का पासपोर्ट अपने पास रख लिया। निमिषा ने पुलिस में महदी की शिकायत भी दर्ज कराई।



### निर्यात में सालाना 3 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी

# भारत ने उच्च तकनीक वाले सामान और डिजिटल सेवाओं के निर्यात में वृद्धि दर्ज की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नीति आयोग की सोमवार को जारी तिमाही रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में भारत का व्यापार प्रदर्शन भू-राजनीतिक अस्थिरता और बदलती वैश्विक मांग के बीच सतर्क मजबूती को दर्शाता है। वाणिज्यिक निर्यात में सालाना आधार पर 3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो 108.7 अरब डॉलर तक पहुंच गया।

रिपोर्ट में कहा गया है कि निर्यात संरचना स्थिर बनी हुई है; सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और चेक गणराज्य से बढ़ती मांग के कारण विमान, अंतरिक्ष यान और पुर्जे सालाना आधार पर 200 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि के साथ शीर्ष दस निर्यातों में शामिल हुए।

उच्च तकनीक वाले व्यापारिक निर्यात में 2014 से तेजी आई है, जिसका नेतृत्व विद्युत मशीनरी और हथियार/गोला-बारूद ने किया है, जो 10.6 प्रतिशत सीएजीआर से मजबूती से बढ़ रहा है।

नीति आयोग के सदस्य डॉ. अरविंद विरमानी ने रिपोर्ट जारी करते हुए कहा, वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही के लिए ट्रेड वॉच क्वार्टरली का लेटेस्ट एडिशन भारत के व्यापारिक और सेवा व्यापार का 'टाइम्ली' और 'डेटा रिच' विश्लेषण प्रस्तुत करता है, साथ ही विकसित होती अमेरिकी व्यापार नीतियों और भारत पर उनके प्रभावों का गहन एक्सप्लोरेशन भी करता है।

## धूमधाम से मनाया बोनालु जतारा उत्सव



**सिकंदराबाद।** तेलंगाना के सिकंदराबाद में बोनालु जतारा उत्सव के दौरान श्रद्धालु एक जुलूस में भाग लेते हुए। बोनालु जतारा उत्सव, जिसे बोनालू भी कहा जाता है, एक वार्षिक हिंदू त्योहार है जो देवी महाकाली को समर्पित है। यह त्योहार देवी को मन्नतें पूरी होने के बाद धन्यवाद देने के लिए मनाया जाता है। 'बोनालु' शब्द का अर्थ तेलुगु में भोजन है, जो देवी को अर्पित किया जाता है। इस अवसर पर महिलाओं ने पारंपरिक पोशाक पहनकर देवी को 'बोनालु' नामक विशेष प्रसाद अर्पित किया।

### शोध में वैज्ञानिकों ने की डराने वाली भविष्यवाणी

# पृथ्वी के घूमने की रफ्तार तेज होने को वैज्ञानिकों ने किया कंफर्म आने वाले समय हमें 24 घंटे से कम दिन देखने को मिलेंगे, दिन का समय कम होगा

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

धरती की अपनी धुरी पर घूमने की रफ्तार बढ़ रही है। धरती के घूमने की बढ़ती रफ्तार का नतीजा दिन का समय कम होने के तौर पर सामने आया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि अब इसकी पुष्टि हो गई है कि आने वाले समय में हमें 24 घंटे से कम के दिन देखने को मिलेंगे।

वैज्ञानिकों ने इसी महीने 22 जुलाई और 5 अगस्त को दिन 1.3 से 1.5 मिलीसेकंड तक छोटा होने की बात कही है। हालांकि दिन की घटी हुई अवधि को सिर्फ कुछ खास उपकरणों से ही मापा जा सकेगा। पृथ्वी के घूमने को लेकर सामान्य समझ रही है कि पृथ्वी 24 घंटे में सूर्य का चक्कर लगाती है। यह एक दिन की अवधि होती है। यह समय यानी एक दिन 24 घंटे का होता है। रिसर्च कहती है कि यह अवधि हमेशा स्थिर नहीं होती।

चंद्रमा और सूर्य की स्थिति समय के साथ इसमें बदलाव ला सकती है। यहां तक कि भूकंप और दूसरी भूगर्भीय घटनाएं भी पृथ्वी की घूर्णन गति को बदल सकती हैं। इसका दिन के समय पर असर होता है।

-धरती के घूमने की बढ़ती रफ्तार का नतीजा आया सामने

-22 जुलाई, 5 अगस्त को 1.3 से 1.5 मिलीसेकंड तक छोटा दिन होने की बात कही

### शोधकर्ताओं ने एक अध्ययन में किया खुलासा



आपको बता दें कि जब कोई पिंड चंद्रमा से टकराता है तो कई हिस्से टूटकर काफी तेज रफ्तार से अंतरिक्ष में निकल जाते हैं। हालांकि कभी कभी इन टुकड़ों का आकार बड़ा भी हो सकता है। हवाई विश्वविद्यालय के शोधकर्ता और अध्ययन के प्रमुख लेखक रॉबर्ट जेडिक ने स्पेस.कॉम की एक रिपोर्ट में कहा है कि यह एक तरह का स्क्वायर डांस है, जहां साथी नियमित रूप से बदलते रहते हैं और कभी-कभी कुछ देर के लिए डांस फ्लोर छोड़ देते हैं।

### चंद्रमा से कैसे होता है चंद्रमा का जन्म?

वैज्ञानिकों का अभी तक मानना रहा है कि मिनिमून्स का सोर्स शायद एस्ट्रॉएड बेल्ट (मंगल और बृहस्पति के बीच स्थित) है, लेकिन हालिया खोजों से पता चला है कि इनमें से कई टुकड़े चांद से भी निकल सकते हैं। साल 2016 में हवाई स्थित टेलिस्कोप ने नामक एक करीब 40 से 100 मीटर बड़ा मिनिमून खोजा था जो बाद में चांद से निकला एक टुकड़ा साबित हुआ। यह टुकड़ा करीब 1 से 10 मिलियन साल पहले एक बड़े टक्कर की वजह से बना था जब चंद्रमा पर क्रेटर का निर्माण हुआ था। 2024 में खोजा गया एक और मिनिमून, 2024 पीटी-5 भी चांद से ही निकला मालूम होता है। इससे खगोलशास्त्रियों को यह अंदेशा हुआ कि चंद्रमा समय-समय पर खुद अपने ही टुकड़ों को पृथ्वी के छोटे चंद्रमाओं में बदल रहा है। इन जानकारियों के बाद, वैज्ञानिकों ने यह नतीजा निकाला है कि ऐसे कई मिनिमून्स वर्तमान में पृथ्वी की परिक्रमा कर रहे हो सकते हैं।

### श्रमिकों की भारी कमी पूरी करने की तैयारी

# साल के अंत तक भारत से रूस जाएंगे 10 लाख कुशल कामगार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रूस में कुशल श्रमिकों की भारी कमी को देखते हुए इस साल के अंत तक भारत से लगभग 10 लाख कुशल कामगारों को बुलाया जाएगा। यह जानकारी रूस के एक प्रमुख व्यापार संगठन के अधिकारी ने दी है। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार, साल के अंत तक भारत से 10 लाख कुशल श्रमिक रूस आएंगे, जिनमें से कुछ स्वेर्दलोव्स्क क्षेत्र में भी काम करेंगे। उन्होंने बताया कि इस उद्देश्य के लिए येकातेरिनबर्ग शहर में भारत का नया वाणिज्य दूतावास खोला जा रहा है, जो श्रमिकों के आगमन से संबंधित



मामलों को संभालेगा। स्वेर्दलोव्स्क क्षेत्र रूस के उरल पर्वत क्षेत्र में स्थित है और यह देश की भारी उद्योग और रक्षा उत्पादन इकाइयों का केंद्र है। यहां टी-90 टैंक बनाने वाली कंपनी उरल वैगन जावोद और 'उरलमाश' जैसी प्रसिद्ध कंपनियां स्थित हैं।

# क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट : खिताब पर चेल्सी का कब्जा, पीएसजी को 3-0 से दी मात



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पहुंचे मुकाबला देखने

एजेंसी ▶▶| ईस्ट रदरफोर्ड (अमेरिका)

कोल पामर के दो गोल और जोआओ पेड्रो के एक गोल की मदद से चेल्सी ने यूरोपीय चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को 3-0 से हरा कर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। पामर ने 22वें और 30वें मिनट में पेनल्टी क्षेत्र के अंदर से बाएं पैर से लगभग एक जैसे गोल किए। इसके बाद उन्होंने तीसरा गोल करने में भी मदद की। उनके पास पर जोआओ पेड्रो ने 43वें मिनट में गोलकीपर जियानलुइगी डोनारुम्मा को छकाकर गोल किया, जो दो जुलाई को चेल्सी से जुड़ने के बाद इंग्लैंड के इस क्लब की तरफ से उनका तीसरा गोल है। दो साल पहले मैनचेस्टर सिटी से चेल्सी में शामिल हुए 23 वर्षीय पामर ने इस सत्र में 18 गोल किए हैं।



**विजेता टीम को मिली 11 अरब की इनाम राशि**

खिताब जीतने वाली टीम को ट्रॉफी के साथ करीब 125 मिलियन अमेरिकी डॉलर यानी 11 अरब भारतीय रुपए की इनामी राशि भी मिली, जो कि क्रिकेट वनडे वर्ल्ड कप से 6 गुना से भी ज्यादा है। चेल्सी के युवा खिलाड़ी कोल पाल्मर को गोल्डन बॉल से सम्मानित किया गया। ये अवॉर्ड टूर्नामेंट के बेस्ट खिलाड़ी को दिया जाता है।

### चेल्सी की मजबूत रक्षा पंक्ति के सामने नहीं टिक पाया पीएसजी

पीएसजी ने अपनी तरफ से वापसी के हर संभव प्रयास किए लेकिन चेल्सी की मजबूत रक्षा पंक्ति के सामने उसकी एक नहीं चली। उसे मैच के अंतिम कुछ मिनट 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने पड़े क्योंकि 84वें मिनट में मार्क कुकुरेला को बाल पकड़कर गिराने के कारण जोआओ नेवेस को लाल कार्ड दिखा कर बाहर कर दिया गया था। इससे पहले टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाली पीएसजी की टीम इस सत्र में लीग 1, कूप दी फ्रांस और अपना पहला चैंपियंस लीग खिताब हासिल करने के बाद अपना चौथा खिताब जीतने की कोशिश में थी। मेटलाइफ स्टेडियम में खेले गए इस फाइनल मैच को देखने के लिए 81,188 दर्शक उपस्थित थे, जिनमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी शामिल थे।

## खबर संक्षेप



### अमुंडी एवियन चैंपियनशिप ग्रेस किम ने जीता खिताब

**एवियन-लेस-बेन्स (फ्रांस)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक अंतिम दौर में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई और दो ओवर 73 का स्कोर बनाकर अमुंडी एवियन चैंपियनशिप में संयुक्त 28वें स्थान पर रहीं। अदिति का कुल स्कोर अंडर 279 रहा। वह शीर्ष 10 खिलाड़ियों में जगह नहीं बना सकी लेकिन इस प्रतियोगिता में उन्होंने अपना दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। वह एक साल पहले इस प्रतियोगिता में संयुक्त 17वें स्थान पर रही थीं। अदिति ने लगातार नौ पार के साथ शुरुआत की और फिर लगातार चार बोगी कीं, जिससे शीर्ष 10 में जगह बनाने की उनकी उम्मीदें धूमिल हो गईं। उन्होंने 17वें और 18वें होल पर बर्डी लगाकर वापसी की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

### फ्रेंचाइजी टूर्नामेंटों के कारण क्रिकेट हुआ अधिक दोस्ताना

**लंदन।** इंग्लैंड के सहायक कोच मार्कस ट्रेस्कोथिक का मानना है कि दुनिया भर में फ्रेंचाइजी टूर्नामेंटों के कारण क्रिकेट अधिक दोस्ताना हो गया है और



लॉर्ड्स टेस्ट में भारत और मेजबान टीम के बीच चल रही कड़ी प्रतिस्पर्धा खेल के लिए अच्छी है। भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे टेस्ट मैच के दौरान दोनों टीम के खिलाड़ियों के बीच शाब्दिक जंग देखने को मिली लेकिन किसी तरह का तनाव पैदा नहीं हुआ और ट्रेस्कोथिक का मानना है कि यह खेल के लिए अच्छा है। ट्रेस्कोथिक ने कहा, 'प्रतिस्पर्धी बने रहने से निश्चित रूप से स्थिति में मदद मिलती है। इससे श्रृंखला का माहौल अच्छा बनता है। पिछले कुछ वर्षों में क्रिकेट थोड़ा ज्यादा दोस्ताना हो गया है क्योंकि खिलाड़ी दुनिया भर में फ्रेंचाइजी टूर्नामेंटों में एक साथ खेलते हैं। कभी-कभी खेल में कुछ नया करना अच्छा होता है।' उन्होंने कहा, 'दोनों टीमें खेल को लेकर जुनूनी हैं और उनके बीच माहौल गर्म होना स्वाभाविक है।'

## भारतीय टीम 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-2 से पीछे

# जडेजा की संघर्षपूर्ण अर्धशतकीय पारी बेकार, इंग्लैंड ने जीता तीसरा टेस्ट

एजेंसी ▶▶| लंदन

लॉर्ड्स टेस्ट मैच में इंग्लैंड के खिलाफ ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने गजब का संघर्ष किया पर वो भारतीय टीम को जीत दिलाने में असफल रहे। टीम इंडिया को तीसरे टेस्ट मैच में 22 रन से हार मिली। भारतीय टीम 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-2 से पीछे हो गई।

भारत को मैच में जीत के लिए 193 रन का लक्ष्य मिला था। टीम इंडिया ने दूसरी पारी में अपने 7 विकेट पर 82 रन पर गंवा दिए थे, लेकिन जडेजा ने निचले क्रम के बल्लेबाजों के साथ मिलकर टीम को 170 के स्कोर तक पहुंचाया। जडेजा दूसरी पारी में 181 गेंदों पर नाबाद 61 रन की पारी खेली। उन्होंने इस दौरान एक छक्का और 4 चौके लगाए। जडेजा ने 9वें विकेट के लिए और 10वें विकेट के लिए बुमराह और सिराज के साथ मिलकर टीम को जीत दिलाने की भरपूर कोशिश की।

### जडेजा की 73 साल बाद लॉर्ड्स में दो हॉफ सेंचुरी

रविंद्र जडेजा ने लॉर्ड्स टेस्ट मैच की पहली पारी में 72 रन बनाए जबकि दूसरी पारी में उन्होंने नाबाद 61 रन बनाए। इसके साथ ही उन्होंने लॉर्ड्स में 73 साल के बाद बतौर भारतीय बल्लेबाज दोनों पारियों में अर्धशतक लगाने का कमाल किया। जडेजा से पहले इस मैदान पर एक टेस्ट की दोनों पारियों में अर्धशतक लगाने का कमाल साल 1952 में वीनू मांकड़ ने किया था।



### मैदान में जडेजा और कार्स की बीच तीखी बहस



भारत और इंग्लैंड के बीच लॉर्ड्स में तीसरा टेस्ट मैच के आखिरी दिन रविंद्र जडेजा और इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स के बीच मैदान पर टक्कर हो गई। इसके बाद बात इतनी बढ़ गई कि दोनों के बीच बहस हो गई। बाद में इंग्लैंड कप्तान बेन स्टोक्स को बीच में आकर मामला शांत कराना पड़ा। ये घटना 35वें ओवर की आखिरी गेंद के बाद हुई। जडेजा ने एक शॉट खेला और रन लेने के लिए दौड़े। उसी समय कार्स भी गेंद की तरफ देख रहे थे और दोनों आपस में टकरा गए। कार्स का गुस्सा आ गया क्योंकि उनका संतुलन बिगड़ गया था। जडेजा को भी चोट लग सकती थी। दोनों के बीच तीखी बहस हुई, जिसके बाद स्टोक्स ने बीच बचाव किया।

### इंग्लैंड में 50 प्लस बनाने वाले तीसरे भारतीय बने जडेजा

जडेजा अब इंग्लैंड में लगातार 4 बार 50+ स्कोर बनाने वाले तीसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। ऋषभ पंत पहले पायदान पर हैं, जिन्होंने साल 2021-25 के बीच लगातार 5 बार यह कारनामा किया है। पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने भी 2002 में 4 बार 50+ स्कोर बनाए थे। इसी तरह जडेजा लॉर्ड्स में टेस्ट की दोनों पारियों में 50+ स्कोर बनाने वाले दूसरे भारतीय हैं। उनसे पहले वीनू मांकड़ ने 1952 में ऐसा किया था। जडेजा ने अपना पहला टेस्ट साल 2012 में इंग्लैंड के खिलाफ ही खेला था। उन्होंने अब तक 83 मुकाबले खेले हैं और इसकी 156 पारियों में 24.94 की औसत से 326 विकेट लेने में सफल रहे हैं।

### स्कोर बोर्ड

भारत पहली पारी: 387
इंग्लैंड दूसरी पारी : 192

| भारत दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| यशस्वी का स्मिथ बो आर्चर | 00 | 7 | 0 | 0 |
| लोकेश राहुल पगबधा बो स्टोक्स | 39 | 58 | 6 | 0 |
| करुण नायर पगबाधा बो कार्स | 14 | 33 | 1 | 0 |
| शुभमन गिल पगबाधा बो कार्स | 06 | 9 | 1 | 0 |
| आकाशदीप बो स्टोक्स | 01 | 11 | 0 | 0 |
| ऋषभ पंत बो आर्चर | 09 | 12 | 2 | 0 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 61 | 181 | 4 | 1 |
| वाशिंगटन सुंदर का एवं बो आर्चर | 00 | 4 | 0 | 0 |
| रेड्डी का स्मिथ बो वोक्स | 13 | 53 | 1 | 0 |
| बुमराह का स्थानापन्न बो स्टोक्स | 05 | 54 | 1 | 0 |
| मोहम्मद सिराज बो बशीर | 04 | 30 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 18
कुल: 74.5 ओवर में सभी विकेट खोकर: 170 रन
गेंदबाजी : वोक्स 12-5-21-1, आर्चर 16-1-55-3, स्टोक्स 24-4 48-3, कार्स 16-2-30-2, रूट 1-0-1-0, बशीर 5.5-1-6-1

## भारत की हार के 5 कारण

भारत भले 5वें दिन मैच हारा हो, लेकिन वह मैच में तभी पीछे हो गया था जब पहली पारी में बढ़त नहीं ले पाया। लॉर्ड्स की पिच आसान नहीं थी। ऐसे में चौथी पारी में किसी भी टीम के लिए कोई भी लक्ष्य आसान नहीं होता। अगर भारत पहली पारी में 25-30 रन की भी बढ़त ले लेता तो इससे बड़ा फर्क पड़ता। ऐसा नहीं था कि भारत बढ़त नहीं ले सकता था। भारत ने पहली पारी में आखिरी 4 विकेट 11 रन पर गंवा दिए।

ऋषभ पंत और केएल राहुल के बीच पहली पारी में 141 रन की साझेदारी हुई थी। तीसरे दिन लंच से ठीक पहले यह साझेदारी टूटी केएल राहुल के शतक पूरा करने के चक्कर में। अच्छी बल्लेबाजी कर रहे पंत रन आउट हो गए। बेन स्टोक्स ने बेहतरीन थ्रो मारा। पंत ने 74 रन बनाए थे। वह थोड़ी देर और बल्लेबाजी कर लेते तो भारत निश्चित रूप से पहली पारी में बढ़त लेने में कामयाब होता।

इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज जेमी स्मिथ ने पहली पारी में 51 रन बनाए। केएल राहुल ने मोहम्मद सिराज की गेंद पर स्लिप में उनका कैच छोड़ा। तब स्मिथ 1 रन पर थे। इसके बाद उन्होंने 50 रन जोड़े। वह जब आउट हुए तब इंग्लैंड का स्कोर 355 तक पहुंच गया था।

भारतीय टीम को 63 अतिरिक्त रन काफी सताएंगे। इंग्लैंड को पहली पारी में 31 रन अतिरिक्त मिले। इसमें 11 बाय, 12 लेग बाय, 5 वाइड और 2 नोबॉल थे। इंग्लैंड को दूसरी पारी में 32 रन अतिरिक्त मिले। 25 बाय, लेग बाय 6 और 1 नोबॉल थे।

भारतीय टीम ने दूसरी पारी में 8वां विकेट 39वें ओवर की तीसरी गेंद पर खोया। इसके बाद रविंद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह ने 132 गेंद पर 35 रन की साझेदारी की। जडेजा ने इस दौरान बड़े शॉट लगाने के प्रयास नहीं किए। बुमराह ने 54 गेंदों का सामना किया। जडेजा ने रन बनाने के प्रयास किए होते तो शायद नतीजा कुछ भी हो जाता। मोहम्मद सिराज के साथ 80 गेंद पर 23 रन की साझेदारी की। जडेजा नाबाद रह गए।

### भारत की विदेशी धरती पर टेस्ट में सबसे करीबी हार

| अंतर (रन से) | विपक्षी टीम | जगह | साल |
| --- | --- | --- | --- |
| 16 रन | ऑस्ट्रेलिया | ब्रिसबेन | 1977 |
| 22 रन | इंग्लैंड | लॉर्ड्स | 2025 |
| 31 रन | इंग्लैंड | बर्मिंघम | 2018 |
| 38 रन | ऑस्ट्रेलिया | एडिलेड | 1992 |
| 38 रन | वेस्टइंडीज | बारबाडोस | 1997 |

## सात्विक-चिराग की निगाह खिताब सिंधु-लक्ष्य की फॉर्म में वापसी पर

एजेंसी ▶▶| टोकियो

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार से शुरू हो रहे जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपने अच्छे प्रदर्शन को जारी रखने और खिताबी सूखे को खत्म करने की कोशिश करेगी। वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज सात्विक और चिराग की जोड़ी इस सत्र में तीन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंची है। इसके अलावा उन्होंने पिछले महीने इंडोनेशिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में भी जगह बनाई थी लेकिन इस सत्र में अभी तक खिताब नहीं जीत पाए हैं। जनवरी में मलेशिया और इंडिया ओपन के



सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद यह स्टार जोड़ी सात्विक की स्वास्थ्य समस्याओं और चिराग की पीठ की चोट के कारण कई सप्ताह तक बाहर रही। उन्होंने पूरी तरह से फिट होने के बाद अच्छी वापसी की तथा सिंगापुर ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई और इंडोनेशिया में क्वार्टर फाइनल में पहुंचे। जापान ओपन में यह जोड़ी अपने अभियान की शुरुआत कोरिया के कांग मिन ह्युक और की डोंग जू के खिलाफ करेगी।

## महिला विश्व कप : दिव्या हम्पी अंतिम-16 में

**बातुमी (जॉर्जिया)।** महिला ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख और ग्रैंडमास्टर बनने वाली देश की पहली महिला खिलाड़ी कोनेरू हम्पी ने यहां विपरीत अंदाज में फिडे महिला विश्व कप शतरंज टूर्नामेंट के अंतिम-16 में जगह बनाई। दिव्या को अंतिम 16 में पहुंचने के लिए आधा अंक की जरूरत थी, जो उन्होंने सर्बिया की टेओडोरा इंजाक के खिलाफ ड्रॉ खेल कर हासिल कर लिया लेकिन हम्पी को पोलैंड की कुलोन क्लॉडिया को हराने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी। भारत की जहां दो खिलाड़ियों ने अंतिम 16 में अपनी जगह पक्की कर



ली है वहीं तीन अन्य भारतीय खिलाड़ी डी. हरिका, वंतिका अग्रवाल और आर वैशाली भी अंतिम-16 में जगह बना सकती हैं, लेकिन यह सब टाईब्रेकर में उनके प्रदर्शन पर निर्भर करेगा। ग्रैंडमास्टर हरिका ने यूनान की त्सोलाकिडोउ स्टावरौला के साथ लगातार ड्रॉ खेलकर खुद को प्री-क्वार्टर फाइनल की दौड़ में बनाए रखा, जबकि वंतिका रूस की कैटरीना लागनो पर पहले दौर की जीत के बाद दूसरे दौर में हार गई जिससे स्कोर बराबर हो गया। इस प्रतियोगिता में विजेता को 50,000 अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि मिलेगी।

## एमएलसी ट्रॉफी : एमआई न्यूयॉर्क ने वाशिंगटन फ्रीडम को हराया, खिताब किया अपने नाम

एजेंसी ▶▶| डलास (अमेरिका)

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक के शानदार अर्धशतक की मदद से एमआई न्यूयॉर्क ने ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में खेले गए फाइनल में वाशिंगटन फ्रीडम को पांच रन से हराकर तीन साल में अपनी दूसरी मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) ट्रॉफी जीती। डी कॉक की 46 गेंदों पर छह चौकों और चार छक्कों की मदद से खेली गई 77 रन की पारी की बदौलत आईपीएल फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस के स्वामित्व वाली एमआई न्यूयॉर्क ने 20 ओवर



में सात विकेट पर 180 रन का चुनौती पूर्ण स्कोर बनाया। इसके जवाब में न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र के तेज तर्रार 70 रन (41 गेंद) और उनके हमवतन ग्लेन फिलिप्स के नाबाद 48 रन के बावजूद वाशिंगटन फ्रीडम की टीम चार विकेट पर 175 रन ही बना सकी। यह मुंबई इंडियंस का विश्व स्तर पर 13वां और 2025 में तीसरा खिताब है। इससे पहले इस साल की शुरुआत में एमआई केपटाउन की टीम एसए20 और मुंबई इंडियंस की महिला टीम महिला प्रीमियर लीग में चैंपियन बनी थी।


**बिहार सरकार**

**समाहरणालय, दरभंगा**
(मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग)

**अति अल्पकालीन नोटिस–सह–आम नीलामी सूचना**
(बिहार मद्य–निषेध और उत्पाद अधिनियम–2016 (यथा संशोधित अधिनियम–2018/2022) के अन्तर्गत जप्त एवं अधिहरित वाहनों के वाहन स्वामियों के लिए अल्पकालीन सूचना)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम, के अधीन दरभंगा जिला के अन्तर्गत विभिन्न थाना काण्डों में जप्त वाहनों को समाहर्त्ता–सह–जिला दण्डाधिकारी, दरभंगा/प्राधिकृत न्यायालय द्वारा राज्यसात किया गया है। जिसमें निम्नलिखित वाहनों के स्वामी को सूचित किया जाता है की आपके वाहन की नीलामी, नीलामी कमिटी द्वारा **डा0 भीमराव अम्बेदकर सभागार, समाहरणालय परिसर, लहेरियासराय, दरभंगा** में दिनांक **07.08.2025** को **10:30** बजे पूर्वाह्न से की जाएगी। आप अपना पक्ष रखने हेतु दिनांक **01.08.2025** तक जिला विधि प्रशाखा, दरभंगा, बिहार/कार्यालय सहायक आयुक्त मद्यनिषेध, दरभंगा, बिहार में उपस्थित हो कर वाहन विमुक्ति हेतु आवेदन समर्पित कर सकते हैं। यदि आप निर्धारित तिथि तक उपस्थित नहीं होते हैं तो यह माना जाएगा की आप अपना वाहन छुड़ाने के इच्छुक नहीं हैं और आपके वाहन को उल्लिखित तिथि को निम्न तालिका के अनुसार नीलाम कर दिया जाएगा। वाहनों की सूची निम्नवत है:–

मध्य प्रदेश राज्य

| क्र0 | अधिहरण वाद संख्या | विभाग/थाना का नाम एवं कांड संख्या | वाहन का प्रकार | वाहन का निबंधन संख्या/चेचिस संख्या/ईंजन संख्या | निर्माण वर्ष | निर्धारित मूल्य | वाहन स्वामी की विवरणी |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 | 08 |
| 01 | 109/2024 | LNMU 97/2023 | WAGON R CAR | MP04CC-1418 N.A. N.A. | 2008 | 16000 | R.S CHAUDHARY, S/O - LATE RAJESHWAR CHAUDHARY, AT -23/3 GEETANJALI APARTMENT, CENTRAL BANK OFFICER, MADHYA PRADESH |

नीलामी की विस्तृत विवरणी (वाहनों की सूची/न्यूनतम निर्धारित मूल्य/अग्रधन राशि एवं अन्य जानकारी) **www.darbhanga.bih.nic.in** पर देखी जा सकती है।
विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No.008489 (Excise) 2025-26

समाहर्त्ता, दरभंगा

नशे से बनानी दूरी है, क्योंकि परिवार जरूरी है।


## वेस्टइंडीज-ऑस्ट्रेलिया तीसरा टेस्ट : ऑस्ट्रेलिया ने 181 रन की बढ़त हासिल की

# वेस्टइंडीज की आक्रामक गेंदबाजी के सामने नहीं टिक पाए कंगारू

एजेंसी ▶▶| किंग्स्टन (जमैका)

कैमरन ग्रीन की नाबाद पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन वेस्टइंडीज की आक्रामक तेज गेंदबाजी के सामने 99 रन पर छह विकेट गंवाने के बावजूद कुल 181 रन की बढ़त हासिल कर ली। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय ग्रीन 42 रन बनाकर खेल रहे थे। उनके साथ दूसरे छोर पर कप्तान पैट कमिंस पांच रन बनाकर खेल रहे हैं। तीनों सत्र में तेज गेंदबाजों का दबदबा रहा और दोनों टीमों के 15 विकेट गिरे।

### खराब रही ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी की शुरुआत

ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजों ने रात्रि टेस्ट मैच में इससे पहले वेस्टइंडीज को पहली पारी में 143 रन पर आउट करके अपनी टीम को 82 रन की बढ़त दिला दी थी। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 225 रन बनाए थे। ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी की शुरुआत अच्छी नहीं रही तथा उन्हें तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ (19 रन देकर तीन विकेट) और शमर जोसेफ (26 रन देकर दो विकेट) की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। शमर जोसेफ़ ने दूसरे ओवर में सैम कोंस्टास (00) आउट कर दिया, जिससे ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी का पतन शुरू हो गया।



### कोंस्टास का प्रदर्शन निराशाजनक

19 वर्षीय कोंस्टास का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। उन्होंने छह पारियों में 50 रन बनाए हैं। उस्मान ख्वाजा (14) और स्टीव स्मिथ (05) दोनों नहीं चल पाए और बोल्ड होकर पवेलियन लौटे। इसके बाद अल्जारी जोसेफ ने 21वें ओवर में ब्यू वेबस्टर (13) और एलेक्स कैरी (00) को आउट करके ऑस्ट्रेलिया का स्कोर छह विकेट पर 69 रन कर दिया।

### नहीं चल पाए वेस्टइंडीज के बल्लेबाज

इससे पहले वेस्टइंडीज के बल्लेबाज भी नहीं चल पाए। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड ने 34 रन देकर तीन जबकि जोश हेज़लवुड तथा पैट कमिंस ने दो-दो विकेट लिए, जिससे वेस्टइंडीज अपनी पहली पारी में सिर्फ़ 52 ओवर में ही आउट हो गया। वेस्टइंडीज की तरफ से जॉन कैम्पबेल ने सर्वाधिक 36 रन बनाए जबकि शाई होप (23) 20 रन की संख्या पार करने वाले दूसरे बल्लेबाज रहे।

# आलू के गुटके, भट्ट की चाट, चैंसू, छांच गोश्त, पहाड़ी मुर्ग टिक्का का लुत्फ उठा सकेंगे शहरवासी



## ताज लेकफ्रंट में गढ़वाली फूड फेस्टिवल द हिमालयन ट्रेल्स कल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आलू के गुटके, भट्ट की चाट, चैंसू, गढ़वाली राजमा, छांच गोश्त, पहाड़ी मुर्ग टिक्का तथा मिठाइयों में बाल मिठाई, पहाड़ी सेवईं और पहाड़ी चॉकलेट मिठाई जैसे व्यंजनों का नाम सुनते ही मुंह में पानी आ जाए... पहाड़ों के स्वादों के एक अदभुत जायके का लुत्फ लिया जा सकेगा ताज लेकफ्रंट में, क्योंकि ताज लेकफ्रंट लेकर आ रहा है एक विशेष रूप से तैयार किया गया गढ़वाली फूड फेस्टिवल द हिमालयन ट्रेल्स। यह फूड फेस्टिवल 16 जुलाई से 20 जुलाई तक होटल के ऑल-डे डाइनिंग रेस्टोरेंट, मचान में शाम 7.30 बजे से डिनर में आयोजित किया जाएगा।

### उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक और स्वाद परंपरा का



इस फेस्टिवल का नेतृत्व करेंगे गेस्ट शेफ जयवीर सिंह, जो ताज आनंद काशी से आ रहे हैं। शेफ जयवीर हिमालयी क्षेत्र गढ़वाल की परंपरागत रेसिपी और पीढ़ियों से चली आ रही पाक कला को लेकर आ रहे हैं, ताकि मेहमानों को उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक और स्वाद परंपरा का सच्चा अनुभव मिल सके। इस फूड फेस्ट के हर व्यंजन मे देखने को मिलेगी उत्तराखंड की प्रकृति, संस्कृति और सादगी।

### पहाड़ियों की रसोई से प्रेरित एक अविस्मरणीय पाक अनुभव

इस अवसर पर विशाल शर्मा, क्लस्टर जनरल मैनेजर – ऑपरेशन्स एवं जनरल मैनेजर, ने कहा है द हिमालयन ट्रेल्स हमारे लिए गढ़वाल क्षेत्र की पाक विरासत को सम्मान देने का माध्यम है। इस क्षेत्र की रसोई की सादगी, गर्मजोशी और परंपरागत गहराई ताज की आत्मीय मेजबानी के साथ पूर्णतः मेल खाती है। चाहे आप एक फूडी हों या सांस्कृतिक स्वादों के खोजी, द हिमालयन ट्रेल्स आपको देगा पहाड़ियों की रसोई से प्रेरित एक अविस्मरणीय पाक अनुभव।



# मेरी दादी और मां एक मजबूत इरादों वाली महिलाएं, जिन्होंने अपने शब्दों पर नियंत्रण रखने की दी सीख

हरिभूमि चर्चा

सोनी सब के 'उफ्फ ये लव है मुश्किल' में वकील की भूमिका निभा रहे रजत दहिया से खास बातचीत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मैंने इंजीनियरिंग की डिग्री ली है, लेकिन इस सीरियल में मैं एक वकील का किरदार निभा रहा हूं, जो मेरे लिए मुश्किल कार्य नहीं था, क्योंकि मेरी परवरिश मेरी दादी और मां जैसी मजबूत इरादों वाली महिलाओं ने की है। तो कब बोलना है और कब चुप रहना है, ये समझ मुझमें उनके द्वारा डवलप हुई और बस इस किरदार के लिए मैंने अपने शब्दों में तीक्ष्णता और नियंत्रण को जोड़ दिया। जैसे ही मैंने स्क्रिप्ट पढ़ी, इस किरदार में कुछ जाना-पहचाना सा महसूस हुआ। एक वकील के तौर पर उसमें आकर्षण, चतुराई और माइंड गेम्स की झलक को मैं बखूबी निभाता हूं और इसके लिए काफी प्रेक्टिस भी करता हूं। यह कहना है सोनी सब के 'उफ्फ ये लव है मुश्किल' में चालाक वकील की भूमिका निभा रहे रजत दहिया से खास बातचीत...

### ये सिर्फ एक किरदार है, एक ऑफिस की तरह है आना, एक्ट करना, और जाना

मुझे लगता है कि रियल लाइफ में विक्रम के जैसा आत्मविश्वास से भरा हुआ एक निडर व्यक्ति हूं। लेकिन विक्रम बदले के लिए जितनी दूर तक जा सकता है, उससे मैं सहमत नहीं हूं। वो किसी एक से बदला लेने के लिए सब कुछ जला देने को तैयार होता है जो मेरे लिए संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि इस किरदार के लिए मैंने खुद को काफी तैयार किया। शूट के पहले और बाद में जब आईने में खुद को देखता हूं, तो समझ जाता हूं कि ये सिर्फ एक किरदार है। मेरे लिए यह एक ऑफिस की तरह है आना, एक्ट करना, और जाना।

### शब्बीर का साथ सगे भाई के साथ काम करने जैसा

उन्होंने कहा, शब्बीर के साथ काम करना जैसे किसी सगे भाई के साथ काम करना हो। कोई कोर्ट रूम ड्रामा नहीं, बस अच्छी वाइब्स, चाय और शूट्स के बीच ढेर सारी हंसी। बाकी कास्ट भी कमाल की है। बेहद मजेदार और सच्चे लोग। शूटिंग के पहले दिन को याद करते हुए उन्होंने कहा कि मुझे याद है मेरा पहला शॉट। मैं सच में खोया हुआ था दिमागी तौर पर भी और लोकेशन पर भी। एक नया कोर्ट रूम सेट, 10 पन्नों के डायलॉग, और एक अहंकारी किरदार में उतरना। लेकिन कुछ था उस पल में, सब क्लिक कर गया। उसी पल मुझे विक्रम मिला।

## हिंदी भवन में मासिक काव्य गोष्ठी

# तेरी झील-सी आंखों-सा, बड़ा ताल हो जाऊं, बन जा तू हृदय राजधानी, मैं भोपाल हो जाऊं....



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

तेरी झील-सी आंखों-सा, बड़ा ताल हो जाऊं , तू बन जाए हृदय की राजधानी तो मैं भोपाल हो जाऊं....भोपाल के प्रति अपने प्रेम को काव्य के रुप में प्रस्तुत किया अखिलेश लोधी ने।

मौका था निर्भया साहित्यिक सामाजिक एवं महिला कल्याण संस्थान की मासिक काव्य गोष्ठी का। हिंदी भवन में आयोजित इस गोष्ठी का सुंदर सरस संचालन नीता सक्सेना ने किया। इस अवसर पर डॉ. मीनाक्षी दुबे को निर्भया सम्मान से सम्मानित किया गया। सरस गोष्ठी में पुरुषोत्तम साहित्यार्थी ने पढ़ा, वेदनाओं का विवर्तन, शून्यवत अभिशप्त चिंतन, है निराशा-सा प्रवर्तन शिथिल है तन, व्यथित है मन...., बिहारीलाल सोनी ने सुनाया वर्षा का मौसम आया, अवनी का मन मुस्काया..., दिनेश मकरंद ने पढ़ा बहार आई पतझड़ का अंत होना चाहिए...., वीणा विद्या ने पढ़ा चेहरा दर्पण है तू, मेरे दिल की धड़कन है तू..... डॉ. राजेश तिवारी ने अपनी कविता में ग्रामीण परिवेश को बहुत ही सुन्दर भावपूर्ण तरीके से अभिव्यक्त किया।

### प्रेम का ये गणित क्या समझ पाओगे, मैं पढ़ाते-पढ़ाते थका राधिके....

कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए प्रमिला झरबड़े मीता ने पढ़ा तपती किरणें सूर्य की, देती है सौगात, नभ में छाते मेघ है, होती है बरसात....., प्रियंका श्रीवास्तव ने पढ़ा देखो सावन फिर से आया, पाहुन बन धरणी पर छाया...., आशा श्रीवास्तव ने पढ़ा बरस गई बुंदिया, आज मोरे अंगना, लिखन लगी पतियां सांझ गए सजना...., धर्मेंद्र सोलंकी ने पढ़ा जला-जला सा, किसी बला सा, सूरज आंख दिखाता है, धरती रोती पर ये उसके तन को झुलसाता है...., वहीं चंद्रभान सिंह ने पढ़ा प्रेम का ये गणित क्या समझ पाओगे, मैं पढ़ाते-पढ़ाते थका राधिके....।

## दुष्यंत संग्रहालय में 'प्रणाम पावस' का आयोजन

# भरे लबालब आज हैं सारे पोखर-ताल हरियाली आ गई अपने घर भोपाल..

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



भरे लबालब आज हैं सारे पोखर ताल, हरियाली भी आ गई अपने घर भोपाल... सावन को याद करते हुए जब वरिष्ठ साहित्यकार मनीष बादल ने उपरोक्त दोहा पढ़ा तो संपूर्ण सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

■ कवियों ने प्रस्तुत किए वर्षा गीत

सोमवार को दुष्यन्त कुमार संग्रहालय में प्रणाम पावस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्वालियर के जगत शर्मा ने की। वहीं, साधना बलवटे के मुख्य आतिथ्य और नुसरत मेहंदी, महेश अग्रवाल, ममता वाजपेई और विकास दवे के विशिष्ट आतिथ्य में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

### सावन में तेरा आना, ज्यों रामराज का आ जाना...



गोष्ठी का प्रारंभ अंशु वर्मा के गीत से हुआ, जिसमें उन्होंने पढ़ा गली- गली ने शोर मचाया है, जिसको देखें उसके सिर पे सावन छाया है। वहीं कुमार चंदन ने पढ़ा नेह की बदरिया, नेह की वादियां, तृप्त हो रही क्यारियां-क्यारियां। बुंदेली रस घोलते हुए आशा श्रीवास्तव ने पढ़ा बरस गई बुंदिया, आज मोरे अंगना। रामराज को सावन से जोड़ते हुए मीनाक्षी दुबे ने पढ़ा मांगा हो जब मूल, मूल के साथ ब्याज का आ जाना, सावन में तेरा आना ,ज्यों रामराज का आ जाना।

### चमक रही ज्यों जल की बूंदें, मोती बिखरे बाल में...

नव गीतकार मनोज जैन मधुर ने तरन्नुम में पढ़ा सावन ऐसा बरसे, मन सरसे, तन सरसे सावन ऐसा बरसे। ललित व्यास ने ऐसा ही एक मौसम जब घटा अंधेरी छाई थी पढ़ा। वहीं दोहे के सिलसिले को जारी रखते प्रमिला झरबड़े ने पढ़ा, चमक रही ज्यों जल की बूंदें मोती बिखरे बाल में, मन करता है रख लूं इनको सोने के एक थाल में। सुरेश पबरा ने घिरते पावस पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा जगह-जगह से टपक रहा है कलुआ का घर बारिश में, डर है उसको गिर ना जाए घर का छप्पर बारिश में।

## सदाबहार गीतों की धुन से सजा संगीतमय कार्यक्रम

# हमारा मधुबन के गाओ री झूमके...पर झूमे श्रोता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार के एक निजी होटल में हमारा मधुबन संस्था ने गाओ री झूमके....कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रथम गीत संजय सपरे तुमसे अच्छा कौन है...., मासूसुधन और ज्योत्सना दातार तेरे होठों के फूल....,प्रदीप शर्मा और सारिका ने हम थे जिनके सहारे...., जैसे गीतों को अपने बोल दिए और समा को मनभावन बना दिया।

### कभी भूला कभी याद.... और जानम देख लो....जैसे गीत रहे खास



भूषण शिंदे ने जानम देख लो...., अभय बापट और रेखा ने जहां मैं जाती हूं वहीं चले आते हो...., शालिनी और प्रूफेल ने रिमझिम के गीत सावन.... जैसे हिंदी फिल्मी सदाबहार गीतों की झड़ी लगा दी। कार्यक्रम की संयोजक सारिका सप्रे ने बताया हमारी संस्था में गीतों से सजी सुहानी शाम का आयोजन ऐसे ही खास अवसरों पर किया जाता है।

# शेखर ने कला अकादमी और मंजूषा ने तुलसी शोध संस्थान में उपनिदेशक का पदभार किया ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वरिष्ठ गायक कलाकार शेखर करहाडकर ने सोमवार को उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी में उपनिदेशक का पदभार ग्रहण किया। मप्र संस्कृति परिषद की ओर से जारी आदेश के अनुसार करहाडकर के पास अकादमी के संगीत प्रभाग के अंतर्गत संचालित तानसेन कला वीथिका ग्वालियर का दायित्व भी है। वहीं इंदौर की मंजूषा राजस जौहरी को तुलसी शोध संस्थान चित्रकूट का उपनिदेशक नियुक्त किया गया। दोनों ही पदाधिकारी को उप संचालक मप्र संस्कृति परिषद डॉ. पूजा शुक्ला ने पदभार सौंपा। इस मौके पर साहित्य अकादमी निदेशक डॉ. विकास दवे के सहित बड़ी संख्या में संगीत प्रेमी उपस्थित हुए।



## संस्कार भारती की सक्रिय प्रोफेशनल युवा कलाकारों की विशेष परिचय बैठक



# दृश्य कला केवल सृजन का माध्यम नहीं बल्कि रोजगार सृजन का सशक्त क्षेत्र भी है...

## विविध क्षेत्रों से जुड़े विशेषज्ञ कलाकारों ने लिया भाग, रखी अपनी बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संस्कार भारती, दृश्य कला विभाग, मध्य भारत प्रांत द्वारा राजधानी के योगेंद्र सभागार, तुलसी नगर में दृश्य कला से जुड़ी विभिन्न विधाओं के प्रोफेशनल कलाकारों की विशेष परिचय बैठक रखी गई। संयोजन युवा चित्रकार प्रदीप पटेल का था, जबकि रूपरेखा एवं अतिथि परिचय संस्कार भारती के कार्यकर्ता संदीप तिवारी ने प्रस्तुत किया।

### कल्याणकारी उद्यम की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं युवा

बैठक में अमरजीत श्रीवास्तव प्रांत संयोजक (दृश्य कला विभाग) ने संस्कार भारती की स्थापना से लेकर वर्तमान तक की यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने उपस्थित कला साधकों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए यह भी बताया कि दृश्य कला क्षेत्र में रोजगार की असीम संभावनाएं हैं, जिनसे आज का युवा जुड़कर स्वरोजगार और कल्याणकारी उद्यम की दिशा में कदम बढ़ा सकता है।

### युवाओं को मार्गदर्शन और मंच प्रदान करने की आवश्यकता

बैठक में कई कलाओं के विशेषज्ञ कलाकारों ने भाग लिया और अनुभव साझा किए। बैठक में यह भावना भी उभरकर सामने आई कि दृश्य कला केवल सृजन का माध्यम नहीं, बल्कि रोजगार सृजन का सशक्त क्षेत्र भी है। आवश्यकता है तो बस युवाओं को सुनियोजित मार्गदर्शन और संरचनात्मक मंच प्रदान करने की।

# अभिनेता की विकसित होने वाली एक अनुभूति हैं स्वर और ताल

## थियेट्रिक्स 26: आज से 20 तक होगी कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



राजधानी की प्रमुख रंग संस्था विहान ड्रामा वर्क्स अपनी चर्चित कार्यशाला श्रृंखला थियेट्रिक्स की छब्बीसवीं कड़ी के रूप में एक विशेष कार्यशाला नाट्यध्वनिः स्वर और ताल के प्रयोगधर्मी अभ्यास का आयोजन कर रही है। यह छह दिवसीय कार्यशाला 15 से 20 जुलाई तक आयोजित की जाएगी। थियेट्रिक्स, विहान की एक सतत रंगमंचीय पहल है, जो युवाओं और रंगकर्मियों को थिएटर की बुनियादी समझ जैसे अभिनय, ध्वनि, शरीर, कल्पना, संवाद और आहार्य से व्यवहारिक रूप से जोड़ने का प्रयास करती है। इस बार की कार्यशाला रंगमंच में स्वर, ताल और ध्वनि की अभिनयात्मक संभावनाओं पर केंद्रित है।

### शरीर, श्वांस और चुप्पियों से संवाद करते हुए मंच पर आकार लेती ...

यह कार्यशाला इस सोच से रची गई है कि स्वर और ताल केवल तकनीकी अभ्यास नहीं, बल्कि अभिनेता के भीतर विकसित होने वाली एक अनुभूति हैं जो शरीर, श्वांस और चुप्पियों से संवाद करते हुए मंच पर आकार लेती हैं। कार्यशाला में प्रतिभागी शारीरिक स्वर, श्वास की लय, चुप्पियों की ध्वनि और समूहिक स्वर संरचना जैसे आयामों पर अभ्यास करेंगे। इस विशेष कार्यशाला का मार्गदर्शन प्रख्यात रंगकर्मी एवं प्रशिक्षक हेमंत देवलकर करेंगे, जिन्होंने रंगमंच में ध्वनि, गीत-संगीत और अभिनय की शारीरिकता पर गंभीर और उल्लेखनीय कार्य किया है।




## स्वर और शब्दों की मधुर छाया में भीगी स्वरांजलि की संगीत संध्या

# ख्याल और गजल गायन ने कराया सुरों की एक अद्भुत यात्रा का अहसास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रिमझिम फुहारों के बीच जब प्रकृति अपनी छटा बिखेर रही है, तब आकाशवाणी भोपाल की मासिक श्रृंखला स्वरांजलि ने इस सुहावने मौसम की रुमानियत को और भी सजीव कर दिया। स्वरांजलि के इस विशेष कार्यक्रम में शास्त्रीय ख्याल गायन और गजल गायन ने श्रोताओं को सुरों की एक अद्भुत यात्रा पर ले चलने का कार्य किया। कार्यक्रम की प्रथम कड़ी में गायिका जयश्री सवागुंजी ने राग सुर मल्हार की प्रस्तुति देकर वर्षा ऋतु के सौंदर्य को सुरों में बांध दिया। आपने एक ताल में निबद्ध बंदिश घनन घनन गरजत अम्बरवा तथा तिल ताल मध्यलय में बंदिश बरसान लागी बदरिया प्रस्तुत की। उनकी प्रस्तुति ने उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।




### उंगलियां थाम के खुद चलना...



कार्यक्रम की दूसरी कड़ी में आकाशवाणी के उमेश भट्ट ने अपनी सजीव गजल गायकी से श्रोताओं को भावनाओं की गहराइयों में डुबो दिया। उनकी सईद राही की लिखी गजल पर मेरे जैसे हो जाओगे जब इश्क तुम्हें हो जाएगा... गजल ने श्रोताओं को गजल की महफिल में जैसे खो जाने को विवश कर दिया। आपने कृष्ण कुमार नाज की गजल क्या हुआ जो तुमको चेहरा बदलना आ गया.... और कुंवर बैचेन रचित गजल उंगलियां थाम के खुद चलना... को श्रोताओं ने खूब दाद दी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930